सुप्रभात
रांची, गुरुवार
01.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 199

12 सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट

## न्यूज डायरी

### धालभूमगढ़ में दो महिला को तलवार से काट डाला

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले में दो महिला की तलवार से काटकर हत्या कर दी गयी है। एक युवक और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना जिले के धालभूमगढ़ थाना अंतर्गत जूनबनी पंचायत के रघुनाथडीह गांव में हुई।

### गोड्डा : तीसरे शिक्षक की भी इलाज के दौरान मौत

**गोड्डा।** पोड़ैयाघाट के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चतरा में प्रेम प्रसंग में शिक्षक रवि रंजन ने मंगलवार को अंधाधुंध फायरिंग कर दो शिक्षकों को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद खुद को भी गोली मार ली। इलाज के दौरान रवि रंजन की भी बुधवार को मौत हो गयी।

### बारामूला : वाहन खाई में गिरा, आठ की मौत

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गयी और 7 अन्य लोग घायल हैं। उरी जा रहा वाहन खराब मौसम के कारण दोपहर में बुजीथला के पास सड़क से खाई में जा गिरा।

### दाहू के बेटे राहुल की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** साहिबगंज में अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत याचिका ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी। इससे पहले दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था।

### खूंटी : तीन से देश भर के कृषि वैज्ञानिकों का जुटान

**खूंटी।** जिले के तोरपा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में तीन से पांच फरवरी तक देश भर के कृषि वैज्ञानिकों का जुटान होगा। तीन फरवरी से शुरू हो रहे पूर्वी क्षेत्र किसान मेला में नौ राज्यों के किसान भी भाग लेंगे। मेला का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा तीन फरवरी को करेंगे।

### उत्तर भारत में फिलहाल कोल्ड डे की स्थिति नहीं

**नयी दिल्ली।** अगले 5 दिनों के दौरान देश के किसी भी हिस्से में कोल्ड डे की स्थिति नहीं होगी। वहीं इस दौरान पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली में हल्की या मध्यम या छिटपुट से लेकर काफी व्यापक वर्षा हो सकती है। पिछले 123 साल में जनवरी में दूसरी बार उत्तर भारत में सबसे कम वर्षा हुई।

### जनवरी में 10.4 फीसदी बढ़ा जीएसटी कलेक्शन

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# हेमंत का इस्तीफा, चंपई सोरेन को कमान

## इडी अपने साथ हेमंत को लेकर राजभवन पहुंची, गठबंधन ने 47 विधायकों का हस्ताक्षरयुक्त पत्र राज्यपाल को सौंपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक गहमागहमी के बीच बुधवार की शाम करीब साढ़े 8 बजे हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसके कुछ देर बाद ही केंद्रीय जांच एजेंसी (इडी) ने उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही। इडी की हिरासत में ही सोरेन राजभवन पहुंचे और इस्तीफा दे दिया। इसके बाद इडी की टीम सोरेन को अपने दफ्तर ले गयी। इडी ने सीएम दफ्तर में उनसे दोपहर करीब डेढ़ बजे पूछताछ शुरू की थी और छह घंटे तक लंबी पूछताछ की। अब हेमंत सोरेन के करीबी चंपई सोरेन झारखंड के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें हेमंत सोरेन से पूछताछ के बीच विधायक दल का नेता चुना गया और इससे जुड़ा पत्र लेकर सभी विधायक तीन बसों से राजभवन पहुंचे। पत्र पर 47 विधायकों का हस्ताक्षर हैं।

शाम में ही सत्तारूढ़ महागठबंधन (झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजदा) के नेताओं ने कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन को अपना नेता चुन लिया है। शाम को ही सत्तारूढ़ विधायक राजभवन पहुंचे, लेकिन, उन्हें बाद में बाहर जाने के लिए कह दिया गया। थोड़ी ही देर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी राजभवन पहुंचे। उन्होंने राजभवन के बाहर अपनी कार से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। गठबंधन के विधायक भी राजभवन पहुंचे। गिरफ्तारी से कुछ समय पहले झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी सीएम मुख्यालय पहुंचे। वहां सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त थे। रांची में पुलिस को अलर्ट रखा गया है। ईडी दफ्तर, राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय के पास धारा 144 जारी है।

**सीएम आवास से बस से निकले थे विधायक :** सीएम आवास से महागठबंधन के सभी विधायक बस से राजभवन के लिए निकले थे। उनमें मिथिलेश ठाकुर, दीपिका पांडे, अंबा प्रसाद, मथुरा महतो व अन्य विधायक थे। इससे पहले कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के गेट नंबर दो से दो टूरिस्ट बसें सीएम आवास के अंदर घुसी थी। उन्हीं बसों में बैठकर विधायक राजभवन के लिए गये थे। सीएम के साथ ही गठबंधन के विधायक राजभवन परेड के लिए जाना चाह रहे थे, परंतु उन्हें भीतर जाने की अनुमति नहीं मिली और बाहर में ही रोक दिया गया। इसके बाद विधायक समेत झामुमो कार्यकर्ता बाहर में हंगामा करने लगे।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को इस्तीफा सौंपते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। साथ में हैं मंत्री चंपई सोरेन, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, प्रदीप यादव और विनोद सिंह।

### चंपई सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने का दावा

**राजभवन** से निकलने के बाद विधायक दल के नेता चुने गये चंपई सोरेन ने मीडिया को बताया कि राज्यपाल को 47 विधायकों के हस्ताक्षर का समर्थन पत्र दे दिया गया है। राज्यपाल से नयी सरकार के गठन का दावा पेश किया गया है। राज्यपाल ने विधायकल दल के नेता से कहा कि समर्थन पत्र देखने के बाद वह सरकार बनाने का न्योता देंगे। सभी विधायक राजभवन जाना चाहते थे, पर अनुमति नहीं मिली। सीएम के अलावा चंपई समेत पांच विधायक राजभवन गये और राज्यपाल को नयी सरकार के गठन के लिए दावा पत्र प्रस्तुत किया। राज्यपाल से मिलने वालों में चंपई सोरेन समेत आलमगीर आलम, प्रदीप यादव, विनोद सिंह और सत्यानंद भोक्ता शामिल थे।



### इडी ने सीएम से सात घंटे की पूछताछ

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से करीब छह घंटे की पूछताछ के बाद इडी के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लेने की बात कही। इससे पूर्व दोपहर के 1.18 बजे इडी की टीम पूरे लाव लस्कर के साथ कांके रोड स्थित सीएम आवास उनसे पूछताछ करने पहुंची थी। दस वाहनों से सीआरपीएफ और सीआइएसएफ के साथ इडी के अधिकारी सीएम आवास पहुंचे थे। हालांकि इडी के अधिकारियों की तीन गाड़ियां अंदर गयी। बाकी गाड़ियों जिनमें सीआरपीएफ और सीआइएसएफ के जवान थे, उन्हें बाहर ही रोक दिया गया। पिछली बार की तरह इस बार भी इडी की टीम हाई टेक्नोलॉजी गैजेट्स से लैस होकर सीएम हाउस पहुंची थी। इडी की टीम की तरफ से आये लोग वीडियो रिकॉर्डिंग भी कर रहे थे। सीएम आवास में पहुंचने के बाद ईडी के अधिकारियों ने सीएम से पूछताछ शुरू कर दी थी।

### जब, सीएम आवास में पहुंची दो बसें

एक ओर जहां, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की टीम पूछताछ कर रही थी। वहीं दूसरी ओर सीएम आवास में 2 ट्रेवलर बसों का प्रवेश हुआ था। दोनों ट्रेवलर बसों को मुख्यमंत्री आवास के पीछे गेट से अंदर लाया गया था। दोनों बसें विधायकों से भरी थी।

**दीन दयाल नगर स्थित कैंप जेल में रहेंगे हेमंत :** हेमंत सोरेन को जेल नहीं ले जाया जायेगा। फिलहाल श्री सोरेन को रखने के लिए दीन दयाल नगर में कैम्प जेल बनाया गया है। सीएम हेमंत सोरेन को वहीं रखने की बात है। यह सरकारी आवास है और राज्य के पुलिस पदाधिकारी रहते थे। गिरफ्तारी के पूर्व इसकी साफ-सफाई करायी गयी है। इसके बाद इसे कैंप जेल में तब्दील कर दिया गया है।

**कल्पना सोरेन की थी चर्चा :** चंपई सोरेन से पहले हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का नाम सीएम की रेस में था, हालांकि कल्पना को लेकर परिवार में ही विरोध के स्वर उठने लगे थे। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने खुले तौर पर कहा कि वह कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने के किसी भी कदम का विरोध करेंगी। सीता सोरेन शिबू सोरेने के बड़े बेटे दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं।

**कोर्ट में किया गया पेश, रात भर इडी ऑफिस में रहे :** इडी के अधिकारियों ने हेमंत सोरेन को देर रात इडी कोर्ट में पेश किया। पेशी के बाद उन्हें इडी के ऑफिस ले जाया गया। उनके पीछे हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी अपने बच्चों के साथ इडी दफ्तर पहुंची।

### मिथिलेश ठाकुर बोले, हेमंत ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है



झामुमो के नेता और हेमंत सोरेन की कैबिनेट में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस्तीफा दे दिया है। हमने चंपई सोरेन को अपना नेता चुन लिया है और राज्यपाल को विधायकों का समर्थन पत्र भी सौंप दिया है। उनके ही साथी मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमने अपना नया नेता चुन लिया है और राज्यपाल के सामने हमने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। मुख्यमंत्री के राजभवन में दाखिल होने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ठाकुर ने मीडिया को बताया कि हेमंत सोरेन अपने पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। राज्यपाल बुलायेंगे, तो सभी विधायकों के साथ हम अंदर जायेंगे।

## एसटी-एससी थाना में इडी अफसरों पर प्राथमिकी दर्ज

- गैर मौजूदगी में नयी दिल्ली आवास पर छापे का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दिल्ली में अपने आवास में छापेमारी को लेकर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने इडी के 4 अधिकारियों के खिलाफ रांची के एसटी-एससी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें रांची जोनल ऑफिस के चार अधिकारियों को नामजद किया गया है। वे हैं इडी के ज्वाइंट डायरेक्टर कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार और अमन पटेल। एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिक में ST-SC(PA) एक्ट की धारा 3(1)(P)(R)(S)(U) लगायी गयी है। सीएम के आवेदन पर यह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सीएम का आरोप है कि उनकी गैर मौजूदगी में दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी की गयी और कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया गया। इडी के अनुसार छापेमारी में बीएमडब्ल्यू कार, 35 लाख रुपये नकद सहित कई अहम दस्तावेज जब्त किये थे।

**अपमानित किया जा रहा है :** एफआइआर में बताया गया है कि 30 जनवरी को मीडिया के जरिये उन्हें इडी कार्रवाई की जानकारी मिली। पता चला कि दिल्ली स्थित शांति निकेतन में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सीएम का आरोप है कि मुझे परेशान और बदनाम करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। इडी के अधिकारियों ने दिल्ली स्थित आवास में बिना सूचना के छापेमारी की। इडी ने मुझे 29 और 31 जनवरी को रांची में उपस्थित रहने के लिए कहा था। जानबूझ कर मुझे मीडिया के माध्यम से अपमानित किया जा रहा है।

### समन के खिलाफ हेमंत गये हाइकोर्ट, आज सुनवाई

**रांची।** हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के समन के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। हाइकोर्ट में इस मामले की सुनवाई गुरुवार को साढ़े दस बजे होनी है। हेमंत ने अपनी याचिका में इडी द्वारा सीएम को सेक्शन 50 के तहत दिये गये समन को चुनौती देते हुए कहा गया है कि इडी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर बार-बार उन्हें समन कर रही है। इससे पहले भी हेमंत सोरेन ने ईडी के समन को हाइकोर्ट में और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली थी। हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका में ईडी की कार्यवाही को गलत बताया गया है। सोरेन का कहना है कि ईडी के अधिकारी उन पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं। इस आधार पर उन्हें गिरफ्तार करना चाहते हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हावाला दिया है, जिसमें कहा गया है कि जांच एजेंसी के अधिकारी जांच में सहयोग नहीं करने के आधार पर किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं।

### ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष की अदालत में बड़ी जीत

## तहखाने में पूजा-पाठ की इजाजत

एजेंसी

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष को बड़ी जीत मिली है। जिला अदालत ने ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा-पाठ करने की इजाजत दे दी है। सात दिनों में जिला प्रशासन को इसके लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि व्यास जी के तहखाने में इजाजत की इजाजत मिली है। व्यास परिवार अब तहखाने में पूजा पाठ करेगा। हिंदू पक्ष ने व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ की इजाजत मांगी थी। सोमनाथ व्यास का परिवार 1993 तक तहखाने में पूजा पाठ करता था। फैसले के बाद हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि नियमित रूप से पूजा-पाठ होगा। व्यासजी के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा-पाठ की अनुमति मिलने के बाद हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं व आम लोगों में जश्न का माहौल है। अधिवक्ताओं ने विक्ट्री साइन दिखाते हुए जीत का जश्न मानाया। 1993 के बाद तत्कालीन राज्य सरकार के आदेश पर तहखाने में पूजा बंद हो गयी थी। 17 जनवरी को व्यास जी के

### नियमित पूजा होगी

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि वहां पर नियमित रूप से पूजा पाठ की जायेगी। उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया। वादी अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा कि फैसला हमारे पक्ष में रहा, जो पूजा-पाठ 1993 में बंद हो गया था उसको बहाल करने के लिए हम लोगों की जो मांग थी उसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हिंदू पक्ष द्वारा एक और प्रार्थना पत्र पर बुधवार को वाराणसी जिला न्यायालय ने आदेश देते हुए ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ की व्यवस्था तय करने का निर्देश दिया।

### मसाजिद कमेटी ने किया था विरोध

मंगलवार को कोर्ट में अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से अधिवक्ता मुमताज अहमद और एखलाक अहमद ने कहा था कि व्यासजी का तहखाना मस्जिद का हिस्सा है। वहां पूजा की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह मुकदमा पूजा स्थल अधिनियम से बाधित है। तहखाना वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। लिहाजा, वहां पूजा-पाठ कि अनुमति न दी जाये।

### इलाहाबाद हाइकोर्ट ने जारी किया नोटिस

उधर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाये गये उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वुजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था।

# वित्त मंत्री आज पेश करेंगी अंतरिम बजट

## मोदी के दूसरे कार्यकाल का अंतिम और निर्मला सीतारमण का रिकार्ड छठा बजट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी और सीतारमण का छठा बजट होगा। आम चुनाव से पहले पेश होने वाले इस बजट को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इस बार के अंतरिम बजट में कई बड़े ऐलान होने के कयास हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मोदी सरकार की ओर से किसानों को बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद है। इस बात के आसार हैं कि पीएम किसान निधि के तहत 16वीं और 17वीं किस्त की राशि एक साथ बढ़ाकर जारी किसानों को दिया जा सकता है। वैसे वित्त मंत्री ने संसद में कुछ दिन पहले कहा था कि अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं हो सकती है।

(शेष पेज 11 पर)



### 11 बजे बजट पेश करेंगी

गुरुवार की सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर वित्त मंत्री सबसे पहले बजट 2024 तैयार करने वाली अपनी टीम के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लेंगी। 8.45 बजे वित्त मंत्री राष्ट्रपति से मुलाकात कर बजट की मंजूरी लेंगी। 9.15 बजे वित्त मंत्री संसद पहुंचेंगी। 10 बजे कैबिनेट की बैठक होगी जिसमें बजट को मंजूरी दी जायेगी। सुबह 11 बजे वित्त मंत्री संसद में वर्ष 2024 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। बजट भाषण का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज, ऑल इंडिया रेडियो, वित्त मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनल, संसद टीवी और हिन्दुस्थान समाचार की वेबसाइट पर किया जायेगा।

### कोई बड़ी घोषणा नहीं

इस वर्ष आम चुनाव होने हैं, ऐसे में आम चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नयी सरकार संभवतः जुलाई महीने में पूर्ण बजट पेश करेगी। वित्त मंत्री ने हाल ही में लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाले इस अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा से इनकार किया था। सीतारमण ने कहा था कि चुनाव से पहले सिर्फ लेखानुदान पेश होगा। संसद में पारित होने के बाद लेखानुदान से सरकार को अप्रैल-जुलाई अवधि के व्यय को पूरा करने के लिए देश की संचित निधि से आनुपातिक आधार पर राशि निकालने की अनुमति होगी। चुनाव के बाद नयी सरकार वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट लेकर आयेगी।

### सीएस खियांग्ते को गृह सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। गृह सचिव अविनाश कुमार को पद से हटाते हुए मुख्य सचिव एल खियांग्ते को गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। श्री खियांग्ते अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ अपर मुख्य सचिव गृह कार्य आपदा प्रबंधन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं सदस्य राजस्व परिषद रांची के पद पर पदस्थापित राजीव अरुण एक्का को अपर मुख्य सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्मिक विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। निदेशक खान रांची के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रभारी सचिव अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पद पर पदस्थापित किया है।

**खबर एक नजर में**

## जेएसएससी चेयरमैन पर हो एफआईआर : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने परीक्षार्थियों पर बुधवार को किये गये लाठीचार्ज की घटना की निंदा करते हुए कहा कि जेएसएससी की परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक होने के बाद छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा बुरी तरह से लाठी चार्ज करना युवाओं की आवाज को दबाना है। निर्दोष छात्रों को बुरी तरह पीटा गया जबकि इस प्रकरण में पूरी तरह से दोषी सरकार, जएसएससी एवं एजेंसी है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी के चेयरमैन, सदस्यों एवं एजेंसी पर एफआइआर होनी चाहिए। घायल छात्रों का उचित इलाज भी करवाया जाया चाहिए।

## प्रदीप कुमार श्रीवास्तव बने स्थायी जज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति स्थायी कर दी गयी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी है। न्यायमूर्ति प्रदीप श्रीवास्तव ने जून 2022 में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। जिसके बाद 10 नवंबर 2023 को झारखंड हाईकोर्ट के कॉलेजियम ने उनको स्थायी करने की सिफारिश की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से मंजूरी मिल गयी है।

## राहुल यादव की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ₹1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत याचिका ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी। इससे पहले दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट में मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मालूम हो कि हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में राहुल ने 2 जनवरी 2024 को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। ईडी भी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। बताते चलें कि प्रार्थी को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था। इसे उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी।

## जेएसएलपीएस में 1500 पदों पर नियुक्ति जल्द

**रांची।** जेएसएलपीएस में 1500 अधिकारी-कर्मियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। लगभग दो साल से अधिक समय से अटकी इन नियुक्तियों को करने के लिए राज्य सरकार के शासी निकाय ने मंजूरी प्रदान कर दी है। डीपीएम, पीएम, सीसी, बीपीएम सहित कई पदों पर अब नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। जानकारी के अनुसार इन पदों पर जेएसएलपीएस ने नियुक्ति के लिए दो साल पहले विज्ञापन जारी किया था। इनका रिटेन एक्जाम भी हो गया था। बीच में सरकार के द्वारा सारी नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक के बाद यह भी लटक गया था। हालांकि, जिनकी परीक्षा ली गयी थी उसका रिजल्ट अब आ गया है। ऐसे में सरकार से मंजूरी लेकर इन पदों पर बहाली के ग्रुप डिस्कशन सहित अन्य प्रक्रिया पूरी कर योग्य अधिकारी व कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी।

## इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति मामले में एकल पीठ का आदेश बरकरार

**रांची।** इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक ( कक्षा 1 से 5) की काउंसलिंग में शामिल करने के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की विभिन्न अपील पर हाईकोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया। साथ ही एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा। मामले में राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग 13 अपील (एलपीए) दाखिल की गई थी। दरअसल, वर्ष 2022 में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थियों को इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक पद के काउंसलिंग में शामिल करने का आदेश दिया था। लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें यह करते हुए काउंसलिंग में शामिल नहीं किया था कि उनकी काउंसलिंग पहले हो चुकी है, इसलिए सेकंड राउंड की काउंसलिंग में उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा। यहां बता दें कि वर्ष 2019 में राज्य सरकार ने एक रेजोल्यूशन लाया था, जिसके तहत राज्य के जिलों में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक के रिक्त पदों के लिए एक फाइनल काउंसलिंग करने का निर्णय लिया गया था। प्रार्थियों का कहना था कि कि उनसे कम नंबर वालों का सलेक्शन इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में हो गया है, ऐसे में उन्हें भी काउंसलिंग में शामिल किया जाए।

## हाइकोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक रखी बरकरार

**सचिवालय मार्च कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प का मामला**

**रांची।** ग्यारह अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करनेवाली याचिका की आंशिक सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति आंनदा सेन की अदालत ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। दरअसल, कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। इसको लेकर धुर्वा थाना में मामला दर्ज किया गया था। इसमें सांसद निशिकांत दुबे के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल, समीर उरांव सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**क्या है मामला :** भाजपा की ओर से राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मौजूदा भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की उच्च दर के विरोध में इस मार्च का आयोजन किया गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस, वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था और लाठीचार्ज भी किया था। उस दौरान क्षेत्र में सीआरपीसी की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। सचिवालय तक मार्च पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल और रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी और राज्य के पार्टी सांसदों के नेतृत्व में शुरू हुआ था।

### 4 फरवरी को जारी होगी परीक्षा की नयी तिथि

# जेएसएससी-सीजीएल की चार फरवरी को आयोजित होने वाली परीक्षा स्थगित

**28 जनवरी को हुई अन्य दो पालियों की परीक्षा भी हुई रद्द**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (सीजीएल) की तीनों पालियों में ली गयी परीक्षा को रद्द कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को आयोग की ओर से सूचना भी जारी कर दी गयी है। पूर्व में 28 जनवरी को ही प्रश्नपत्र लीक होने की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने तृतीय पाली की परीक्षा को रद्द किया था। अब 28 जनवरी 2024 को आयोजित परीक्षा की प्रथम व द्वितीय पाली को भी रद्द कर दिया है। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने इस संबंध में कहा कि जल्द ही परीक्षाओं का फिर से आयोजन किया जायेगा। नये सिरे से परीक्षा की तिथि चार फरवरी को जारी की जायेगी। वहीं 4 फरवरी 2024 को होने वाली परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया है।

बताते चलें कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 अंतर्गत 28 जनवरी को राज्यभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गयी थी। इस परीक्षा की तृतीय पाली में सामान्य ज्ञान में कतिपय प्रश्नों के लीक होने की घटना सामने आयी। इस संबंध में नामकुम थाना में प्राथमिकी भी दर्ज की गयी। आयोग पूरे मामले की सुरक्षा दृष्टि से समीक्षा कर रहा है, इसके बाद परीक्षा की तिथि जारी होगी। मालूम हो कि प्रश्नपत्र लीक होने के बाद छात्रों में उबाल भी है, वे आयोग कार्यालय का घेराव भी कर रहे हैं।

## जेएसएससी परीक्षा का विरोध कर रहे छात्रों ने अध्यक्ष की गाड़ी क्षतिग्रस्त की, लाठीचार्ज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएसएससी की ओर से आयोजित 28 जनवरी की सीजीएल परीक्षा के प्रश्न पत्र वायरल होने के बाद से छात्रों में आक्रोश है। वह इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। बुधवार को छात्रों का आक्रोश फूटा और जेएसएससी कार्यालय में प्रदर्शन करन पहुंच गये। बुधवार को छात्र जेएसएससी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान छात्र इतने उग्र हो गये कि अध्यक्ष की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस लाठी चार्ज में दो छात्रों को चोटें आयी हैं।

# निर्दलीय के रूप में पहली बार बने थे विधायक बिहार के बंटवारे में भी निभा चुके हैं बड़ी भूमिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन घोटाले में फंसे सीएम हेमंत सोरेन के पद से इस्तीफा देने के साथ ही प्रदेश के अगले सीएम के नाम को लेकर चल रही खींचतान का अंत बुधवार की रात हो गया। जहां अब तक हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के सीएम बनने की चर्चा चल रही थी, वहीं देर शाम तक पूरी स्थिति बदल गई और प्रदेश के मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे चंपई सोरेन को प्रदेश का नया सीएम के रूप में चुन लिया गया। इससे पहले चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया।

### कौन हैं चंपई सोरेन?



सरायकेला-खरसावां जिले स्थित जिलिंगगोड़ा गांव निवासी आदिवासी सिमल सोरेन खेती किसानी किया करते थे। उनके चार बच्चों में बड़े बेटे का नाम चंपई सोरेन है। चंपई भी अपने पिता के साथ हाथ बंटाते थे। 10वीं क्लास तक सरकारी स्कूल से चंपई ने पढ़ाई की। इस बीच उनका विवाह कम उम्र में ही मानको से कर दिया गया। शादी के बाद चंपई के 4 बेटे और तीन बेटियां हुईं।

**बिहार के बंटवारे में शिबू सोरेन के साथ लड़ी लड़ाई :** बिहार से अलग झारखंड राज्य की मांग उठने लगी। शिबू सोरेन के साथ ही चंपई भी झारखंड के आंदोलन में उतर गए। इसके बाद चंपई सोरेन ने अपनी सरायकेला सीट से उपचुनाव में निर्दलीय विधायक बनकर अपने राजनीतिक करियर का आगाज कर दिया। इसके बाद वह झामुमो में शामिल हो गए थे।

**बीजेपी सरकार में रह चुके मंत्री**

बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा की 2 साल, 129 दिन की सरकार में झामुमो नेता चंपई सोरेन को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। चंपई 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013 तक कैबिनेट मंत्री रहे। इसके बाद राष्ट्रपति शासन लग गया था और फिर हेमंत सोरेन की अगुवाई में बनी झामुमो सरकार में चंपई सोरेन को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, परिवहन मंत्री बनाया गया।

**हेमंत सोरेन की सरकार में दूसरी बार मंत्री :** वहीं, दूसरी बार 2019 में फिर से हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर चंपई सोरेन को परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रखा गया है। चंपई झामुमो के उपाध्यक्ष भी हैं।

### सरकार ने हाईकोर्ट से एकल पीठ का आदेश रद्द करने का किया आग्रह

# झारखंड निकाय चुनाव : आयोग की रिपोर्ट आने तक मांगा समय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में तीन हफ्ते के भीतर नगर निकायों के चुनाव कार्यक्रम घोषित करने के हाईकोर्ट की एकलपीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने खंडपीठ में अपील दायर की है। एकल पीठ ने बीते 4 जनवरी को रांची नगर निगम की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई के बाद सरकार को दिए आदेश में कहा था कि नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनावों को लटकाए रखना असंवैधानिक और स्थानिक ब्रेक डाउन है। सरकार तीन हफ्ते में चुनाव की तारीखों का ऐलान करे।

एकल पीठ के इस आदेश के अनुसार, तीन हफ्ते की मियाद पूरी होने के ठीक पहले राज्य सरकार ने अपील दायर कर कहा है कि इन चुनावों में ओबीसी को आरक्षण दिया जाना है और इसके लिए ओबीसी की आबादी का आकलन करने के लिए सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। आयोग की रिपोर्ट आने तक निकाय चुनाव कराने के लिए वक्त दिया जाए।

**नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव लटकाए रखना असंवैधानिक**

राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह हाई कोर्ट से किया है। अपील में राज्य सरकार ने झारखंड म्यूनिसिपल एक्ट के प्रोविजन का हवाला देते हुए आगामी चुनाव होने तक नगर निगम में प्रशासक की नियुक्ति को सही बताया है।

गौरतलब है कि राज्य के सभी नगर निकायों का कार्यकाल बीते अप्रैल महीने में ही समाप्त हो गया है। नया चुनाव 27 अप्रैल, 2023 तक करा लिया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया है। इसके पीछे की वजह यह है कि राज्य सरकार ने नगर निकायों का नया चुनाव कराने के पहले ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत तय करने का फैसला लिया है। अप्रैल के बाद सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं, नगर परिषदों और नगर पंचायतों को सरकारी प्रशासकों के हवाले कर दिया गया है। नया चुनाव होने तक इन निकायों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो गई है।

## इडी अफसरों पर एफआइआर की डीजीपी करें जांच : मरांडी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा एसटी-एससी एक्ट के तहत ईडी पर किये गये मुकदमे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर कहा है कि जो एफआइआर हुआ है, उसे देखने से लगता है कि सीएम और उनके साथ काम करनेवाले सुध बुध खो बैठे हैं। एफआइआर के पहले पन्ने पर पहले ही पारा में लिखा है कि वे साहेबगंज से विधायक हैं, जबकि ऐसी कोई विधानसभा सीट है ही नहीं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उन्हें तो एफआइआर ही फर्जी लगता है। इसकी सत्यता की जांच हो कि यह कितना सही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि उनके नाम पर किसी ने फर्जीवाड़ा कर दिया हो। ऐसा अतीत में भी हुआ है। डीजीपी एवं पुलिस अधिकारी इस एफआइआर की सत्यता की जांच करें कि हेमंत सोरेन ने एफआइआर किया है या उनके नाम से किसी ने एफआइआर किया है। उनके यहां फर्जीवाड़ा का पहले भी रिकॉर्ड रहा है।

# 52 सीओ का ट्रांसफर, रवि कुमार बने रातू के सीओ

**प्रणव अंबस्ट को खलारी का अंचलाधिकारी बनाया गया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने 52 अंचल अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में राजस्व भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। प्रणव अंबस्ट को अंचल अधिकारी खलारी रांची, रवि कुमार अंचल अधिकारी रातू, शंकर कुमार विद्यार्थी अंचल अधिकारी बुढ़मू, अमित भगत अंचल अधिकारी पतरातु और नरेश कुमार वर्मा को अंचल अधिकारी चंद्रपुरा के पद पर पद स्थापित किया गया है।

# सीडीपीओ, डीएसडब्लूओ सहित सहायक निदेशकों का तबादला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने बाल विकास परियोजना के 31 पदाधिकारियों का स्थानांतरण प्रतिस्थापन किया है। पूजा कुमारी को तोरपा खूंटी के पद पर पदस्थापित किया है। रेणुका कुमारी को छतरपुर रामगढ़, चंदा रानी को पेटरवार, नीलिशा कुमारी को चाय बादशाह सदर, ज्योति कुमारी प्रसाद को लोहरदगा सदर के पद पर पदस्थापित किया गया है।

**सुरभि सिंह बनी रांची की डीएसडब्ल्यूओ :** राज्य सरकार ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। श्वेता भारती को रांची से स्थानांतरित कर पश्चिम सिंहभूम भेजा गया है। सुरभि सिंह को सिमडेगा से स्थानांतरित कर रांची का जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बनाया गया है। रेणु रवि को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चतरा, पूर्णिमा कुमारी को बोकारो, स्नेहा कश्यप को गिरिडीह, अलका हेंब्रम को लातेहार, अनीता कुजूर को धनबाद, अंजू कुमारी को दुमका तबादला किया गया है। वहीं बसंती जी बाड़ा को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पाकुड़, सूरजमुखी कुमारी को सिमडेगा, सुमन सिंह को खूंटी और कृष्णा टोप्पो को सहायक निदेशक समाज कल्याण निदेशालय रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

**दो सहायक निदेशक का ट्रांसफर**

राज्य सरकार ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग गढ़वा नीतीश कुमार निशांत को सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोडरमा में पदस्थापित किया है। शंकर प्रसाद को सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सेल के पद पर पद स्थापित किया है। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# चार प्रशिक्षु आइपीएस समेत 96 डीएसपी का स्थानांतरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग की गई है। झारखंड में चार प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सहित 96 डीएसपी का तबादला किया गया है। इस मामल में संबंधित विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले राज्य में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रांसपर पोस्टिंग की गई थी। अमित कुमार को रांची सदर का डीएसपी बनाया गया है। वहीं पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी डीएसपी प्रमोद कुमार को रांची के हटिया का डीएसपी बनाया गया है। कुमार वेंकटेश को रांची का सिटी डीएसपी बनाया गया है। प्रमोद कुमार केशरी अब रांची के नए ट्रैफिक डीएसपी होंगे। इस ट्रांसपर पोस्टिंग की अधिसूचना गृह एंव कारा विभाग ने जारी कर दी है।

### जानें कौन कहां के बने डीएसपी

- प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शिवाशीष को डीएसपी हजारीबाग
- ऋतिक श्रीवास्तव को डीएसपी देवघर
- प्रशिक्षु आईपीएस पारस राणा को डीएसपी चक्रधरपुर
- प्रशिक्षु आईपीएस राकेश सिंह को डीएसपी विश्रामपुर
- डीएसपी रतिभान सिंह को डीएसपी बुंडू
- रणवीर सिंह को डीएसपी सिल्ली
- अखिल नीतीश कुजूर को डीएसपी बेड़ो
- भोला प्रसाद सिंह को डीएसपी खेलारी
- अमित कुमार को सदर डीएसपी रांची
- प्रमोद मिश्रा को हटिया डीएसपी
- वेंकटेश्वर रमन को सिटी डीएसपी रांची
- प्रमोद कु केसरी को ट्रैफिक डीएसपी रांची
- अरविंद सिंह को डीएसपी मुख्यालय 2 रांची
- संतोष कुमार मिश्रा को डीएसपी एसीबी रांची
- अजीत विमल को सीआईडी डीएसपी रांची
- राजकिशोर को डीएसपी सीएम सिक्योरिटी
- मनोज कुमार को डीएसपी सीएम सिक्योरिटी
- श्रद्धा केरकेट्टा को डीएसपी लोहरदगा
- खिस्तोफर केरकेट्टा को डीएसपी तोरपा
- राजेश कुमार को मुख्यालय डीएसपी खूंटी
- वरुण रजक को डीएसपी खूंटी
- सुरेश प्रसाद यादव को डीएसपी गुमला
- अमिता लकड़ा को डीएसपी चैनपुर
- नाजीर अख्तर को डीएसपी बसिया गुमला
- बैजु उरांव को डीएसपी सिमडेगा
- वीरेंद्र टोप्पो को डीएसपी मुख्यालय गुमला
- हिमांशु चंद्र मांझी को डीएसपी महुआटांड़
- आशुतोष कु. सत्यम को डीएसपी बालूमाथ
- अरविंद कुमार को डीएसपी लातेहार
- वेंकटेश कुमार को डीएसपी बरवाडीह
- कुलदीप कुमार को डीएसपी बड़कागांव
- बैजनाथ प्रसाद को डीएसपी विष्णुगढ़
- नौशाद आलम को डीएसपी बरही
- मुकेश कुमार महतो को डीएसपी सीसीआर हजारीबाग
- श्री नीरज को डीएसपी मुख्यालय हजारीबाग
- संदीप सुमन को डीएसपी चतरा
- प्रभात रंजन बरवार को डीएसपी टंडवा
- रोहित कुमार रजवार को डीएसपी मुख्यालय चतरा
- अजय कुमार केसरी को डीएसपी सिमरिया
- संदीप कुमार गुप्ता को डीएसपी मुख्यालय 2 धनबाद
- महेश प्रजापति को डीएसपी बाघमारा
- रजत मणि बाखला को डीएसपी निरसा
- भूपेंद्र राउत को डीएसपी सिंदरी
- अरविंद सिंह को ट्रैफिक डीएसपी धनबाद
- दीपक कुमार को डीएसपी विधि व्यवस्था धनबाद
- परमेश्वर प्रसाद को डीएसपी रामगढ़
- वीरेंद्र कुमार राम को डीएसपी पतरातु
- पवन कुमार को डीएसपी मुख्यालय बोकारो
- आलोक रंजन को डीएसपी सिटी बोकारो
- शकील आबिद शम्स को डीएसपी सीसीआर बोकारो
- प्रवीण कुमार सिंह को डीएसपी चास
- कौशर अली को डीएसपी मुख्यालय दो गिरिडीह
- विनोद रवानी को डीएसपी सदर गिरिडीह
- साजिद जफर को डीएसपी खोरीमहुआ
- धनंजय कुमार राम को डीएसपी सरिया
- दिलीप खलको को डीएसपी सरायकेला
- सुनील कुमार राजभर को डीएसपी चांडिल सरायकेला
- तौकीर आलम को डीएसपी विधि व्यवस्था जमशेदपुर
- बचन देव कुजूर को डीएसपी पटमदा
- अजीत कुमार कुजूर को डीएसपी घाटशिला
- पुरुषोत्तम कुमार सिंह को डीएसपी कोडरमा
- सुधीर कुमार को सिटी डीएसपी जमशेदपुर
- संजय कुमार सिंह को ट्रैफिक डीएसपी जमशेदपुर
- संदीप भगत को डीएसपी मुसाबनी
- निरंजन तिवारी को डीएसपी मुख्यालय दो जमशेदपुर
- संजय कुमार को डीएसपी मुख्यालय एक जमशेदपुर
- अंजनी कुमार तिवारी को डीएसपी सीसीआर जमशेदपुर
- राजेश कुजूर को डीएसपी मनोहरपुर
- राहुल देव बड़ाइक को डीएसपी सदर चाईबासा
- अजय केरकेट्टा को डीएसपी किरीबुरू
- राकेश नंदन मिंज को डीएसपी जगन्नाथपुर
- सत्येंद्र नारायण सिंह को डीएसपी नगर ऊंटारी
- यशोधरा को मुख्यालय डीएसपी गढ़वा
- नीरज कुमार को डीएसपी गढ़वा
- रोहित सिंह को डीएसपी रंका
- मणि भूषण प्रसाद को डीएसपी पलामू
- अवध यादव को डीएसपी छतरपुर पलामू
- संजीव कुमार मिश्रा को डीएसपी मुख्यालय साहिबगंज
- अनिल कुमार सिंह को डीएसपी राजमहल
- मंगल सिंह जमुदा को डीएसपी बरहरवा
- प्रदीप उरांव को डीएसपी पाकुड़
- विजय कुमार को डीएसपी महेशपुर
- विजय महतो को सदर डीएसपी दुमका
- ईकुट डुंगडुंग को मुख्यालय डीएसपी दुमका
- संतोष कुमार को डीएसपी जरमुंडी
- चंद्रशेखर आजाद को डीएसपी महगामा
- राजेंद्र दुबे को डीएसपी गोड्डा
- मनोज कुमार महतो को डीएसपी नाला
- संजीव बेसरा को मुख्यालय डीएसपी जामताड़ा
- मुजीबुर रहमान को डीएसपी जामताड़ा
- रंजीत कुमार लकड़ा को डीएसपी सारठ
- डेविड सुनील मिंज को डीएसपी स्पेशल ब्रांच रांची
- प्रभात सिंह को डीएसपी स्पेशल ब्रांच रांची
- सत्येंद्र नारायण सिंह को डीएसपी एसीबी रांची
- सुमित सौरभ लकड़ा को डीएसपी मधुपुर

### झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बोलीं अलका लांबा

# लोस चुनाव के बाद झारखंड महिला कांग्रेस संगठन में होगा बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार झारखंड की राजधानी रांची पहुंचीं अलका लांबा प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुईं। प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में महिला कांग्रेस की सभी जिलाध्यक्ष और प्रदेश महिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुईं। महिला प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राहुल गांधी की झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य में ऐतिहासिक बनाने में महिला कांग्रेस की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यकारिणी की बैठक के दौरान अलका लांबा ने कहा कि महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ महिला कांग्रेस सशक्त आवाज बनें। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली केंद्र की सरकार में क्या अत्याचार बेटियों पर हो रहा है यह जनता को बताएं। अलका लांबा ने कहा कि महिला उत्पीड़न का मामला हो तो हमें बताएं, ताकि हम भी इस लड़ाई के सहभागी बन सकें।





**गोड्डा सांसद का अहंकार तोड़ना जरूरी : दीपिका पांडेय सिंह**

झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि जिस क्षेत्र से वह आती हैं वहां के लोकसभा सांसद भाजपा से हैं और वह काफी अहंकारी हैं। जैसा वक्तव्य देते हैं, उनका अहंकार तोड़ना जरूरी है।

### प्रदेश महिला कांग्रेस से ले रही हूं रिपोर्ट, चुनाव के बाद संगठन में फेरबदल

झारखंड महिला कांग्रेस की महिला प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि चुनाव के बाद महिला कांग्रेस प्रदेश संगठन में बड़ा फेरबदल होगा। उन्होंने कहा कि राज्य महिला कांग्रेस में अब दो की जगह छह प्रदेश उपाध्यक्ष, 11 की जगह 12 प्रदेश महासचिव और 24 प्रदेश सचिव होंगे। अलका लांबा ने कहा कि महिला कांग्रेस हर जिले में बेटियों को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन बांटने की योजना पर काम कर रही है। अलका लांबा ने कहा कि इस योजना की शुरूआत में हर जिले में महिला कांग्रेस से जुड़ी एक-एक महिला को नैपकिन बनाने वाली मशीन दी जाएगी। इस मशीन से वह जो नैपकिन बनाएंगी उन्हें वह अपने जिले में निःशुल्क वितरण करेंगी और इसका सारा खर्च महिला कांग्रेस वहन करेगी।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुई है, हेमंत सोरेन बेदाग साबित होंगे



बैठक के बाद अलका लांबा ने कहा कि झारखंड में हमारा संगठन बहुत मजबूत है। चंडीगढ़ में मेयर चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि डरी हुई भाजपा कुर्सी के लिए कुछ भी कर सकती है यह साबित हो गया। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन डरे नहीं हैं और वह बेदाग साबित होंगे।

## सोशल मीडिया पर एक्टिव हों महिला कांग्रेस की पदाधिकारी

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में अलका लांबा ने कहा कि जल्द ही झारखंड महिला कांग्रेस की अपनी प्रवक्ता होंगी, उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि महिला कांग्रेस के हर पदाधिकारी सोशल मीडिया पर एक्टिव हों, ताकि ना सिर्फ राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के नीति-सिद्धांत जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी, बल्कि अपनी बात भी वह जनता तक पहुंचा सकेंगी। बैठक के दौरान अलका लांबा ने कहा कि पिछली बार लोकसभा चुनाव में एक सीट महिला को मिली थी। हम चाहते हैं कि इस बार यह संख्या बढ़े।

स्पीड न्यूज

## नि:शुल्क नाइट्रोजन का शुभारंभ

**जमशेदपुर।** भारत पेट्रोलियम के द्वारा शहर के सभी बीपीसीएल आउटलेटों में पेट्रोल पम्प मे फ्री नाइट्रोजन की सुविधा ग्राहकों कों उपलब्ध करवाने का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ देबाशीष नायक (प्रमुख खुदरा पूर्वी क्षेत्र) ने कदमा स्थित भारत पेट्रोलियम पम्प में हरी झंडी दिखाकर एवं गुब्बारा उड़ा कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शहर के सभी भारत पेट्रोलियम के पम्प मे नि:शुल्क नाइट्रोजन एयर उपलब्ध होगा। वही समारोह मे भारत पेट्रोलियम द्वारा पम्प मे पेट्रोल लेने पर ग्राहकों कों दिये गए लकी ड्रा के कूपनो की लॉटरी भी करवाई गई, जिसमे विजेताओं के नाम भी घोषित किये गए। साथ ही कई ग्राहकों कों यहाँ पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान समारोह में भारत पेट्रोलियम के कई रिजनल एवं कई अधिकारी मौजूद थे।

## सिटी एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया कई इलाकों में पैदल गश्त

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आज पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में नशाखोरी, अड्डाबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं पुलिस तथा आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से मानगो, टेल्को, जुगसलाई, परसुडीह, सीतारामडेरा, साकची एवं शहर के अन्य थाना अन्तर्गत संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए पैदल गश्ती की गई।

## आशीष मुखी कांग्रेस प्रदेश सोशल मीडिया के कोऑर्डिनेटर बने

**जमशेदपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये कॉंग्रेस पार्टी द्वारा झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस सोशल मीडिया कमिटी के पदाधिकारियों का मनोनयन पत्र जारी किया गया। इस संबंध में दिल्ली अक्ळउ कार्यालय से कॉंग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री के सी वेणुगोपाल ने एक मनोनयन पत्र जारी किया है जिसमे झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस सोशल मीडिया कमिटी के साथ साथ तमिलनाडू और जम्मू कश्मीर कमिटी का भी गठन किया गया। झारखंड की कमिटी में 16 पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें शहर के आशीष मुखी को प्रदेश कमिटी मे जगह दी गयी। आशीष मुखी को प्रदेश कॉ-कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। कोल्हान से आशीष मुखी को ही कमिटी में जगह मिली है। ज्ञात हो आशीष मुखी पूर्व में झारखंड प्रदेश युवा कॉंग्रेस के प्रदेश सचिव, झारखंड युवा कॉंग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर रह चुके हैं। वे केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के प्रवक्ता भी है। आशीष मुखी ने अपने मनोनयन पर केन्द्रीय नेतृत्व, अक्ळउ महासचिव के सी वेणुगोपाल, सोशल मीडिया प्रमुख सह राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अभय तिवारी, प्रदेश सोशल मीडिया चेयरमैन गजेंद्र सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।

## रिंकू राय महिला इंटक की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोनीत

**गम्हरिया।** राष्ट्रीय इंटक के राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी कमेंटी की राष्ट्रीय अध्यक्षा देविका सिंह के अनुमोदन पर इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी0 संजीवा रेड्डी द्वारा कमेटी का गठन किया गया है। नई राष्ट्रीय कमेंटी में झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले की रिंकू राय को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि रिंकू रॉय जिले की प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जानी जाती है और इंटक की सक्रिय सदस्य भी हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र में कई सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। साथ ही, उन्होंने गरीब और वंचित लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में अनेकों पहल की हैं। इधर, राष्ट्रीय कमेटी में कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर रिंकू रॉय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी0 संजीवा रेड्डी और नेशनल चेयरपर्सन देविका सिंह का आभार प्रकट किया।

**टाटा मेन हॉस्पिटल 43वें अखिल भारतीय इस्पात चिकित्सा अधिकारी सम्मेलन आज से, एआईएसएमओसी) 2024 में जुट रहे देश भर से नामी चिकित्सा विशेषज्ञ**

# सम्मेलन का थीम है : स्वास्थ्य देखभाल में स्थिरता और आगे का रास्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) 1-4 फरवरी, 2024 तक प्रतिष्ठित ऑल इंडिया स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (एआईएसएमओसी) के 43वें संस्करण की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कॉन्फ्रेंस टीएमएच और शावक नानावती तकनीकी संस्थान (एसएनटीआई), बिस्टुपुर में आयोजित की जायेगी। उक्त जानकारी टाटा स्टील लिमिटेड में मेडिकल सर्विसेज के जीएम डा सुधीर राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि वैसे तो कांफ्रेंस 1 फरवरी से वर्कशॉप के जरिए शुरु हो जायेगा किन्तु इसके उद्घाटन की रस्म तीन फरवरी को पूरी की जायेगी जिसमें टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। कॉन्फ्रेंस को झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा 11 क्रेडिट घंटों के लिए मान्यता दी गई है। इस वर्ष की थीम, स्वास्थ्य देखभाल में स्थिरता - आगे का रास्ता, एक स्वस्थ और अधिक टिकाऊ ग्रह को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। 3-दिवसीय कार्यक्रम में एक दिवसीय



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील के जीएम डा सुधीर राय। साथ में डा ममता रथ, डा विनीता सिंह और डा मिनाक्षी मिश्रा।**

प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला शामिल होगी और इसमें विभिन्न सत्र, कार्यशालाएं, पैनल चर्चाएं और पेपर प्रस्तुतियां शामिल होंगी। डा सुधीर राय ने बताया कि कुल 530 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें टीएमएच, मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (एमटीएमएच) और मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) और टाटा स्टील के अन्य मेडिकल सर्विस डिवीजनों के 456 मेडिकल डॉक्टर शामिल हैं। इनके अलावा भिलाई, राउरकेला, बोकारो, विजाग, बर्नपुर, दुगार्पुर,भद्रावती सहित देश भर के अन्य स्टील अस्पतालों के लगभग 74 प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न श्रेणियों में सात पुरस्कार पेपर सत्र शामिल होंगे, जिसमें एमबीबीएस पेपर्स, एमबीबीएस पोस्टर्स, लॉन्ग पेपर्स, शॉर्ट पीजी पेपर्स, पीजी पेपर्स और बहुत कुछ शामिल होगा। उल्लेखनीय सत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और भविष्य के स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव और गोल्डन आवर - इस्पात कर्मचारियों के लिए हृदय संबंधी स्वास्थ्य पर दो संगोष्ठी शामिल हैं। प्रख्यात वक्ताओं और पैनलिस्टों में बैंगलोर के आनुवंशिकीविद् डॉ. अनुप रावूल,डॉ. सुकेश नायर (प्रोफेसर एवं प्रमुख, हेमेटोलॉजी एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, सीएमसी वेल्लोर) और डॉ. संजय पांडे ( यूरोलॉजिस्ट और एंड्रोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन अस्पताल, मुंबई) शामिल हैं। सम्मेलन में चार अतिथि व्याख्यान भी होंगे, जिनमें डॉ. पी अरुण (निदेशक, टीएमसी, कोलकाता) का एक व्याख्यान भी शामिल होगा, जिसमें ‍पूर्वी भारत में कैंसर देखभाल तक पहुंच को संबोधित किया जाएगा।

पूरे आयोजन में एक स्वस्थ और टिकाऊ ग्रह के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला जाएगा। सम्मेलन में विभिन्न पहलों को भी शामिल किया जाएगा, जिनमें दो संगोष्ठी, दो पैनल चर्चा और रोबोटिक सर्जरी, ईसीएमओ, श्वसन सहायता प्रबंधन, बेडसाइड इमेजिंग और एबीजी पहल जैसे विषयों पर पांच कार्यशालाएं शामिल हैं।

# तैराक राणा प्रताप सिंह ने खेलो इंडिया में जीते दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल

### झारखंड तैराकी एसो. के चेयरमैन रामबालक सिंह का पोता है राणा प्रताप सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** चेन्नई में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में राणा प्रताप सिंह ने अंडर 19 ब्रेस्ट स्टॉक 200 मीटर में 2 मिनट 23 सेकेंड 98 मिलिसेकेंड के समय के साथ पहला गोल्ड, ब्रेस्ट स्टोक 100 मीटर 1 मिनट 4 सेकेंड 91 मिलिसेकेंड के समय के साथ दूसरा गोल्ड एवं ब्रेस्ट स्टोक 50 मीटर 29 सेकेंड 78 मिलिसेकेंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीतने में सफल रहा। राणा प्रताप सिंह झारखण्ड तैराकी एसोसिएशन के लाइफ टाइम चेयरमैन पुर्व सैनिक और एशियन गोल्ड मेडलिस्ट रामबालक सिंह का पोता है। रामबालक सिंह सहारा सिटी,मानगो में रहते हैं। राणा प्रताप के मेडल जीतने की खुशी से सहारा सिटी,मानगो के वासी गर्व का अनुभव कर रहे हैं। इस मौके सोसाइटी के सचिव सुशील कुमार सिंह, अध्यक्ष विपिन शर्मा ने कॉलोनी की तरफ से तैराकी की


**अपने मेडल प्रदर्शित करते युवा तैराक राणा प्रताप सिंह।**

दुनिया में इस उभरते सितारे की उज्जवल भविष्य की कामना की है। राणा को खिलाड़ी बनाने में उनके परिवार, अशोक चाचा की मेहनत के साथ उनको कोच का भरपूर आर्शीवाद व मार्गदर्शन मिल रहा है। खेलो इंडिया में मेडल जितना पूरे झारखण्ड राज्य के लिये गौरव का विषय है। अगर राणा को प्रॉपर सहयोग मिलता रहा तो वो दिन दूर नही जब वो देश के लिये बड़े मेडल जीत कर दुनिया मे अपना नाम रोशन करेगा।

## जन सेवा संघ ने बच्चों को पोषण के प्रति किया जागरुक

**जमशेदपुर।** गत 30 जनवरी को विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉक्टर मनीष कुमार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र तुपुदांग में ग्रामीण बच्चो को डाइट और न्यूट्रिशन से संबंधित जानकारी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादा तर बच्चे विटामिन बी12 के कमी से ग्रसित रहते है,प्रोटीन के कमी से ग्रसित रहते है, महिलाएं और बच्चे आयरन की कमी से ग्रसित रहते है।शरीर के लिए प्रयाप्त भोजन की जरूरत को पूर्ण नहीं कर पाते है। डॉक्टर मनीष के द्वारा विटामिन संबंधित फल सब्जियों, कम कीमत पर उपलब्ध प्रयाप्त विटामिन युक्त भोजन की जानकारी दी गई ।इसके अलावा नशा से होने वाले नुकसान के बारे में भी बच्चो को बताया गया।

## जेम्को गुरुद्वारा मेन रोड का चौड़ीकरण शीघ्र कराये टाटा स्टील

### संयुक्त ग्राम समन्वय समिति के संयोजक राम सिंह मुंडा ने की मांग



**समिति के संयोजक राम सिंह मुंडा।**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** संयुक्त ग्राम समन्वय समिति के संयोजक एवं भाजपा नेता श्री राम सिंह मुंडा ने टाटा स्टील कंपनी प्रबंधन से, आग्रह करते हुए कहा कि जेमको गुरुद्वारा रोड चौड़ीकरण का काम को कंपनी के संवेदक शीघ्र पूरा करे, क्योंकि उक्त सड़क से हजारों की संख्या में प्रतिदिन गांव से शहर की ओर काम करने वाले कामगार के अलावा अनेक लोगों का आवागमन उक्त सड़क से ही होता है। सालगाझुड़ी रेलवे स्टेशन से जेमको गुरुद्वारा होते हुए साकची बजार, साकची बस स्टैंड, मानगो गोलचक्कर होते हुए एन०एच० 33 तक का कनेक्शन उक्त सड़क से ही है।इधर ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 12 पंचायतों के लगभग 35 गांव के हजारों डेली मजदुर, कंपनी कामगार, आदि का आवागमन उसी सड़क से होता है।

श्री राम सिंह मुंडा ने आगे कहा कि, टाटा कंपनी का इंडियन स्टील एंड वायर कंपनी, कॉम्बी मिल का कार्य प्रगति पर है। साथ ही सामाजिक दायित्व के तहत जिस तरह टाटा कंपनी समुदायक विकास में अग्रणी का भूमिका निभा रही है।

## भुइयाडीह नीतिबाग कॉलोनी में भागवत कथा 16 से 22 फरवरी तक

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति द्धारा भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी (डीएभी स्कूल के पास) में सात दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का आयोजन 16 से 22 फरवरी तक होने जा रहा हैं। इसकी तैयारी को लेकर समिति की एक बैठक नंदजी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज (चित्रकुट) कथा का प्रसंग करने के लिए शहर पधार रहे हैं। भागवत कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा। बैठक में श्रीराम सरोज ने बताया कि पहले यह कथा का कार्यक्रम 01 से 07 फरवरी तक होना था लेकिन किसी कारणवश तिथि में बदलाव आया हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने का अनुरोध किया हैं। बैठक में प्रमुख रूप से हरिओम सरोज, विक्रम ठाकुर, रवि सिंह, श्रीराम सरोज, रामेश्वर सिंह, परसुराम पोद्दार, विकास शर्मा, दिलीप सिंह, एके श्रीवास्तव, शांति तिवारी, संजय सिंह, अल्पना मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

# पंजाब एंड सिंध बैंक का किया गया उद्घाटन


**पंजाब एंड सिंध बैंक**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक का उद्घाटन जोनल मैनेजर प्रेम शंकर सिंह,करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मोहम्मद रियाज और बैंक के शाखा प्रबंधक चंदन राय द्वारा फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद में साकची शाखा के लिए ग्राहकों के लिए कस्टमर मीट का आयोजन केनलाइट में किया गया। इस दौरान बैंक के जोनल मैनेजर प्रेम शंकर सिंह मुख्य तौर पर मौजूद रहे उन्होंने मीट में आए ग्राहकों के विचारों को जाना साथ ही साथ ग्राहकों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया एवं कुछ ग्राहकों के समस्या का तत्काल निराकरण किया और उन्होंने कहा के कभी भी आप कोलकाता आए तो आकर हेड ऑफिस में आकर मिल सकते हैं।

## खबर एक नजर में

## टाटा की अनन्या दास बनी ओडिसा के सुवर्णपुर जिले की डीसी

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की बेटी तथा राजेंद्र विद्यालय, साकची की छात्रा अनन्या दास ने गत 30 जनवरी को उड़ीसा के सुवर्णपुर जिला के मजिस्ट्रेट तथा जिला कलेक्टर के पद पर योगदान कर दिया। अनन्या दास लौहनगरी जमशेदपुर के साहित्यकार-पत्रकार बादल भुइयां और सीमा दास की बेटी हैं। अनन्या का एक छोटा भाई संभव भुइयां है जो विदेश में पढाई कर रहा है। अनन्या ने 2013 में राजेंद्र विद्यालय से प्लस टू साइंस की पढ़ाई खत्म करके कटक के रामेंसा यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी लिटरेचर में ग्रेजुएशन किया और कॉलेज की सेकंड टॉपर रही। 2017 में पहले प्रयास में उन्होंने 579 रैंक लाकर भारतीय रेल सेवा में चुनी गई( वहां 2 साल की सेवा देने के पश्चात 2019 में यूपीएससी परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 60 वां रैंक लाकर अनन्या आईएएस चुनी गईं। प्रशिक्षण के दौरान मसूरी में उन्हें कविता और बात विवाद प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान मिला था। अनन्या ने अपनी इस उपलब्धि के लिए माता-पिता और नानी के अलावा अपने मामा श्रवण दास दिलीप दास रंजन दास को श्रेय दिया है।

## शिव शंकर सिंह ने जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा को किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की के संरक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने कार्यालय में भाजपा जमशेदपुर महानगर के नवमनोनित जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा का स्वागत अभिनंदन किया। मौके पर, नवमनोनित जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा के कोशिश संस्था के कार्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं ने भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद के उद्धोष से पूरे हर्षोल्लास और गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने कहा ₹भाजपा माननीय सुधांशु ओझा जी को जमशेदपुर महानगर का जिलाध्यक्ष मनोनित कर एक समर्पित कार्यकर्ता को महत्व देने का अभिनंदनीय कार्य किया है। इससे कार्यकताओं में एक नया जोश और ऊर्जा का संचार हुआ जो पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगी।

## नारायण आइटीआई में याद किए गए गांधी

**जमशेदपुर।** गत 30 जनवरी को नारायण प्राइवेट आईटीआई लूपुंगडीह चांडिल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई। इसमें उपस्थित संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडेय ने कहा गांधीजी (जन्मः 2 अक्टूबर 1869 - निधनः 30 जनवरी 1948) जिन्हें महात्मा गांधी के नाम से भी जाना जाता है भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह (व्यापक सविनय अवज्ञा) के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार करने के समर्थक अग्रणी नेता थे। उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी जिसने भारत सहित पूरे विश्व में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। उन्हें संसार में साधारण जनता महात्मा गांधी के नाम से जानती है। संस्कृत भाषा में महात्मा अथवा 'महान आत्मा' एक सम्मान सूचक शब्द है।

## न्युवोको को तीसरी तिमाही में 31.03 करोड़ रुपये का हुआ लाभ

**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत की निर्माण सामग्री क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी, ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में 31.03 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है। बीते साल की समान तिमाही में न्युवोको ने 75.29 करोड़ रुपये का नुक्सान दर्ज किया था। भारत में पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, न्युवोको ने लगातार मजबूत प्रदर्शन किया और न्युवोको ने बिक्री और आय में बढ़ोतरी के साथ लाभ भी कमाया है। तीसरी तिमाही में न्युवोको की कुल सीमेंट बिक्री 4.02 एमएमटी तक पहुंच गई और अपने पूरे संचालन से राजस्व 2,421 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में न्युवोको की नेट कंसोलिडेटेड आय 2,431.87 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 2,608.76 करोड़ रुपये से 6.78 प्रतिशत कम है। इस दौरान न्युवोको का एबिटिडा 55 फीसदी बढ़कर 421 करोड़ रुपये रहा जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं न्युवोको का कुल ऋण 632 करोड़ रुपये कम होकर 4,533 करोड़ रुपये रह गया है। इससे भी न्युवोको को लाभ बढ़ाने में सफलता मिली है।

## नरेंद्र मोदी विचार मंच ने सुधांशु ओझा को किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश संयोजक अश्विनी झा ने भाजपा जमशेदपुर महानगर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा का स्वागत जमशेदपुर भाजपा कार्यालय में पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया। साथ ही उन्होंने सुधांशु ओझा के साथ अपने छात्र जीवन के संघर्ष को स्मरण करते हुए कहा कि सुधांशु एक कुशल संगठनकर्ता रहें हैं, भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने संगठन से जमीनी स्तर पर जुड़े हुए कार्यकर्ता को मौका देकर सराहनीय कार्य किया है, मुझे पूर्ण विश्वास हैं कि सुधांशु ओझा जी के नेतृत्व में जमशेदपुर भाजपा नया कृतिमान स्थापित करेगा। मौके पर बम सिंह, सुनील सिंह, पप्पू सिंह आदि उपस्थित रहें। नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बिनोद राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि ठाकुर,प्रदेश संगठन मंत्री सुजीत वर्मा, जिला अध्यक्ष रितेश सिंह एवं जिला महामंत्री नीतीश राय ने भी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई दिया।

## आंदोलनकारी के पुण्य तिथि पर किया गया नमन

**चांडिल।** रविवार को एनएच 33 स्थित भादूडीह के हुमीद स्थित एक होटल में झारखंड आंदोलनकारी स्व भजोहरि महतो के तृतीय पुण्यतिथि पर चांडिल के पूर्व जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश लायेक शामिल होकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर बुद्धेश्वर बेसरा, दयाल महतो, मनोज महतो, प्रेम सिंह सरदार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जैट का कट ऑफ मार्क्स हुआ जारी, एक्सएलआरआइ में एडमिशन का कट ऑफ बढ़ा

## तीन मुख्य कारक पर तय होते हैं कटऑफ

एक्सएलआरआई प्रवेश के लिए जैट कट-ऑफ कई कारकों पर आधारित होते हैं। तीन मुख्य निर्धारण कारकों में से एक हैं उस वर्ष जैट की परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या, जैट के प्रश्न पत्र का कठिनाई स्तर और उपलब्ध सीटों की संख्या मुख्य तीन कारक हैं। इसमें टॉप स्कोरर छात्र-छात्राओं का चयन एक्सएलआरआइ में होगा। हालांकि देश की सबसे पुरानी प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक, जैट ने हमेशा अत्याधुनिक परीक्षण पद्धति के साथ तालमेल रखा है। जैट का बहुआयामी परीक्षण ढांचा बिजनेस मैनेजमेंट की शिक्षा के लिए उम्मीदवारों की योग्यता का सार्थक रूप से आकलन करने का प्रयास करता है।

## महिला उम्मीदवारों के लिए कम किया गया कटऑफ



## 2200-2800 उम्मीदवारों को भेजा जायेगा इंटरव्यू के लिए कॉल लेटर

एक्सएलआरआइ जमशेदपुर व दिल्ली दोनों ही ब्रांच में एडमिशन के लिए उम्मीदवारों को कॉल लेटर भेजी जायेगी। एक्सएलआरआइ के दोनों परिसरों के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए 2023-2025 में एडमिशन के लिए करीब 2200- 2800 उम्मीदवारों का इंटरव्यू होगा। पीजीडीएम (जीएम) कार्यक्रम के इंटरव्यू अंतिम चरण में हैं। आईईवी और डबल मास्टर प्रोग्राम जैसे कार्यक्रमों के लिए कट ऑफ बाद में कार्यक्रम की विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करने वाले कार्यक्रम के परामर्श से तय किया जायेगा। दो राउंड की इंटरव्यू हो चुकी है। अब तीसरे राउंड के लिए इंटरव्यू होगी।

| कट ऑफ 2024 (पर्सेंटाइल) | ---------- |
|---|---|
| बीएम : | ह्यूमन रिसोर्स मनेजमेंट |
| क्यूए-वीए-एलआर-डीएम- कुल | क्यूए : वीएएलआर-डीएम-कुल |
| इंजीनियर पुरुष- 86-83-85-95 | जनरल इंजीनियर पुरुष-80-90-85-95 |
| महिलाएं -81-80-80-91 | महिलाएं- 7385-78-90 |
| सामान्य गैर-इंजीनियर पुरुष- 85-83-86-95 | सामान्य गैर-इंजीनियर पुरुष- 75-90-85-93 |
| महिलाएं 80-80-81-90 | महिलाएं- 68-85-78-88 |

## शिक्षा में महिलाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास : प्रो. राहुल शुक्ला

जैट 2024 के संयोजक प्रो. राहुल शुक्ला ने कहा कि एक्सएलआरआइ द्वारा महिलाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने की अपनी परंपरा रही है। इस परंपरा को जारी रखते हुए इस साल भी पुरुष उम्मीदवारों की तुलना में महिला उम्मीदवारों का कटऑफ मार्क्स कम रखा गया है। कहा कि विविधता बढ़ाने के लिए, बीएम और एचआरएम दोनों कार्यक्रमों के लिए गैर-इंजीनियरिंग उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवारों का कट ऑफ कम किया जाता है। एक्सएलआरआई एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार संस्थान होने के नाते, वंचित समुदायों को भी कम कटऑफ आवंटित किया गया है।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने जैट (जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट) 2024 के लिए कट ऑफ मार्क्स की घोषणा कर दी है। संस्थान के अधिकृत वेबसाइट पर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट के पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल के उक्त दोनों कोर्स की जानकारी साझा की है। एक्सएलआरआइ प्रबंधन के अनुसार इस बार जैट 2024 में बिजनेस मैनेजमेंट ( बीएम) में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटऑफ 96 पर्सेंटाइल तय किया गया है, वहीं इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए यह 91 पर्सेंटाइल तय किया गया है। जबकि नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों के लिए जहां 95 पर्सेंटाइल वहीं नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए 90 पर्सेंटाइल अंक दिये तय किये गये हैं। इधर, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड वाले पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटऑफ मार्क्स 95 पर्सेंटाइल जबकि इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए 90 पर्सेंटाइल अंक तय किये गये हैं। नॉन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के पुरुष आवेदकों को ह्यूमन रिसोर्स प्रोग्राम के लिए 93 पर्सेंटाइल जबकि नॉन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की महिलाओं के लिए सिर्फ 88 पर्सेंटाइल तय किया गया है। पिछले साल की तुलना में कटऑफ में अपेक्षाकृत बढ़ोतरी की गयी है। पिछले साल जहां बीएम के इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारो का कटऑफ 95 पर्सेंटाइल था उसे इस बार बढ़ा कर 96 किया गया है, जबकि एचआरएम में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों का कट ऑफ जहां 93 था वहीं, इस साल उसे बढ़ा कर 95 पर्सेंटाइल कर दिया गया है।

# खेल बच्चों के शारीरिक, सामाजिक और नैतिक विकास को बढ़ावा देता है: डॉ मेहता

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित
- खेल, स्मरण शक्ति, ध्यान एकाग्रता तथा अध्ययन करने में सहयोगी : प्राचार्य डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**




ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सम्मानित करते विधायक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशीप, शाहपुर, मेदिनीनगर में धूमधाम से तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्यद्वार पर मुख्य अतिथि माननीय चेयरमैन ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूशन एवं झारखण्ड विधानसभा (पांकी) के विधायक डॉ एस बी पी मेहता को तिलक लगाकर और गुलदस्ता प्रदानकर स्वागत किया गया।

मंच तक छात्राओं के द्वारा नृत्य एवं विद्यालयीन बैंड टीम के द्वारा कदमताल करते हुए उनकी अगुआई की गयी। छात्रों के द्वारा मनोरम स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय ध्वज फहराया गया। चारों सदनों के द्वारा परेड आयोजित किया गया। परेड देखने योग्य था, जिसे देखकर दर्शकों ने तालियाँ बजाकर सराहना किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा मशाल जलाकर, शांति एवं सौहार्द्र के प्रतीक कबूतर और गुब्बारों को छोड़कर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात विद्यालय के हेड गर्ल के द्वारा खेल-शपथ ग्रहण कराया गया। तत्पश्चात तृतीय एवं चतुर्थ कक्षा के छात्र-छात्राओं के द्वारा एरोबिक ड्रिल किया गया। ऑक्सफोर्ड परिवार, प्राचार्य एवं अध्यापकों के द्वारा मुख्य अतिथि डॉ एस बी पी मेहता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मेहता ने अपने भाषण में अभिभावकों एवं जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी विद्यालय का नाम रोशन करना होगा। उन्होने विद्यालय के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की करने के साथ ही खेल की दुनिया में भी महेन्द्र सिंह धोनी, दीपिका कुमारी जैसे खिलाड़ियों की तरह अपना कैरियर बनाकर अपने राज्य एवं देश का मान बढ़ाने की बात कही। खेल बच्चों के शारीरिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास को बढ़ावा देता है।

अतः आवश्यक है कि माता-पिता की भूमिका बच्चों में खेल के प्रति रुचि पैदा करने में रहे। खेल से बच्चों में प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा की भावना जन्म लेती है। सफलता के क्षेत्र में यह आवश्यक है। हरियाणा राज्य की भूमिका भारत में खेलकूद के क्षेत्र में प्रथम स्थान है, किंतु मैं चाहता हूं कि हमारा राज्य भी इस क्षेत्र में अपना नाम दर्ज करें। इसके लिए मैं हमेशा जागरुक एवं क्रियाशील रहूंगा।

**क्या बोले प्राचार्य :** विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने अपने भाषण में कहा कि खेलकूद स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। बच्चों एवं युवाओं के लिए खेल, स्मरण शक्ति, ध्यान एकाग्रता तथा अध्ययन करने में भी सहयोगी होते हैं। खेल से ही नेतृत्व, भावनात्मक एवं सहन शक्ति का विकास होता है। इससे केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं अपितु विनयशीलता, अनुशासन, दृढ़ संकल्प, मानसिक दृढ़ता एवं आत्मविश्वास की भी वृद्धि होती है। प्राचार्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ी अपने कौशल प्रदर्शन से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं चतुरदिक विकास के लिए कृत संकल्प है। अंत में विद्यालय की अध्यापिका शिल्पी कुमारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी। खेलकूद प्रतियोगिता मे विद्यालय के विद्धार्थियों ने विभिान प्रतियागिताओं मे बेहतर प्रदर्शन किये। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### चलो गांव की ओर कार्यक्रम को ले बैठक



**विश्रामपुर (पलामू)।** चलो गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर बुधवार को विश्रामपुर नप मुख्यालय में भाजपा नगर मंडल की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महामंत्री मनीष कुमार व संचालन उपाध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया। बैठक की शुरुआत मुख्य अतिथि कार्यक्रम प्रभारी रामचंद्र यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया। रामचंद्र यादव ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, जिला कार्यसमिति किरण देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री अर्चना देवी, प्रभुषण चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

### मनातू के भाजपाइयों ने किया स्वागत



**मनातू पलामू।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड के विभिन्न जिला के जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के नामों की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है। बुधवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी को मनातू मंडल अध्यक्ष सतेंद्र यादव, मनातू जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला, सांसद प्रतिनिधि विगु साहू, मीडिया प्रभारी अंतु यादव, दिलीप कुमार सिंह ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। मंडल के महामंत्री धर्मेंद्र प्रसाद ने भी बधाई दी।

### कन्या मवि में मना सम्मान समारोह



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर कन्या मध्य विद्यालय के प्राचार्य कन्हाई राम बुधवार को सेवानिवृत हो गये। सेवानिवृति पर उनके सम्मान में विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक नीतीश कुमार व संचालन आशीष राणा ने किया। शिक्षकों ने कन्हाई राम के कार्यकाल की सराहना करते हुये कहा कि इन्होंने अनुसाशन व संस्कार पूर्ण शिक्षा बच्चों को दी है। कन्हाई राम ने कहा कि स्कूल के छात्राओं का हमेशा अपने बच्चों जैसा ख्याल रखा है। बच्चों ने भी मुझे पूरा सम्मान दिया है। मौके पर दयाशंकर बाजपेयी, शिक्षक अरविंद कुमार, संजय कुमार, देवेश कुमार, कमरुल हक, अनिता कुमारी, रविरंजन पाठक, कमरोज आलम, चंदन कुमार, बेबी देवी आदि मौजूद थे।

### निर्धारित समय से पहले कर दी जाती है स्कूल की छुट्टी: प्रमुख गायत्री देवी



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के चांदो पंचायत के टोला अलगडीहा में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलगडीहा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल बंद मिला, जिस पर उन्होंने प्राचार्य नंदलाल सिंह से कहा कि 02:20 बजे ही स्कूल क्यों बंद कर दिये? जिसपर नंदलाल ने कहा कि स्कूल के अध्यक्ष जसमतिया देवी पति कमेश राम के सास की मौत हो गयी थी, जिसपर शोक व्यक्त करते हुए स्कूल को समय से पहले बंद कर दिया गया। प्रमुख ने कहा कि किसी एक व्यक्ति की मौत पर स्कूल बंद नहीं होना चाहिए। शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसकी शिकायत वरीय अधिकारी से करेंगे तभी लचर शिक्षा व्यवस्था में सुधार आयेगी। बीइओ रामा पाठक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है। किसी की मौत पर असमय स्कूल बंद करने वाले शिक्षकों की त्वरित जांच कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### खेल आपसी एकता और भाईचारा को बढ़ावा देता है : रामाशीष यादव



**उंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा (जरही टोला) में वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट सह आजनवन विकास समिति के तत्वाधान में पोटो हो आजनवन खेल मैदान में खेले जा रहे टूर्नामेंट का समापन मैच मंगलवार को खेला गया। फाइनल मैच उंटारी रोड बनाम चैनपुर प्रखंड के बीच खेला गया। खेल शुरू होने से मध्यांतर के बीच शुरुआती गोल चैनपुर के टीम ने दागी जिसके उपरांत उंटारी की टीम ने लगातार दो गोल दागकर 2-1 से बढ़त बना लिया मध्यांतर के बाद पुनः खेल शुरू होने पर कोई टीम गोल नहीं दाग सकी जिससे उंटारी की टीम 2-1 से बढ़त बनाकर कप पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व खेल शुरू होने से पहले फाइनल मैच के बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के सलाहकार, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग रामाशीष यादव, जोगा मुखिया कमला देवी, आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सह विधानसभा प्रत्याशी सिराज खान, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बेहद जरूरी है खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलनी चाहिए। खेल से एकता व भाईचारा को बढ़ावा देता है। उन्होंने कमिटी को टूर्नामेंट का शांतिपूर्ण सफल आयोजन की सराहना की।

### सरकारी सेवा में बेदाग सेवानिवृत्ति सबसे बड़ी उपलब्धि : बीडीओ

**पड़वा पलामू।** पड़वा प्रखंड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि आज के समय में सेवा काल में बेदाग सेवानिवृत्ति बहुत ही बड़ी उपलब्धि है। पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानआहर के शिक्षक सत्यनारायण पांडेय के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सभी सरकारी कर्मियों को नसीब नहीं होता। भाग्यशाली कर्मी ही सेवानिवृत्ति का लाभ ले पाते हैं।

---

सतबरवा में चतुर्थ सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा में बोले विधायक डॉ शशिभूषण

# सभ्यता-संस्कृति के विकास के लिए जागरूक हो सरना समाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सम्मान समारोह में शामिल लोग।

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह गांव के अधमनिया टोला में आदिवासी आदि कुड़ूख सरना समाज के बैनर तले बुधवार को चतुर्थ सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता थे। इस दौरान सरना आदिवासी समाज के लोगों ने मांदर के थाप विधायक डॉ मेहता का स्वागत किया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि सरना समाज के लोग आदि काल से प्रकृति के पूजा करते आ रहे हैं। सरना समाज के लोगों को अपनी सभ्यता व संस्कृति के विकास के लिए जागरूक होने की जरूरत है। कुड़ूख भाषा प्रकृति की भाषा है। सरकार इस भाषा को कक्षा एक से एमए तक अनिवार्य करे तभी सभी जाति धर्म के लोगों को लाभ मिलेगा। डॉ मेहता ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा शेरनी का दूध है जिस पीने से कोई भी दहाड़ने लगता है इसलिए अपने बच्चों को किसी भी स्थिति में शिक्षा दें। डॉ मेहता कार्यक्रम के लिए पंद्रह हजार रुपये तथा बालुमाथ के सामाजिक कार्यकर्ता बबन कुमार ने आर्थिक सहयोग किया।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया रिंकी यादव, संतोष उरांव, कमेश यादव, बबन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष कुमार सिन्हा, शंकर उरांव, अजय उरांव, रंजनी माता, अध्यक्ष प्रवेश उरांव, सचिव योगेंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष सेडू उरांव, पाहन मन्नु उरांव, बलीतर उरांव, पच्चु उरांव, नगीना उरांव, महेश यादव, संजय यादव, अनुज चंद्रवंशी, सेठा उरांव, अशोक यादव समेत सरना समाज कई लोग मौजूद थे।

# यातायात नियम अपनाकर सुरक्षित झारखंड बनायेंगे : रामजीत सिंह

- संत मरियम विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में गुरुवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया। विदित हो कि 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पूरे देश में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह मनाया जा रहा है। जिसके मद्देनजर सालों भर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने वाली एकमात्र संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संत मरियम स्कूल के बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा पर क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। भाषण प्रतियोगिता में इशिका अग्रवाल प्रथम आयी और क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे आयुष गुप्ता, द्वितीय स्थान पर साक्षी अग्रवाल और तृतीय स्थान पर आर्यन अग्रवाल रहे। सभी विजेताओं को ट्रैफिक इंचार्ज रामजीत सिंह और परिवहन विभाग के विनीत सिंह एवं टीम वरदान ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। ट्रैफिक इंचार्ज रामजीत सिंह ने सभी बच्चों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायत दी और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के सड़कों पर वाहन न चलाने की सलाह दी।

# ब्रह्मदेव प्रसाद का ओबीसी जागरूकता रथ पहुंचा मुरमा और तीसीबार गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर पलामू।** ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ बुधवार को तिसिबार, मुरमा, कुटमू बाजार पहुंचा। बाजार के समीप नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संयोजक सदस्य गोरख नाथ चौधरी ने कहा की ओबीसी मोर्चा रथ का उद्देश्य आजादी से लेकर आज तक सत्तासीन लोग जो ओबीसी का हक और अधिकार को दबा कर बैठे हैं। वो लोग आरक्षण के नाम पर ओबीसी समाज का हत्या किया है। जब तक ओबीसी को हक अधिकार नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि आगामी 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में चलने का आग्रह किया। श्री चौधरी ने कहा की ओबीसी समाज का मकसद राजनीतिक दल और संगठन को ठेस पहुंचाना नहीं है। बल्कि ओबीसी को उचित हक और अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता था लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने आरक्षण ही खत्म कर दिया है।

# धनबाद मंडल ने डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर मनाया स्टेशन महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** स्टेशन पर धनबाद मंडल ने स्टेशन महोत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि ट्विंकल गुप्ता उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री ओझा ने कहा कि आज डालटनगंज रेलवे स्टेशन का 95 वर्ष पूरा हो चुका है। यह एक ऐतिहासिक स्टेशन है। सांसद के अथक प्रयास से लगातार इस स्टेशन का विकास हो रहा है एवं आने वाले समय में धनबाद मंडल का यह एक प्रमुख स्टेशन होगा। विधायक प्रतिनिधि ट्विंकल गुप्ता ने कहा कि स्टेशन के विकास में सभी का सहयोग अपेक्षित है। शहर के निवासी स्टेशन को साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखें। स्टेशन का लगातार विकास हो रहा है। टीआई अमित तिवारी एवं सीटीआई विकास कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि स्टेशन के समुचित विकास के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।

### जिलाध्यक्ष अमित तिवारी पाटन में सम्मानित



**पाटन पलामू।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी को बनाये जाने पर भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। साथ में जिला कार्य समिति सदस्य वशिष्ठ पांडे, पड़वा प्रखंड अध्यक्ष जमुना सिंह एवं राधेश्याम मेहता संयुक्त रूप से सम्मानित किये। निरंजन पासवान ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एवं भाजपा के ऊजार्वान नेता को बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ कहे कि इनको जिला अध्यक्ष बनाए जाने से संगठन में मजबूती होगा तथा पलामू लोकसभा सीट एवं पलामू के पांचों विधानसभा सीट भाजपा के झोली में जायेगी तथा झारखंड में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

### कर्नाटक से मजदूर का शव पहुंचा झारखंड



**मेदिनीनगर।** बंगलौर में ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त होकर रविवार को पांकी के पंचायत केकरगढ़ के ग्राम हेड़ुम निवासी नंददेव यादव के पुत्र अरुण (23) की मौत हो गयी थी। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के अथक प्रयास से हवाई मार्ग से शव को बुधवार की सुबह रांची एयरपोर्ट तक लाया गया। इसके पश्चात इनके निर्देशानुसार निजी सहायक सरोज चटर्जी ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट से पैतृक निवास पहुंचाये। इस अत्यंत दुखद घड़ी में खुद विधायक ने श्रद्धांजलि अर्पित कर मृत आत्मा की शांति की कामना की तथा शोकाकुल परिजनों को इस अत्यंत कठोर दुख को सहने का ढाढ़स बंधाया।

### प्रखंड कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय में विदाई समारोह किया गया। इसमें बीआरओ कामेश्वर मेहता एवं सीआई बालमोहन सिंह को विदाई दी गयी। प्रखंड कार्यालय में बीपीआरओ कामेश्वर मेहता को पाटन प्रमुख शोभा देवी पाटन बीडीओ अमित झा विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने शॉल, माला एवं बुके देकर सम्मानित किया। भविष्य में सुखमय जीवन कि शुभकामनाएं दी। अंचल कार्यालय में सीआई बालमोहन सिंह को पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा एवं अंचल कर्मियों ने सम्मानित किया। मौके पर बड़ा बाबू मृत्यंजय सिंह, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, बीएफटी ब्रजेश कुमार, जेई अभिषेक कुमार भी थे।

# पूर्व प्रमुख पति पर हमले के आरोप में मां-बाप और तीन पुत्र भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़, पलामू।** पूर्व प्रमुख गुड्डी देवी के पति संजय सिंह पर हमले के आरोप में पुलिस ने एक परिवार की महिला, उसके पति और तीन पुत्रों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में आदर गांव के मोहन सिंह (50) उसकी पत्नी देवकाली देवी (55), पुत्र कमलेश सिंह (35), अभिषेक सिंह (27) और प्रवीण सिंह (29) शामिल हैं। बताते चलें कि मंगलवार को चोरहट पंचायत के आदर गांव में पूर्व प्रमुख पति संजय सिंह पर जानलेवा हमला किया गया था। हमले में संजय गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। मारपीट के बाद हमलावरों ने उनके दोनों हाथ और पैर बांधकर अपने ही घर में बंद कर दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय सदल बल घटना स्थल पर पहुंचे थे और उन्हें जख्मी हालत में घर से निकाल इलाज के लिए भेजवाया था।

### सेवानिवृत सैन्य अधिकारी के निधन पर जताया शोक

**विश्रामपुर (पलामू)।** सेवानिवृत सैन्य अधिकारी राम पूजन चौबे (98) का मंगलवार सुबह आठ बजे निधन हो गया।



वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ थे। उन्होंने विश्रामपुर ब्लॉक रोड स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। स्व चौबे अपने पीछे पांच पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका दाह संस्कार वाराणसी गंगा तट पर किया गया। अंतिम यात्रा में उनके पुत्र रमेश चौबे, उमेश चौबे, दिनेश चौबे, राजेश चौबे, ब्रजेश चौबे मौजूद थे।

# युवा भाजपा नेत्री ममता ने जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** युवा भाजपा नेत्री ममता भुइयां ने भाजपा के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अमित तिवारी से मुलाकात कर जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। भाजपा नेत्री ममता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने अमित तिवारी जैसे युवा व संघर्षशील नेता को जिलाध्यक्ष पद का दात्यिव देकर संगठन की मजबूती और सशक्ति के लिए सभी को जुट जाने का संदेश दिया है। ममता ने कहा कि जिलाध्यक्ष अमित तिवारी युवा है, इसके साथ ही संगठन को बेहतर नेतृत्व देने का अनुभव भी है। पूर्व में भी वह इस दात्यिव का ईमानदारी, समर्पण और पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर चुके हैं। छात्र जीवन से ही वह राजनीतिक में सक्रिय है। उनकी सक्रियता, समर्पण और निष्ठा भाव के साथ काम करने का लाभ पलामू में भाजपा को मिलेगा।

# प्रोन्नति और पोस्टिंग के लिए होम गार्ड निरीक्षक अनुज झा सम्मानित

- कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सम्मान समारोह में शामिल लोग।

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के द्वारा होमगार्ड कार्यालय में सम्मान समारोह एवं विदाई समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरीक्षक अनुज कुमार झा एवं विशिष्ट इतिथि कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने की। मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, सचिव रणजीत रंजन, जिला प्रभारी वंदना कुमारी, बंटी कुमार गुप्ता, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान, सदर प्रखंड अध्यक्ष जिंदल कुमार, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष सीताराम यादव,वरिष्ठ सदस्य संतोष दुबे, कोषाध्यक्ष मधु देवी, वरिष्ठ सदस्य अखिलेश पाठक, केंद्रीय सदस्य महिला प्रकोष्ठ रानी देवी, रीना देवी, पूजा देवी उपस्थित थे। सभी ने श्री लकड़ा को पुष्प कुछ देकर एवं शॉल भेंट कर विदाई दी।

- जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने कहा कि पलामू जिला के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। जहां एक तरफ खुशी है वहीं एक तरफ गम है। जन कल्याण ट्रस्ट को सकुशल बढ़ाने में कार्य प्रणाली को धरातल पर उतारने में श्री लकड़ा की अहम भूमिका सदैव याद की जायेगी। पलामू में कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा की अहम भूमिका रही है। जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से जवानों के बीच अहम भूमिका निभाया। समाज के लिए अपने आप को समर्पित करके एक अलग मुकाम पाया। उनका कार्य हर क्षण याद किया जायेगा। ब्लड बैंक कैंप में इनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कहा कि निरीक्षक अनुज झा जो पलामू जिला में पद स्थापित रहते हुए कार्य क्षेत्र के सराहनीय एवं समाज की विकास में अपेक्षित भूमिका निभायी है।

ओबीसी समाज का जागरूकता अभियान रथ हुसैनाबाद पहुंचा

# पलामू जीएसटी/इनकम टैक्स के अनुपात में 50 वर्ष में पेंशन की व्यवस्था करायी जाये : बीडी प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते ओबीसी एकता मंच के सदस्य।

**हुसैनाबाद, पलामू।** ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल द्वारा आगामी 11 फरवरी को पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी को लेकर चलाए जा रहे रथ यात्रा बुधवार को हुसैनाबाद पंहुचा। रूद्रा होटल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया बंधु के साथ वार्ता मे पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि हम सभी व्यावसायिक वर्ग सरकार को जीएसटी /इनकम टैक्स भारी मात्रा में देते हैं परंतु सरकार की लापरवाही के कारण हमारी ना तो सुरक्षा हो पा रही है और न ही हमें सुरक्षित रख पाने की जुगत! हम व्यावसायिक वर्ग जीएसटी के अनुपात में 50 वर्ष में पेंशन की व्यवस्था का मांग करते हैं। साथ ही बी डी प्रसाद ने हुसैनाबाद वासियों से अनुरोध किया कि दिनांक 11 फरवरी दिन रविवार को समय 9 बजे शिवाजी मैदान मेदिनी नगर डालटेनगंज पलामू में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर ओबीसी जागरूकता रथ यात्रा अभियान सह महासम्मेलन में भाग लेकर महासम्मेलन को सफल बनायें। मौके पर युगल पाल, अजय वर्मा, गोरखनाथ चौधरी, अशर्फी चंद्रवंशी, बृजनंदन मेहता, वीरेंद्र चंद्रवंशी, राज नारायण पटेल, सुभाष कुमार प्रणव कुमार भी थे।

स्पीड न्यूज

## बीआईटी सिंदरी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर को दी गई विदाई

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के दो बार विभागाध्यक्ष रहे डॉ विक्रमा पाण्डेय के सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विभाग में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें उनके 40 वर्षों के योगदान को याद कर निदेशक डॉ पंकज राय ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संस्थान निदेशक ने कहा कि डॉ विक्रमा पाण्डेय का योगदान अभूतपूर्ण है। उन्होंने दो बार विभागाध्यक्ष सहित जीआरएस कल्ब के प्रभारी के रुप में उन्होंने बेहतरीन कार्य किया। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। विदाई समारोह में डॉ उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ माया राजनारायण रे, डॉ बी डी यादव, डॉ कोमल कुमारी, प्रो निपेन कुमार दास, प्रो प्रकाश कुमार उराँव, प्रो इकबाल शेख, प्रो सरोज मीणा और प्रो प्रशान्त रंजन मालवीय सहित विभाग के सभी प्राध्यापक गण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पंचायत सचिव को दी गई विदाई

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को प्रमुख निर्मला सिंह की अध्यक्षता में एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त पूर्व पंचायती राज पदाधिकारी एवं पंचायत सचिव काली पद रजक की विदाई दी गई। इस अवसर पर बीडीओ जहीर आलम ने उन्हें जीएफ का 17 लाख का चेक एवं प्रखंड कार्यालय परिवार की ओर से उपहार प्रदान किया। बीडीओ ने कहा कि कालीपद मृदुभाषी, मिलनसार, कुशल एवं कर्मठ बीपीआरओ एवं पंचायत सचिव रहे। प्रखंड प्रमुख ने उनके कार्यों की सराहना की। श्री रजक ने कहा कि सभी के सहयोग एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन में उन्होंने बेहतर करने का प्रयास किया । प्रखंड कार्यालय को जब भी आवश्यकता होगी वह सेवा देंगे । मौके पर पूर्व प्रमुख डीएन सिंह, बीएसएस वीरेंद्र विश्वकर्मा, जसीम अख्तर, प्रधान सहायक अब्दुल माजिद, सुदन चंद्र राणा, विजय कुमार, दुर्योधन महतो, रामनरेश प्रसाद, श्वेता कुमारी, अजय पांडेय, होपेन टुडू, मुकेश कुमार, संजय मरांडी समेत सभी पर्यवेक्षक एवं कर्मी मौजूद थे।

## रागिनी सिंह ने जमुना प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि दी

**धनबाद।** धनबाद राजपूत विचार मंच चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रागिनी सिंह सम्मिलित हुई एवं संबोधन में अपने विचार साझा किए। वही राजपूत विचार मंच के संस्थापक स्वर्गीय यमुना प्रसाद सिंह के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।वही इस अवसर पर महिला सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। मौके पर मुकेश सिंह , एसएन सिंह समेत राजपूत विचार मंच चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यगण मौजूद थे।

## शहरी जलापूर्ति के अवैध कनेक्शन का सर्वे शुरू

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति का अवैध कनेक्शन लिए लोगों की अब खैर नही है विभाग द्वारा सर्वे प्रारंभ कर दी गई है। विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य सड़क चिरकुंडा, नेहरू रोड व चिरकुंडा-पंचेत रोड के अलावे विभिन्न वार्डों में जो भी लोग चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना का अवैध कनेक्शन लिए हुए हैं उसका विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा सर्वे प्रारंभ कर दी गई है। उन्होने पानी का अवैध कनेक्शन लिए लोगों से कहा है कि वे लोग जल्द ही नगर परिषद कार्यालय आकर अवैध कनेक्शन को वैध करा लें नही तो विभाग द्वारा पकड़ाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लोगों को बताया गया कि अगर लोग अपने अवैध कनेक्शन को वैध नहीं कराते हैं और यूं ही जलापूर्ति का लाभ लेते रहते हैं तो उनके ऊपर भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

# हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार देसी रिवाल्वर और तीन मोबाइल जब्त

**सुदामडीह में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दबोचा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** धनबाद जिले के सुदामडीह थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो बदमाशों को धर दबोचा। उनके पास से एक देसी रिवाल्वर, तीन मोबाइल फोन और 43 हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं। यह जानकारी सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे सुदामडीह थाना क्षेत्र के मोहन बाजार भाटडीह मोड़ पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को बाइक से भागते हुए दौड़ा कर पकड़ा। इनमें से एक अभिषेक कुमार पंडित बाइक चला रहा था, जबकि प्रेम कुमार गोप पीछे बैठा था। पुलिस ने प्रेम कुमार के पास से देसी रिवाल्वर जब्त किया है। दोनों युवक डिगवाडीह 2 नंबर के रहनेवाले हैं। पुलिस की पूछताछ में दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि वे लोग झरिया की ओर हथियार बेचने जा रहे थे। पुलिस पता लगा रही है कि कहीं इनका संबंध किसी गिरोह से तो नहीं है। थाने में मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया। जांच अभियान में सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा, एएसआई अमरेश कुमार, आरक्षी महेंद्र सिंह और हवलदार अमरजीत दास शामिल थे।

# बाल संरक्षण उन्मुखीकरण पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गोविंदपुर में बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण उन्मुखीकरण पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी ने कहा कि जब तक बाल कल्याण की सभी सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन नहीं होगा, तब तक बाल विवाह एवं बाल श्रम को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रधानों को बाल संरक्षण के सभी नियमों की जानकारी रखनी चाहिए। डीईओ भूतनाथ रजवार ने कहा कि बच्चे विद्यालयों का केंद्र बिंदु है और जिस तरह एक मूर्तिकार मिट्टी से मूर्ति का रूप देता है, उसी तरह बच्चों को अच्छा नागरिक बनाना शिक्षकों का कर्तव्य है। बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी ने कहा कि विद्यालय प्रधानो की तत्परता से बच्चों की कई समस्याओं का समाधान हो सकता है। जिला साधनसेवी दिलीप कर्ण ने पास्को एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के एक सर्वेक्षण के अनुसार 66% बालिकाएं एवं 40% बालक एनीमिया के शिकार है । 25% बालिकाओं एवं 23 प्रतिशत बालकों का बाल विवाह हो रहा है। 10% बालिकाएं कम उम्र में गर्भधारण कर रही है ।48% बालक तंबाकू और 35% बालक शराब का सेवन कर रहे हैं । 9% बालिकाएं तंबाकू और 6% बालिकाएं शराब ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रति एक लाख बच्चों में 10 आत्महत्या कर रहे हैं और एक लाख बालिकाओं में सात आत्महत्या कर रही है।

**कार्यशाला में थे शामिल**

बीईईओ सहदेव महतो, राजीव रंजन, अशोक पाल, सुभाष प्रसाद, विनोद मोदी, विनोद पांडेय, एसआई संदीप कुमार, डा राजेश्वर राय, सुधीर राय, ओम प्रकाश सिंह, सुनीता कुमारी, गिरीश कुमार साहनी, दिनेश सिंह, सिद्धेश्वर मन्ना, डा रंजू रानी शर्मा, प्रमोद कुमार चौधरी समेत जिले के सभी हाई स्कूलों एवं प्लस टू हाई स्कूलों के प्राचार्य ने भाग लिया।

# प्रबंधन और प्रशासन की मनाही के बाद भी भू धंसान क्षेत्र में चल रही है दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** गुहीबांध स्थित भू धँसान वाले क्षेत्र में 2 जून की रोटी कमाने खाने के लिए लोग अपनी जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं। पलक झपकते ही कब और कौन काल के गाल में समा जायेगा ये कोई नही जानता है। यहाँ कदम कदम पर मौत खड़ी है। ये जानते हुए भी यहाँ के दुकानदार भाई अपने और अपने परिवार की पेट की आग बुझाने के लिए जिंदगी और मौत के बीच अपना दुकान चला रहे हैं। खटाल भी चल रहा है जिसमें कई मवेशी है।बता दे कि आज से 10 दिन पहले मंगलवार की रात लगभग 8 बजे एक तेज और जोरदार धमाका के साथ कतरास राजगंज मुख्य मार्ग में गुहीबांध मिल्लत क्लब के समीप सड़क से मात्र 10 फीट की दूरी पर भू धँसान हो गया था। जिसमें 4-5 दुकानें सहित लाखों का सामान भी जमींदोज हो गया। बुधवार को भी थोड़ा बहुत भू धँसान हुआ। उक्त जमीन बीसीसीएल का बताया जाता है. घटना के बाद कई नेता, जनप्रतिनिधि, बीसीसीएल के अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँचे। बाद में प्रशासन एवं बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा खतरा को देखते हुए उक्त संभावित भू धँसान वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर तार आदि से फेंसिंग कर उक्त खतरा वाले क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई। ताकि कोई उस घेराबंदी के अंदर प्रवेश न कर सकें। जिससे जान माल की हानि से बचा जा सके। खतरे वाली नोटिस भी लगाया गया। लेकिन पेट की आग बुझाने के लिए लोग अपनी जान की परवाह न करते हुए फिर से अपना दुकान खोल लिए हैं।

# पेपर लीक मामले में छात्र समन्वय समिति का धरना-प्रदर्शन आज

**दुमका।** संताल परगाना प्रमंडल के छात्र समन्वय समिति ने जेएससीसी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने मामले में सीबीआई जांच करने की मांग को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। समिति ने परीक्षा पेपर लीक के खिलाफ सीबीआई जाँचए परीक्षा स्थगित करने एवं अन्य माँग को लेकर गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय घेराव को लेकर आवेदन सौंपा। समिति ने बताया कि कर्मचारी चयन आयोग सहायक शाखा आधिकारीए ब्लॉक आपूर्ति पदाधिकारी ब्लॉक कल्याण पदाधीकारी योजना सहायकए ब्लॉक पंचायती राज आधिकारी जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण पदों के लिए उम्मीदवारों की भर्ती के लिए राज्य के सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा जेएससीसी सीजीएल परीक्षा एवं विज्ञापन संख्या . 10Ǘ2023 के लिए कुल 2017 पदो के 28 जनवरी और 4 फरवरी को परीक्षा लेना सुनिश्चित किया गया था। बीते 28 जनवरी के परीक्षा से पूर्व ही पेपर लीक हो गया। जिसके विरोध में समन्वय समिति का सम्पूर्ण प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। आंदोलन उपायुक्त कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर किया जायेगा। आवेदन की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी दुमका देवघर गोड्?डा पाकुड़ साहेबगंज एवं जामताड़ा को सौंपा गया। समिति सदस्यों में श्यामदेव हेंब्रम राजीव बास्की सुनील हेम्ब्रम ज्ञान हांसदाए राम सोरेन आलोक राज सुजीत हेम्ब्रम सुरेश मुर्मू धर्मेंद्र कुमार मनोज टुडू केराप मुर्मू मुनीलाल हांसदा नागेश लाल सोरेन प्रकाश मुर्मू ललिता सोरेन लिलमुनि बास्की पिंकू दास बबलू मुर्मू जार्विस मुर्मू आदि मौजूद थे।

**एक नजर में**

## बाघमारा के नए डीएसपी बने महेश प्रजापति



**बाघमारा।** बुधवार को झारखंड सरकार गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा कई अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग की अधिसूचना जारी की गई। जिसके तहत हजारी बाग में पदस्थापित पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी महेश कुमार प्रजापति को बाघमारा का नया पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। बताते चले कि इससे पहले बाघमारा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में सुश्री निशा मुर्मू पद स्थापित थी। धनबाद जिले में बाघमारा क्षेत्र हॉटस्पॉट के रूप में जाना जाता है। ऐसी स्थिति में नए डीएसपी को बाघमारा में अपराध पर लगाम लगाने के लिए कड़े रुक अख्तियार करने पड़ेंगे। क्योंकि धनबाद के नए एसएसपी एच पी जनार्दन ने भी धनबाद को अपराध मुक्त करने के लिए कमर कस ली है। इसके साथ ही सभी थानेदारों को आदेश दिया है कि क्षेत्र में नजर बनाए रखें। बताते चले कि धनबाद जिले में कई थाना प्रभारी जो अपने कार्य के प्रति गैरजिम्मेदाराना तरीका अपना रहे थे उन्हें नए एसएसपी ने निलंबित भी कर दिया है।

## बीडीओ का जेएमएम ने बुके देकर किया स्वागत



**पूर्वी टुंडी।** नए प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह का बीस सूत्री अध्यक्ष तथा झामुमो प्रखंड कमेटी द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। एवं प्रखंड क्षेत्र के और अधिक विकास को लेकर अपनी बातों को रखा।मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कू, झामुमो प्रखंड सचिव शत्रुघ्न मंडल, पूर्व जीप सदस्य सुनील मुर्मू,झामुमो नेता अजीत मिश्रा, बसीर अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, प्रमोद मंडल आदि कार्यकर्ता मिले।

## झारखंड विधानसभा याचिका समिति ने की जिला पदाधिकारियों संग बैठक

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा की याचिका समिति के सदस्यों ने धनबाद जिला के पदाधिकारियों के साथ परिसदन भवन में बैठक की। विधायक लंबोदर महतो एवं विधायक नीरा यादव ने इस बैठक में कई याचिकाओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान समिति द्वारा पैक्स से संबंधित याचिका, बीसीसीएल से संबंधित याचिका, रेलवे में अनुकंपा पर नियुक्ति से संबंधित याचिका, रतन बिहार होटल में नौकरी से संबंधित याचिका, एसएनएमएमसीएच अस्पताल के बाउंड्रीवाल से संबंधित याचिका, झारखंड आंदोलनकारी के पेंशन से संबंधित याचिका, रैयती जमीन पर अतिक्रमण से संबंधित याचिका समेत कई याचिकाओं पर संबंधित पदाधिकारियों से जवाब मांगे गए। पदाधिकारियों द्वारा कई याचिकाओं पर संतोषजनक जवाब दिए।

# कुमारधुबी : सेवानिवृत्ति पर सहायक शिक्षक को दी विदाई

**कुमारधुबी।** आपकी जीवन का नया चरण खुशियां, स्वास्थ्य और रोमांच से भरा हो और अब यह आपकी मेहनत के फल का आनंद लेने का समय है, उक्त बातें मध्य विद्यालय शिवली बाड़ी निरसा 3 में आयोजित विदाई समारोह में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा तीन इकाई के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा ने बुधवार को कही। श्री झा ने विद्यालय के सहायक शिक्षक सुदेश्वर बाउरी के सेवानिवृत्ति के परिपेक्ष में आयोजित विदाई समारोह में शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि श्री बाउरी अद्भुत प्रतिभा के धनी व्यक्ति हैं उनका व्यक्तित्व बहुत ही आकर्षक और उच्च कोटि का है। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षक शिक्षकों के द्वारा बुके, अंग वस्त्र, उपहार सामग्री दिया गया। वही मंच का संचालन शिक्षक प्रमोद कुमार झा के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शास्वती पांडा, एमडी सलीम, प्रमिला कुमारी मौजूद थे।

# आचार संहिता मामले में पूर्व विधायक बरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** आचार संहिता मामले में एमपी. एमएलए कोर्ट ने साक्ष्य के आभाव में पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव को बरी का आदेश बुधवार को सुनाया। फैसला एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जितेंद्र राम की अदालत ने सुनाया। न्यायालय ने गोड्डा थाना कांड संख्या 547Ǘ22 में गोड्डा के पूर्व राजद विधायक संजय प्रसाद यादव को साक्ष्य के आभाव में बरी किया। श्री यादव पर गोड्डा रामनगर में सड़क के किनारे अनुज पान भंडार के सामने सरकारी जमीन पर बैनर लगाने का आरोप था। जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। इस केस में संजय प्रसाद यादव के अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद यादव एवं अधिवक्ता धर्मेंद्र नारायण प्रसाद थे।

# गांव चलो अभियान को लेकर चर्चा

**भाजपा कार्यकर्ता 4 फरवरी से चलायेंगे अभियान**

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** भाजपा जिला कार्यालय से गांव चलो अभियान कार्यक्रम की तैयारी के निमित्त जिला के पदाधिकारी मंडल के अध्यक्ष पार्टी के कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गौरव कांत ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांव चलो अभियान के दुमका जिला के प्रभारी और प्रदेश के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक अशोक भगत ने बताया की पार्टी के द्वारा 4 से लेकर 11 फरवरी तक गरीब कल्याण के प्रति विकास दृष्टि एवं मोदी सरकार के द्वारा संपन्न हुए विकास कार्यों को जन.जन तक ले जाकर आने वाले लोकसभा चुनाव में फिर एक बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस देश में एक मजबूत सरकार बनाने की जरूरत है। जिससे 2047 तक विकसित भारत बनाने के मोदी के प्रयास को गति दी जा सके। पीएम मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने की बात कही है। दुमका लोकसभा के प्रभारी पूर्व मंत्री राजपरिवार ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश पर 7 लाख गांव में एवं नगरों के सभी बूथों पर एक.एक कार्यकर्ता 24 घंटे का समय इस कार्य के लिए लगाएंगे। इसके लिए पार्टी प्रत्येक मंडल में प्रवासी कार्यकताओं को लगाएगी। ऐसे प्रवासी कार्यकर्ता पार्टी के सिद्धांतों विचारधाराओं एवं केंद्र की मोदी सरकार के विकास कार्यों को गांव.गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। दुमका लोकसभा के सयोजक पूर्व मंत्री रणधीर सिंह ने कहा की पीएम मोदी की गारंटी पर जनता को पूर्ण विश्वास है। इसलिए कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजना घर.घर जाकर बताए।

# मनोविज्ञान विभाग में एसकेएमयू के उप कुलसचिव को दी विदाई

**दुमका।** संताल परगना महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ शम्भू प्रसाद सिंह की विदाई समारोह बुधवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने की। विभागाध्यक्ष डॉ कलानंद ठाकुर के कुशल नेतृत्व में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उप कुलसचिव डॉ सिंह की सेवानिवृत्त 31 जनवरी को हुई। उनके सम्मान में ही एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मनोविज्ञान विभाग के पूर्व एवं वर्तमान के शिक्षकों के गरिमामयी उपस्थिति में डॉ शम्भू प्रसाद सिंह विदाई दी गई।

## शिक्षक को दी विदाई

**गोड्डा।** बुधवार को महागामा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कर्कटडीह के प्रांगण में विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण कुमार साह की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र हांसदा द्वारा श्री साह को अंगवस्त्र, साल, डायरी और पुष्पगुच्छ देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में रंगारंग कार्यक्रम

**वार्षिक उत्सव**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में दो दिवशीय वार्षिक उत्सव 2023 - 24 का आयोजन रंगारंग कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं भारत माता की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद आए हुए अतिथियों को बैच लगाकर एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया ।इसके बाद विद्यालय के भैया बहनों ने स्वागत गान के साथ सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए विद्यालय के छोटे-छोटे भैया बहनों द्वारा वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भारत मां स्वामी विवेकानंद नेताजी सुभाष चंद्र बोस महात्मा गांधी इत्यादि वेशभूषा में बच्चे नजर आए एवं अतिथियों का मन मोहन लिया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका सचिव विक्रम राजगढ़िया कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल प्रधानाचार्य अभिमन्यु सिंह मुख्य अतिथि नकुल चंद्र दास कमलेश सिंह कैलाश राजगढ़िया चुन्ना यादव कृष्ण कन्हैया राय के अलावा बच्चों के अभिभावक एवं विद्यालय के सभी शिक्षक ,शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**AFFIDAVIT**

I Smita Deepika Horo, W/o Roylen Johan Horo, R/o Shankar Path , Road No-1 New Pundag, P.O- Pundag, Dist- Ranchi jharkhand That before marriage my Name is Smita Deepika Kerketta mentioned in my matriculation Certificate after marriage with Roylen Johan Horo my name is Smita Deepika Horo Which is mentioned in my Aadhar Card. Vide AffidavitNo. - 743 Dated 24-01-2024

BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING),
KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 339 of 2023

BETWEEN

BANK OF INDIA, SILLI BR., RANCHI ........................APPLICANT BANK

VS.

M/S OM TRADING CO. & OTHERS ..................................DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | M/S OM TRADING CO. PROP: RAKESH KUMAR S/O KRISHNA PRASAD | AT- TUTKI NAWADIH, P.O. & P.S.- SILLI, DIST.- RANCHI 835102 |
| 2. | RAKESH KUMAR S/O KRISHNA PRASAD | R/O KUSAI COLONY, P.O. & P.S.- DORANDA, DIST.- RANCHI 835102 |
| 3. | M/S CEMENT SHOPEE PROP: RAKESH KUMAR S/O KRISHNA PRASAD | AT- BHAMNDIH, JHARKHNAD MORE, P.O. & P.S.- SILLI, DIST.- RANCHI 835102 |
| 4. | M/S CEMENT GHAR PROP: RAKESH KUMAR S/O KRISHNA PRASAD | AT- TUTKI NAWADIH, P.O. & P.S.- SILLI, DIST.- RANCHI 835102 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 31,56,141.00/- (Rupees Thirty One Lakhs Fifty Six Thousand One Hundred Forty One Only) together with current and future interest, cost for other eliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 14th day of March, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **11th day of Jan, 2024.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–15, वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक– 08.02.2024 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–09.02.2024 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 09.02.2024 के 3.30 बजे अपराहन् ।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :– मद – जिला अनाबद्ध निधि

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अड़की प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उलिहातु तक पहुँच पथ निर्माण कार्य। | 20,33,400/– | 40,700.00 | 5000.00 | 3 माह |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 317453 Rural Development(23-24)#D

स्पीड न्यूज

## राधा गोविन्द विवि के विधि विभाग के छात्रों ने कोर्ट का किया दौरा



**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्र-छात्राओं ने रामगढ़ व्यवहार न्यायालय का भ्रमण किया। छात्रों के साथ विभागाध्यक्ष रुचिका कौशल, सहायक व्याख्याता मनीषा झा, ज्योति मुखर्जी और राहुल कुमार मिश्रा उपस्थित थे। व्यवहार न्यायालय के वकील राजेंद्र कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन दिया और व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत बताया । छात्रों ने बार एसोसिएशन और लाइब्रेरी का भी दौरा किया। सभी छात्र-छात्राएं अध्यक्ष बार एसोसिएशन रामगढ़ के साथ ही लोक अभियोजक परमानंद सर , आलोक सर , मंजू कश्यप ,सहायक लोक अभियोजक कुमुद रंजन सर से मिले ।

## रामगढ़ जिले के भाजपा अध्यक्ष बने मेहता



**कुजू।** कुजू निवासी प्रवीण मेहता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दोबारा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। भाजपाइयों ने बोंगावार स्थित जेपी रेस्टोरेंट परिसर में प्रवीण मेहता को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मेहता को 20 जुलाई 2020 में भी भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष बनाया गया था। श्री मेहता ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा मुझे पुन: जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है, इसके लिए पूरे प्रदेश नेतृत्व टीम का आभार है।

## मुखिया ने किया तालाब का शिलान्यास



**कुजू।** भूमि संरक्षण सर्वे रामगढ़ हजारीबाग के तहत कुजू दक्षिणी पंचायत के कुंदरिया में शैली देवी के भूमि पर मंगलवार को परकोलेशन टैंक (तालाब) निर्माण का शिलान्यास किया गया। मुखिया राकेश मेहता रॉक ने विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि तालाब के निर्माण से ग्रामीणों को नहाने-धोने से लेकर सिंचाई के लिए काफी सुविधा होगी।

## गुरुदेव डीएवी पब्लिक स्कूल का मना वार्षिकोत्सव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित गुरुदेव डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यालय का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया। निदेशक आरपी श्रीवास्तव ने विद्यालय के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं क सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विद्यालय वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहा है। यहां के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल हैं।

## नए अपर समाहर्ता ने किया पदभार ग्रहण

**रामगढ़।** बुधवार को रामगढ़ जिले के नए अपर समाहर्ता के रूप में गीतांजलि कुमारी ने विधिवत रूप से निवर्तमान प्रभारी अपर समाहर्ता सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो से प्रभार ग्रहण किया। उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने अपर समाहर्ता को शुभकामनाएं दी।

## पूर्व मुखिया ने 50 गरीबों को दिया कंबल



कुजू। कुजू पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में बुधवार को क्षेत्र के 50 गरीब, वृद्ध, असहाय, विधवा, दिव्यांग के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनता के विकास करना ही प्राथमिकता है। मौके पर संयोगिता देवी, महेश महतो, ओमप्रकाश पटेल, प्रदीप राम, खेमलाल प्रसाद, झामो देवी, प्रेमचंद कसेरा, हुलसी देवी, नंदू महतो, छोटन महतो, अलीमुन निशा आदि मौजूद थे।

## मोदी के कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत को मिलेगा लाभ : भौमिक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल में चलो गांव की ओर अभियान के तहत बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन महामंत्री अशोक सोनी ने किया। बैठक में चलो गांव की ओर अभियान के रामगढ़ जिला संयोजक सह हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, विशिष्ट अतिथि एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव व युगल नायक, कार्यक्रम के संयोजक जगतार सिंह, अशोक सोनी, ज्योति सिंह, संतोष शर्मा, सुमन सिंह, प्रकाश नायक, शैलेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थें। भौमिक ने बताया कि 4 से 10 फरवरी तक चलने वाले उक्त कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति से मुलाकात कर पीएम मोदी द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी देंगे।

## पांच फरवरी को राहुल गांधी की न्याय यात्रा रामगढ़ जिले से गुजरेगी



**रामगढ़।** देश में बढ़ रही नफरत की राजनीति और अराजकता के खिलाफ और आम जनता को न्याय दिलाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं । उक्त बातें बुधवार को प्रेस वार्ता में सचिव सह प्रवक्ता झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शांतनु मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा झारखंड में 800 किलोमीटर से अधिक दूरी तक होगी। राहुल गांधी 8 दिनों तक झारखंड में यात्रा करेंगे । यात्रा 4 फरवरी को संभावित रामगढ़ जिले में प्रवेश करेगी 5 फरवरी की सुबह रामगढ़ शहर से गुजरने की संभावना है।

# बीजीआर के खिलाफ क्यों पनप रहा स्थानीय रैयतों का आक्रोश

अभय कुमार सिंह

## विरोध के सुर क्यों हो रहे मुखर

**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड में कार्यरत बीजीआर कंपनी के खिलाफ वहां के स्थानीय रैयतों का आक्रोश पनप रहा है। रैयतों ने कहा है कि बीजीआर कंपनी पांडू पंचायत के घनी आबादी के बीच बिना किसी तरह की सुरक्षा घेरा को खड़ा किए माइंस का विस्तार कर रही है। कार्य बहुत तेजी से चल रही है।

रैयत बताते हैं कि सारे सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर खनन कार्य किया जा रहा है। सवाल यह है कि जिस कंपनी का यहां के रैयतों ने स्वागत किया, पुरखों की जमीन दी, सर आंखों पर बिठाया उस कंपनी के खिलाफ विरोध के सुर क्यों मुखर हो रहे हैं। आखिर क्या है इसकी वजह? जब इस संबंध में खबर मंन्त्र संवाददाता ने वहां के रैयतों से बात की तो उन्होने बेझिझक अपनी पीड़ा को व्यक्त किया। रैयतों ने बताया कि कंपनी जब उनके यहां आयी थी तो उनसे अनेक वायदे किए गए थे। ऐसा सब्जबाग दिखाया गया कि हमलोगों को लगा कि अब हम सबों के जीवन शैली में बदलाव होगा। नौकरी दी जाएगी। बरसों के दुख तकलीफों का निवारण होगा। लेकिन ऐसा कुछ होता नहीं दिख रहा। ऐसा लग रहा है जैसे हमलोगों ने जमीन देकर अपना हाथ काट लिया है। धोख हुआ है हमलोगों के साथ।



पांडू में कार्य प्रगति पर ।

रैयतों ने कहा कि इस जगह पर सुरक्षा के नियमों को ताक पर रखकर खनन का कार्य शुरू कर दिया गया है। बीजीआर को खनन कार्य अगस्त 2024 के शुरू करना है लेकिन अभी ही शुरू कर दिया गया है। ना सही से हमलोगो को मुआवजा, पेंशन, विस्थापन, रोजगार आदि दिया गया है

### आवाज उठाने पर प्राथमिकी करवाती है कंपनी : ग्रामीण

जो दूसरी ओर जिस जगह कार्य शुरू किया गया है वहां की आबादी को खाली भी नहीं कराया गया है। सारे नियम-कानून को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। विस्थापितों को डराते धमकाते कंपनी ओबी को हटाने के प्रक्रिया में दिनरात जुटी हुई है। हमलोग जब भी इसका विरोध करते हैं तो स्थानीय प्रशासन और कुछ दलालों के माध्यम से एफआईआर दर्ज करा दिया जाता है। इससे और भी आक्रोश पनप रहा है। रैयतों ने कहा कि ज्यादा दिन अत्याचार नहीं चलने देंगे। अगर कंपनी ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो बहुत जल्द हमलोग सड़क पर उतरकर इसका जोरदार विरोध करेंगे।

# रामगढ़ जिले में मैट्रिक के 52 और इंटर के 40 केंद्रों पर होगी परीक्षा

### माध्यमिक में 12648 एवं इंटर में 13020 छात्र देंगे परीक्षा

**उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों को कदाचार मुक्त परीक्षा का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** 6 फरवरी से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक हुई।

जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती नीलम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 52 परीक्षा केंद्रों पर 12648 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 13020 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी केंद्र अधीक्षकों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया गया। एसडीओ ने परीक्षा को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश केंद्र अधीक्षकों को दिया । बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षकों, शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त अधिकारी आलोक कुमार को दी गयी भावभीनी विदाई



**विष्णुगढ़।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार के सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। शंभू नाथ पांडेय व रामचंद्र दांगी ने किया समारोह के दौरान सेवानिवृत्त एमओ आलोक कुमार को अंग वस्त्र,फूल माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं जीपीएस रामचंद्र दांगी को भी माला पहना कर स्वागत किया। दांगी ने कहा किसी भी सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्त सुनिश्चित होता है। उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा उनके सेवानिवृत होने से हम लोगों की उनकी कमी खलेगी ।

## वन संरक्षण समिति के अध्यक्ष बने पवन कुमार कृष्णमोहन यादव उपाध्यक्ष

बरही। वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति वन समिति ग्राम पारिस्थितिक विकास समिति इको विकास समिति का गठन हेतु पंचायत सचिवालय भवन बरसोत में मुखिया मोतीलाल चौधरी की अध्यक्षता में बैठक के तहत सर्वसम्मति से पवन कुमार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कृष्णमोहन यादव समेत 25 सदस्य मुकेश कुमार बक्शी, विशेश्वर रविदास, भोला महतो, नंदलाल महतो, महादेव रजवार, मणिलाल चौधरी, योगेश्वर रविदास, गोविंद राम, लखेन्दर रजवार, अनीता देवी, बसंती देवी, प्रतिमा देवी, भोला चंद्रवंशी, संजू खान, महावीर महतो, द्रोपती देवी, पिंटू कुमार, मनोज कुमार भुईयां, कृष्ण रजक, पिंकी देवी, वासुदेव कांदु, सुनील रजक, काली यादव का गठन किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुजीत कुमार, ग्राम सेवक नेमधारी महतो, वीरेंद्र सिंह, मुकेश बक्शी, अजीत सिंह, राजेश कुशवाहा, मणिलाल चौधरी, लीलावती देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, रीता देवी, जसोदा देवी, महेंद्र राम, द्रौपदी देवी, प्रतिमा देवी, जीतन रजक सहित अन्य मौजूद रहे।

# अधिक बिजली बिल को ले चिकोर निमी के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चिकोर व निमी गांव के ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में लचर विद्युत व्यवस्था व अत्यधिक बिजली बिल को लेकर बुधवार को झारखंड विद्युत विभाग भुरकुंडा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीणों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि लगभग एक वर्ष से बिजली की आपूर्ति सही तरीके से नहीं होने के कारण खेती संबंधित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है।

कहा गया कि चिकोर में पहले बिजली आपूर्ति लबगा फीडर से की जाती थी, लेकिन उसे काटकर अब कुरसे फीडर से करने के बाद से ही बिजली की समस्या बढ़ी हुई है। लचर विद्युत व्यवस्था के कारण कारण किसानो को खेती-बारी करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बहुत से ग्रामीणों का बिजली का बिल अधिक आ रहा है। जिससे कारण भी ग्रामीण बहुत परेशान हैं। यदि इन दोनों समस्या पर त्वरित विचार करते हुए कार्रवाई नहीं होती है तो हमसभी ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालो में योगेश दांगी, सन्नी कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, पप्पू लाल, संजय दांगी, रंजीत कुमार, विकास ठाकुर, मनोज बेदिया, विजय कुमार करमाली, अमित महतो, धनुप कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा, चितरंजन कुशवाहा, देवानी महतो सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## बलकुदरा में पीवीयूएनएल ने लगाया मेगा स्वास्थ्य शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल ने सामुदायिक विकास के तहत बुधवार को बलकुदरा पंचायत में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, पंचायत समिति सदस्य राजु मुंडा, पीभीयूएनएल आरएंडआर के सीनियर मैनेजर संतोष कुमार सिंह व सीएसआर के कार्यपालक निशांत कुमार ने संयुक्त रूप से फीत काटकर किया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका, बच्चा विशेषज्ञ डॉ. मुकेश, डॉ. राजेश एवं डॉ. सुविश द्वारा 95 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में पाये गये मरीजों को डॉक्टरों ने उचित परामर्श देते हुए उनके बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने इस बेहतर कार्य के लिए पीवीयूएनएल कंपनी प्रबंधन को बधाई दी।

# अग्रसेन भवन भुरकुंडा में कॉफिन सेवा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा (रामगढ़)। अग्रसेन भवन पटेलनगर भुरकुंडा धर्मशाला में बुधवार से कॉफिन सेवा शुरू की गई। डेड बॉडी को दो-तीन दिनों तक सुरक्षित रखने के लिए बिजली से चलने वाले इस रेफ्रिजरेटर को किसी भी समुदाय, जाति, धर्म का व्यक्ति निश्चित प्रक्रिया को पूरा कर उपयोग कर सकता है। अपनी पत्नी स्वर्गीय गीता देवी की पुण्य स्मृति में स्थानीय भुरकुंडा बाजार निवासी खुशीराम अग्रवाल ने इस कैफीन को मारवाड़ी समाज को प्रदान किया है। बुधवार को भुरकुंडा बाजार में एक सादे समारोह में समाज के प्रबुद्धजनों, व्यवसाईयो, पत्रकारों और मारवाड़ी समाज की मौजूदगी में यह कैफीन समाज को सौंपा गया। मौके पर

### ▸▸ डेड बॉडी रख सकेंगे लोग, पत्नी गीता देवी की पुण्य स्मृति में खुशीराम अग्रवाल ने दिया कैफीन

अग्रसेन भवन के अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया ने कहा कि अभी के समय में जब अधिकांश युवा लोग नौकरी और व्यवसाय की तलाश में घर से बाहर रहते हैं। ऐसे में अब घर में किसी अपने की मृत्यु पर लोगों को उनके अंतिम दर्शन के लिए समय मिल सकेगा। पत्रकार राजकुमार सिंह ने कहा कि मारवाड़ी समाज ने हमेशा से ही धर्म और समाज के लिए काम किया है। भुरकुंडा में बड़ी आबादी रहती है जिसे देखते हुए कैफिन यहां की जरूरत है। चैंबर के विनय सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। यह पहल काफी सराहनीय है। परमजीत सिंह



धामी ने कहा कि यह बहुत ही पुण्य का काम है। पत्रकार दुर्गेश तिवारी ने कहा कि यह समाज हित में किया गया बड़ा कार्य है। इसके लिए मारवाड़ी समाज को धन्यवाद देते हैं। इस सेवा के लिए दिलीप अग्रवाल 6299098781 को प्रभारी और संजय अग्रवाल 7209227263 एवं राकेश शर्मा 8789076653 को सह प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही कहा की कोई भी व्यक्ति इन लोगों से संपर्क करके इस कैफीन को ले सकता है। इस फ्रिजर में 2 दिनों तक बॉडी रखी जा सकती है। इसके लिए अनिवार्य विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि बिजली काटने पर आधे घंटे में जनरेटर की व्यवस्था इस फ्रीज के सुचारू उपयोग के लिए अनिवार्य है।

एक नजर में

## बरही में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



**बरही।** बरही में संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा नवम एवं दशम के भैया बहनों के बीच स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के संरक्षक त्रिवेणी साव, अध्यक्ष अमित साहू, साहू समाज के मुखिया सह पदेन सदस्य सुरेश साव, समिति सदस्य कुन्दन साव उपस्थित थे। अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि प्रगति पथ की यह पहली सीढ़ी है और आप तैयार है। उन्होंने भैया बहन के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। संरक्षक त्रिवेणी साहू ने कहा कि विद्यालय में आप ज्ञानार्थ आये थे अब सेवार्थ जा रहे हैं। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता आपकी कदम चूमें यही मंगलकामना है। साहू समाज मुखिया सुरेश साव जी ने कहा कि विद्यालय से आपने जो संस्कार प्राप्त किए हैं वह संस्कार हमेशा याद रखकर जीवन में आगे बढ़ें ।प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि ज्ञान वह कुंजी हैं, जिससे सफलता की सभी तलायें खुलती है और वह कुंजी आज आप के पास है। सभी आचार्य दीदीजी ने शुभकामनाएँ दी।

## अरुण सेकेंडरी स्कूल में छात्रों को दी गयी विदाई



टाटीझरिया । झरपो पंचायत अंर्तगत अरुण मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल परिसर में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च कक्षा श्रेणी में शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की कामना किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार,सहायक शिक्षक शिक्षकाओ में अनुज कुमार मिश्रा, दयाल, कुमार, रागनी, प्रदीप, नंदकिशोर प्रसाद उर्फ नंदू सर प्रीति ,डोली ने उज्वल भविष्य की कामना कर नम आंखों से विद्याथीयी को विदा किया। वही स्कूल प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार ने विद्यार्थियों से प्रेरणा देते हुए कहा की दृढ़ संकल्प हो तो मंजिल दूर नहीं । अपने लक्ष्य की ओर सदैव आगे बढ़ते रहे और गांव समाज प्रखंड ,जिला प्रदेश ,देश के नाम को रौशन करे। आप सबों से ये ही अपेक्षाएं हैं । विदाई समारोह के दौरान छात्र छात्राओं में पायल राणा,रेहन अंसारी,सूरज कुमार,अभिषेक कुमार,पियूष कुमार,मनीष कुमार, दिव्या राणा,रोशनी कुमारी,आशीष कुमार,शंकर कुमार , बबलू कुमार समेत अन्य कई विद्यार्थी शामिल थे।

## कांग्रेस छोड़ दर्जनों युवक आजसू में शामिल



**बड़कागांव।** सांढ पंचायत भवन में आजसू पार्टी का मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया। मिलन समारोह कार्यक्रम मुख्य रूप से कांग्रेस युवा प्रखंड उपाध्यक्ष पप्पू प्रसाद मेहता ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस को छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल हुए। मिलन समारोह के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी ने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं के आगे आने या राजनीति में सक्रिय होने से ही सामाजिक लड़ाई को गति दिया जा सकता है ।वही पप्पू प्रसाद मेहता ने कहा कि आजसू पार्टी के नीति सिद्धांत और केंद्रीय अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व के कारण आज हम आजसू पार्टी में शामिल हो रहे हैं ।पार्टी में शामिल होने वालों में पप्पू प्रसाद मेहता,अभय कुमार,अशोक महतो,दीपक कुमार,कृष्ण प्रजापति, रोहित ठाकुर,बबलू साव के साथ-साथ दर्जनों लोग शामिल थे।

## झामुमो के महाजुटान रैली में शामिल हुए संजीव बेदिया

**बड़कागांव।** महाजुटान रैली में झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में सैकड़ो लोग शामिल हुए ।श्री बेदिया ने कहा भाजपा सरकार के इशारों पर ईडी हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बार-बार परेशान करने का काम कर रही है इसे बर्दाश्त नहीं करेगी आदिवासी के जनता। आदिवासी मूल निवासी के हित के लिए हेमंत सरकार अच्छा काम कर रही है इसलिए भाजपा सरकार का होश उड़ गया है ।मौके पर केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, प्रखंड अध्यक्ष जिला झारखण्ड श्रमिक संघ सचिव संजय सिंह, हेमंत भुईयां,संजय करमाली, रांजेंद भुईयां , मुकेश रावत सरोज कुमार नंदकिशोर भुइयां, इंदरदेव राम शहीत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह का स्वागत

**दारू।** प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुसार गावँ चलो अभियान के तहत दारू मंडल भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का बुधवार को बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय में एक बैठक आहूत किया गया। बैठक की अद्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण व संचालन उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा ने किया। इस बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकरणी सदस्य केपी ओझा व मंडल प्रभारी रंजीत सिन्हा थे। दारु मंडल के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने हजारीबाग जिला के भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष विवेकानंद सिंह को भव्य स्वागत किया ।प्रदेश से आए निर्देश के अनुसार प्रखंड के तीन विधानसभा सदर हजारीबाग के 31 बूथ ,बरकट्ठा विधानसभा के 19 बूथ एवं मांडू विधानसभा क्षेत्र के चार बूथ कुल 54 बूथ पर कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। यह प्रवास 24 घण्टा का होगा। इस दौरान प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता अपने अपने प्रवासी क्षेत्र में हर घर जाकर हर लाभुक को माननीय प्रधानमंत्री के कार्य को बताएंगे। वहीं मुख्य अतिथि विवेकानंद सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता पार्टी के द्वारा दिया गया निर्देश ईमानदारी से कार्य करते है। बैठक में उपाध्यक्ष शत्रुंजय प्रसाद, राजन सिन्हा, दीपक देव, विनोद कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, मिठू रविदास, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबु, बसंत नारायण सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष देवदत्त प्रसाद, किसान मोर्चा अध्यक्ष किसुन प्रसाद , महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चलो गांव की ओर को लेकर भाजपा की बैठक

**बड़कागांव।** भाजपा पूर्वी उरीमारी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता व महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में हरली विवाह मंडप में की गई। बैठक में प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार मंडल के सभी 11 पंचायतों में ₹चलो गांव की ओर₹अभियान के तहत दीवाल लेखन का कार्य 1 फरवरी से 5 फरवरी तक करने का लक्ष्य रखा गया जिसमें पंचायत प्रभारी, संयोजक,सहसंयोजक एवं बुथ कमेटी सदस्यों समेत पंचायत के कार्यकर्ता शामिल होंगे ।साथ ही पार्टी के द्वारा कई अन्य कार्यक्रमों को लेकर विशेष जानकारी दी गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला,सुमन गिरी, किशोर राणा, देवंती देवी, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी,भुपाल स्वर्णकार, अकल मुंडा,कृष्णा गुप्ता,सचिदानंद पांडेय,भगीरथ ठाकुर,दिनेश्वर कुमार, कार्तिक उरांव,तुलसी महतो,फुलचंद बेदिया समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं को अंबा प्रसाद की मंजूरी

**बड़कागांव।** बुधवार को चोपदार बलिया पंचायत पहुंचकर विधायक सुश्री अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज ने कई विकास कार्यों की स्वीकृति पत्र ग्रामीणों को दिया। अंबा प्रसाद के विधायक निधि से चोपदार बलिया पंचायत में मुख्य पथ से मोहम्मद तसलीम के घर तक ईट सोलिंग एवं पीसीसी पथ निर्माण, नीम चौक मे चबूतरा निर्माण, मुख्य पथ से अब्दुल कादिर के घर तक नाला निर्माण, कांशी टोला में कुमार चौधरी के घर से बुधन चौधरी के घर तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण व खंराटी में स्थित सरकारी तालाब में छठ घाट एवं गाडवाल का निर्माण कार्य भी होगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,पंचायत अध्यक्ष छोटे खान, समशेर अंसारी,तस्लीम, मोहीबुललाह,सरवर हुसैन,इनाम मस्तार,असीम इकबाल,देवनाथ गोप, मोहम्मद अनवर,फकरे आलम,बिने साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बीडीओ ने किया समीक्षात्मक बैठक, दिये कई दिशानिर्देश


बैठक करते बीडीओ।

**कैरो।** प्रखंड सभागार में बुधवार प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें प्रखंड कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मनरेगा, आवास, दीदी बाड़ी, पशुधन, पंचायत सुदृढ़ीकरण सहित विकास योजनाओं का पंचायत वार समीक्षा किया गया। बैठक में उपस्थित प्रखंड व पंचायत कर्मियों को प्रति पंचायत दस-दस योजनाओं का क्रियान्वयन करने, पशुधन व बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लंबित कार्यो को पूर्ण करने, एबीपीएस जिन मजदूरों का लंबित है उसे ठीक करने, कच्ची योजनाओं को कार्य कराते हुए पूर्ण करने, लंबित नाडेप सहित अन्य योजनाओं को पूर्ण करने मानव दिवस बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में गजनी पंचायत के सचिव व रोजगार सेवक से पूर्व में मांगे गए स्पष्टिकरण का जवाब नही दिए जाने को लेकर शो कोज किया गया। साथ ही राज्य से प्राप्त पंचायत सुदृढ़ीकरण व पंचायत कर्मियों के बायोमेट्रिक अपडेट को लेकर भी निर्देश दिया गया। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, आवास समन्वयक दिनेश कुमार, अमित कुमार, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, आनंद सिंह, गुहाँ उरांव, राजेश उरांव, पंचम एतवा पहान, परवेज आलम, बीरेंद्र महली, हिबजुल रहमान सहित मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान


जांच करते अधिकारी।

**भंडरा।** विधि व्यवस्था को लेकर भंडरा प्रखंड व पुलिस प्रशासन ने चट्टी स्थित पिकेट में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में बाइक की डिक्की, इंश्योरेंस, प्रदूषण, ड्राइविग लाइसेंस, हेलमेट व ऑनरबुक की जांच की। यातायात नियम का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों को हिदायत दे कर छोड़ा गया । वाहन चलाते समय चालकों को हेलमेट व सीटबेल्ट पहनने की अपील की गई। इधर, सघन वाहन जांच अभियान से चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम को देखते ही कई वाहन चालक दूर से ही बाइक घुमाकर भागते दिखे। बीडीओ ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर विधि व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को देखते हुए वाहनों की सघन जांच की गई।

### भंडरा अंजुमन इस्लामिया का चुनाव की तिथि की हुई घोषणा


जानकारी देते कमेटी के लोग।

**भंडरा।** भंडरा अंजुमन इस्लामिया का चुनाव की तिथि की घोषणा बुधवार को की गई। भंडरा स्थित अंजुमन कार्यालय में में सुबह नौ से शाम दो बजे तक मतदान होगा। उसी दिन वोटों की गिनती भी शुरू होगी। यह घोषणा बुधवार को अंजुमन चुनाव कमेटी ने की है। कमेटी के मुख्य संयोजक हैदर अंसारी ने प्रेसवार्ता में चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की है। उन्हों ने बताया कि 1 व दो फरवरी को फॉर्म वितरण की जाएगी। तीन व चार फरवरी को नामांकन किया जाएगा। फरवरी पांच को पेपर की जांच की जाएगी। जबकि छः फरवरी नाम वापसी कर सकेगे। वही सात फरवरी को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। चुनाव चिह्न लेने का समय दोपहर दो से शाम तीन बजे तक होगा। इसके बाद प्रत्याशियों को आठ से 13 फरवरी तक प्रचार-प्रसार करने का समय दिया गया है। वहीं, 14 फरवरी को मतदान खत्म होने के बाद शाम से वोटों की गिनती शुरू होगी। गिनती पूरी होने के बाद विजेताओं की घोषणा की जाएगी। मुख्य चुनाव संयोजक ने कहा है कि मतदान के दिन पुलिस की तैनाती की जाएगी। मतदान के दौरान किसी तरह का विवाद उत्पन्न करने वालों से चुनाव कमेटी सख्ती से निपटेगी। मौके पर सहायक चुनाव संयोजक मोजीबुल मिरदाहा, मंजूर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, सलमान अंसारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### हिंडाल्को सीएसआर ने असहाय लोगों के बीच किया कंम्बल का बितरण


गरीबों को दिया गया कंबल।

**घाघरा।** हिंडालको सीएसआर के द्वारा रुकी पंचायत के अजियातु पतराटोली और जलका केंदटोली गांव में बुधवार को बैठक कर 50 बृद्ध असहाय और गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व उपप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा ने कहा कि रुकी पंचायत के विभिन्न गांव में वृद्ध असहाय गरीबों के बीच हिंडाल्को सीएसआर के सौजन्य से कंबल मिला था। साथ ही यह भी कहा कि आप बुजुर्ग असहाय की सेवा करना मेरा कर्तव्य है। आप लोगों की सेवा करना भगवान के पूजा करने के बराबर है। आप सभी में से किसी का वृद्धा पेंशन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में छूट गया है तो आवेदन जमा करें। साथ ही राज्य सरकार 50 वर्ष के ऊपर के लोगों को भी पेंशन देने की घोषणा किया है जैसे ही सरकार का लेटर आता है। गांव-गांव में घूम कर पेंशन आवेदन भराया जाएगा। मौके पर शीलास उराव, राजेंद्र भगत, सूरज उरांव, भिखानु उराव,कुवरदान कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 6 फरवरी को जिले के बसिया व कामडारा प्रखंड से गुजरेगी न्याय यात्रा, राहुल गांधी का होगा भव्य स्वागत

# राहुल गांधी के न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर बसिया में हुआ कांग्रेसियों की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर बुधवार को कांग्रेसी जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के अध्यक्षता में बसिया प्रखंड कोनवरी स्थित इंडोर स्टेडियम में जिले के कांग्रेसियों की बैठक हुई। 6 फरवरी 2024 को गुमला जिला अंतर्गत कामडारा प्रखंड व बसिया प्रखंड होते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राहुल गांधी इस मार्ग से गुजरेंगे। बैठक में सभी सम्मानित नेताओं के द्वारा कहा गया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी ने मणिपुर से मुम्बई तक 6700 किमी की है। न्याय यात्रा झारखंड में भी प्रवेश करेगी। केंद्र सरकार पूरे देशवासियों के साथ वादा की खिलाफी की है। अन्याय किया है। किसानों की आय दोगुनी करेंने करने की बात की थी। महंगाई कम करने की बात की थी, नारियों की आत्मसम्मान देने की बात करते थे। लेकिन आज भाजपा की सभी वायदें जुमला साबित हुई है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से न्याय के पांच स्तंभों का उल्लेख किया और अपनी यात्रा के पीछे के विचार स्पष्ट किया। उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पांच न्याय पर आधारित है। मौजूदा समय में लोग जिन असली मुद्दों का सामना कर रहे हैं वह पीछे छूट जा रहा है। उनकी न्याय यात्रा के पांच स्तंभ हैं। युवाओं के लिए न्याय, समान प्रतिनिधित्व, महिलाओं के लिए न्याय, किसानों के लिए न्याय और मजदूरों के लिए न्याय। आनेवाले दिनों में कांग्रेस पार्टी इन स्तंभों को मजबूत करने के लिए और अधिक संघर्ष करेगी। सभी नेताओं के द्वारा कहा गया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुमला के कामडारा प्रखंड बसिया प्रखंड में पहुंचने पर राहुल गांधी जी का जोरदार स्वागत किया जाएगा । बैठक में पुर्व विधायक सुखदेव भगत, पुर्व मंत्री गीता श्री उरांव, लोहरदगा जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, प्रदेश सचिव रमेश कुमार चिनी, अखिल रहमान, रोशन बरवा, अजित गुड़िया, आलोक साहू, संतोष गुप्ता, राजनिल तिग्गा, आजाद अंसारी, भुनेश्वर राम, फगुआ घोषाल, तरुण गोप, जगदेव नायक, विकास साहू, अजित केरकेट्टा, पप्पू होता ,देवनिश तोपनो और काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।


बैठक के बाद एकजुट कांग्रेसी।

### ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग हुआ संपन्न


ईवीएम हाउस पहुंचे डीसी।

**लोहरदगा।** ईसीआईएल, हैदराबाद से प्राप्त ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) बुधवार को सदर प्रखण्ड स्थित ईवीएम वेयरहाउस में किया गया। इसमें उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा कार्यों का अवलोकन किया गया। वहीं नोडल पदाधिकारी के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-एफएलसी सुपरवाईजर अमित कुमार द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, आशुतोष कुमार, अंचल अधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 72-लोहरदगा, राजनीतिक दलों में झामुमो से इसरार अहमद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदीप विश्वकर्मा, भाजपा के अनिल उरांव, सीपीआई (एम) के गोपाल महतो, राजद के सुनील कुमार मेहता, आजसू पार्टी के सोनू राज, नेशनल पीपुल्स पार्टी की शीला देवी, एफएलसी के लिए प्रतिनियुक्त किये गये कर्मीगण समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### विज्ञान एवं शिल्प और कला प्रदर्शनी का आयोजन


प्रदर्शनी में शामिल बच्चे।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी, सुमित्रा भवन, महादेव आश्रम पथ स्थित विद्यालय में विज्ञान एवं शिल्प और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी एलकेजी और यूकेजी के बच्चों द्वारा हस्तकला का प्रदर्शन किया गया और कक्षा 1 से लेकर कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विज्ञान संबंधित मॉडल प्रदर्शित कर अपने प्रतिभा को साबित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य अभिनव भारती ने फीता काट कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सीबीएसई के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए करके सीखो नीति पर किया गया। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में सम्मिलित कराया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने मुख्य रूप से सोडियम और जल के बीच का रिएक्शन तथा पोटैशियम परमैग्नेट और सल्फ्यूरिक एसिड का रिएक्शन एवं माइक्रोस्कोप में केला का डीएनए और दही में मौजूद बैक्टीरिया को दिखाया गया जो आकर्षण के केंद्र बना रहा इसके अतिरिक्त अम्लीय वर्षा, जल चक्र, होम सिक्योरिटी, रोबोटिक हैंड, भूकंप अलार्म, क्विज बोर्ड, इत्यादि आकर्षण के केंद्र थे। इस मौके पर अभिभावक गण विशेष रूप से उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया। इस प्रदर्शनी को सफल बनाने हेतु विद्यालय के गोविंद पांडे, विक्रांत भारद्वाज, अनूप कुमार, अक्षय कुजूर, नितिन कुमार साहू, नेहा मेहता, कुसुम बाड़ा, सृष्टि कुमारी, स्नेहा गोयल, आदि शिक्षक शिक्षिकाएं का विशेष योगदान रहा।

### मतदान का उपयोग कर देशवासी देश को भ्रष्टाचार मुक्त कर सकते हैं : स्कूली बच्चे


विजेता प्रतिभागियों के साथ अतिथि।

● सांता पब्लिक स्कूल गुमला में मतदान व जनसंख्या नियंत्रण पर स्पीच व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में बच्चों के बीच में जागरूकता लाने के लिए मतदान और जनसंख्या नियंत्रण बिषय पर निबंध व स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने मतदान को लेकर कई बातों को सामने लाया। बच्चों ने कहा मतदान करना हमारा अधिकार है। प्रत्येक नागरिक जो 18 वर्ष से अधिक है उनको अपना वोट देना चाहिए। भारत में हर नागरिक अपना वोट का प्रयोग करके देश को भ्रष्टाचार मुक्त कर सकते हैं और अपना जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। बच्चों ने भाषण में कहा अपना कीमती बोट जरूर दें। भारत एक लोकतांत्रिक देश है इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव सहित प्रत्येक चुनाव में अपना भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। राष्ट्र का विकास इससे ही होता है। वहीं जनसंख्या पर हुए स्पीच में बच्चों ने कहा जनसंख्या नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। सरकार का नारा है हम दो हमारे दो इसे सार्थक करना जरूरी है। स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा मतदान करना हमारा अधिकार है। स्कूल में बच्चों को सभी क्षेत्र के प्रति जागरूक किया जाता है। स्कूल शिक्षा दान महादान के तहत कार्य करती है। निबंध प्रतियोगिता में क्लास छः से 10 तक के बच्चों में मतदान विषय में प्रथम बिपिन उरांव क्लास दसवां, द्वितीय सागर कुमार, तृतीय संतोष गोप, प्रिया कुमारी, प्रीतम कुमार साहू, तेजस्विनी कुमारी, परी कुमारी, रीता कुमारी, शिवाजीत कुमार साहू, जनसंख्या विषय में प्रथम मनीषा कुमारी, द्वितीय स्नेहलता टोप्पो, मतदान स्पीच में प्रथम मनीषा कुमारी, द्वितीय कल्पना उरांव, रिया उरांव, वही जनसंख्या बिषय के स्पीच क्लास में प्रथम प्रीतम कुमार साहू, द्वितीय सागर कुमार रहा। इस अवसर पर नोर्बेट बेक, जसनीता बेक, अंकिता कुमारी, हिमा कुमारी, अंजनी कुमारी, वीणा देवी, मुस्कान कुमारी, रजनी सिन्हा, आदि सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### गंदे पानी की सप्लाई के विरोध में आक्रोशित लोगों ने किया रोड जाम


रोड जाम कर बैठी महिलाएं व अन्य।

● जामकताओं के साथ नगर परिषद के प्रशासक ने की बातचीत, विरोध प्रदर्शन का सिलसिला है जारी

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र के मेन रोड में पिछले 6 माह से गंदे सप्लाई पानी की आपूर्ति हो रही है। स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को कई बार पत्राचार करने के बावजूद गंदे पानी की सप्लाई में सुधार नहीं हुआ। इससे आक्रोशित लोगों ने बुधवार की सुबह करीब 9:30 बजे शहर के मेन रोड को जाम कर दिया। आधे घंटे के अंतराल में आमलोगों की परेशानी को देखते हुए जामकर्ता सीधे नगर परिषद गुमला के कार्यालय पहुंचे और धरना देकर बैठ गए। मौके पर पहुंचे नगर परिषद के प्रशासक दिलीप कुमार ने कहा कि फोल्ट कहां है इसकी जानकारी नहीं है। अभी एक मीटिंग है। इसके बाद फील्ड का निरीक्षण करूंगा और एक से दो दिनों के अंतराल शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी। इधर शहर वासियों का कहन है कि लगातार विभाग से लेकर जिला प्रशासन के आला अधिकारी को गंदे पानी सप्लाई को लेकर सूचित करते रहे हैं लेकिन उनके कानों तक जु भी नहीं रेंग रही थी। आजीज आकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। पानी इतना दुर्गंध युक्त सप्लाई किया जा रहा है कि उसमें कीडे भी रहते हैं। पानी का अगर कोई उपयोग कर ले तो तत्काल वह संक्रमण का शिकार हो जाएगा। नगर परिषद विभाग कभी इस ओर ध्यान देता ही नहीं है। आम जनता परेशान है लेकिन विभाग के अधिकारी कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। इस दौरान वार्ड पार्षद उज्जवल केसरी, योगेंद्र साहु, ललिता गुप्ता, मुनीलाल साहु, शिशिर कुमार, बबलू वर्मा सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

## जनजति सुरक्षा मंच के सदस्यों ने दिया धराना, मुख्यमंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

# धर्मांतरित अनुसूचित जनजाति को आरक्षण का लाभ बंद करें सरकार: राजबेल उरांव


धरना पर बैठक जनजाति सुरक्षा मंच के सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जनाजाति सुरक्षा मंच झारखंड के सदस्यों के द्वारा बुधवार को धर्मांतरित जनजातियों को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाकर उन्हें दिये जाने वाले आरक्षण को समाप्त करने के संकल्प को विधान सभा में पारित कर केंद्र सरकार को भेजने की मांग की करते हुए लेकर कचहरी परिसर में धरना दिया। धरना के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम डीसी को प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा। धरना के माध्यम से मंच के जिला संयोजक राजबेल उरांव ने कहा कि धर्मांतरित जनजातियों को आरक्षण सुविधाएं दिये जाने के विरूद्ध में तत्कालीन बिहार सरकार के जनजाति नेता स्व. कार्तिक उरांव ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1970 में आवेदन लिखा था। जिसे न तो लोकसभा के पटल में रखा गया और न ही खारिज किया गया। उसको ठंडे बस्ते में छोड़ दिया गया। वह आवेदन 1967 में अनुसूचित जाति व जनजाति आदेश संशोधन विधेयक जेपीसी के अनुशंसा के जेपीएसी अनुशंसा के समर्थन में किया गया था। रूढी परंपरा को मानने वाले आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लंबे समस से जनजाति सुरक्षा मंच कार्य कर रही है। आवेदन के माध्यम से जनजाति सुरक्षा मंच ने सरकार से जनमत सग्राह कराने की अपील की। धरना में कृपा शंकर भगत, बिसु सोरेंग, देवेंद्र लाल उरांव, रामवतार भगत, सोनामनी उरांव, ललोती कुमारी, सुलेखा कुमारी, खेदु नायक व सुभाष जी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चैनपुर के जनवाल पंचायत में हुआ आजसू पार्टी का गठन


सदस्यों के साथ आजसू के केंद्रीय सचिव।

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के जनावल पंचायत के पठारी क्षेत्र चकडीपा में आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पिंकी कुजूर ने की। जिसमे पंचायत कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से महिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमूल्या असुर को, सचिव प्रदीपा असुर को, कोषाध्यक्ष फोलोरेंसिया असुर को, उपाध्यक्ष क्रमशः तेरेसा असुर, मालिन असुर, और ज्योति असुर को बनाया गया। पुरूष वर्ग में अध्यक्ष के लिए निकोलस असुर और सचिव के लिए फिल्मोन असुर, कोषाध्यक्ष खीस्तोफर असुर और उपाध्यक्ष अल्फीज उरांव, अगस्टिन एक्का, बिनोद असुर व मरियानुस असुर को बनया गया। वहीं सदस्य पद हेतु निर्दोष असुर, अब्राहम असुर, सुशील असुर, रमेश असुर, एतवा असुर, प्रधान असुर, रामलाल असुर एवम नागेश्वर उरांव को चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर, जिला सचिव सद्दाम हुसैन, जिला उपाध्यक्ष प्रेम पवन तिग्गा, समीर एक्का, महिला जिला महासचिव पिंकी कुजूर, महिला उपाध्यक्ष जीविता बड़ा, प्रखण्ड महिला उपाध्यक्ष दीप्ति रोज लकड़ा, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुधीर लोहारा, जनावल पंचायत में उपस्थित थे।

### मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर उड़ीसा से निकला युवक पहुंचा घाघरा


सुरेंद्र विस्वाल का स्वागत करते लोग।

**घाघरा।** उड़ीसा राज्य के जिला जगतसिंहपुर में मेडिकल कॉलेज खोलने, हर ब्लॉक में लाइब्रेरी और उड़ीसा को स्पेशल स्टेटस की दर्जा की मांग को लेकर साइकिल से निकला सुरेंद्र बिस्वाल बुधवार को घाघरा पहुंचे। जहां समाजसेवियों ने उनकी प्रशंसा की और पानी पिलाया। इस क्रम में सुरेंद्र बिस्वाल ने बताया कि वह बिगत 22 जनवरी को उड़ीसा जगतसिंहपुर जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने उड़ीसा के हर प्रखंड में लाइब्रेरी खोलने व उड़ीसा को स्पेशल स्टेटस का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर साइकिल से दिल्ली के लिए निकला है। ताकि केंद्र सरकार उनकी मांगों को पूरा करें। जिससे उड़ीसा राज्य और उनके जिले को मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ राज्य का चहुमुखी विकास में सहयोग मिल सके। सुरेंद्र बिस्वाल ने यह भी कहा कि झारखंड पहुंचने पर गुमला जिले में यह पता चला कि कई पंचायत स्तर पर लाइब्रेरी खोला गया है। जिससे मैं काफी प्रभावित हूं कि उक्त राज्य में लाइब्रेरी खुलने से बच्चों को एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। यह भी बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण हर बार उड़ीसा राज्य को काफी क्षति होती है। बिशेष राज्य का स्टेट्स दर्जा प्रप्त होने से राज्य को फायदा होगा। साथ ही यह भी बताया कि वह आईटी बेंगलुरु में जॉब भी करता है और वह छुट्टी के दिनों में उड़ीसा पहुंचा है। जिसके बाद उसने इस तरह के कार्यों को कर केंद्र सरकार को इस ओर आकर्षित करना चहता है।

### भाजपा की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा


बैठक में शामिल भाजपाई।

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार देवी मंडप प्रांगण में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आगामी 5 फरवरी से 15 फरवरी तक अयोध्या स्थित रामलला का दर्शन के लिए श्रद्धालुओ को जाने आने का व्यवस्था कर रही जिसमे ज्यादा से ज्यादा भक्तगण सामील हो सकते हैं जिसमे जाने आने खाने पीने का खर्च मात्र 1300 रु तय की गई है। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाते हुए आगामी लोकसभा व विधान सभा मे अप्रत्याशित जीत दर्ज करने की रणनीति बनाई गई, साथ ही साथ 4 फरवरी से 11 फरवरी तक दीवाल लेखन कर फिर से एक बार मोदी सरकार का आह्वान करना है। मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जनहित में कार्य कर रही है। भा ज पा सरकार आने से देश का गौरव देश विदेश में बढ़ा है,देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। झारखण्ड में जे एम एम गठबंधन की सरकार होने से यहां की विकास अवरुद्ध हो रही है। आने वाले चुनाव में फिर से एक बार देश में ही नही प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगी। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष सह कैरो मण्डल प्रभारी नवीन कुमार टिंकू, जिला महामंत्री राजकुमार बर्मा, कैलाश महतो, राजेन्द्र महतो, बजरंग उरांव, मोहन साहु, दीपक साहू, गोबिंद महतो, रामबुझावन गुप्ता, सरवन मुंडा, लाखो उरांव, चिखु उरांव, नासिर आलम खान, पालिंद्र रविदास, गोबिंद महतो, सुखान उरांव, कुलदीप सिंह, राधे साहु, अनिल महतो, चीखू उरांव, रामलखन साहु, अंतोष साहु, संजय म्हाली, प्रदीप लोहारा, सुकरा उरांव आदि उपस्थित थे।

### कर्मी व बीस सूत्री सदस्य अपनी दायित्व का पूरी निष्ठा के साथ करे निर्वहन : डोमना उरांव

**भंडरा ।** 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष डोमना उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण रोजगार दिवस, आंगनबाड़ी केंद्र, जल एवं स्वच्छता विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज, अबुवा आवास, केसीसी, बैंक ऑफ इंडिया, मध्याह्न भोजन, विधवा पेंशन, स्वास्थ्य, श्रम, कृषि, आदि विभागो द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाएं की समीक्षा की गई। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार के कल्याणकारी कार्यों को गति देने के साथ-साथ राज्य सरकार के योजनाओं को जिला के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं गांवों में धरातल पर उतारने एवं विकास के कार्यों में पारदर्शिता लाने को लेकर बीस-सूत्री के सभी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

## स्पीड न्यूज

### मिथिलेश गुप्ता बने दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य



टण्डवा (चतरा)। दूरसंचार विभाग नई दिल्ली द्वारा मिथिलेश गुप्ता को दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। मिथिलेश गुप्ता को दूरसंचार सलाहकार समिति रांची के सदस्य के रूप में चयनित किया गया है। इसकी सूचना श्री गुप्ता को महाप्रबंधक रांची के कार्यालय से पत्र के माध्यम से दी गई है। श्री गुप्ता ने इस विषय के संबंध में बात करते हुए कहा कि बीएसएनएल की बेहतर सेवा एवं उसमें सुधार के लिए अपनी बातों को निगम की बैठकों में प्रमुखता से रखूँगा।

### बचपन प्ले स्कूल में सत्र 2024-25 के लिए नामांकन शुरू



**कोडरमा।** ग्रिजली एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित बचपन प्ले स्कूल अ-युनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में आने वाले शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए छात्रों की नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं प्राचार्या नीरजा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि उनका स्कूल जहां कक्षा पीजी से यूकेजी तक के बच्चों को विभिन्न संकल्पना कक्ष के माध्यम से खेल खेल में अच्छी शिक्षा प्रदान करता है। वहीं कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ डांस, योगा, जूड़ो, कंप्युटर, रोबोटिक्स, संगीत आदि की भी कक्षा होती है। यह स्कूल बच्चों में ज्ञान के साथ नये कौशल भी विकसित करता है। इच्छुक अभिभावक अपने बच्चे के दाखिला के लिए किसी भी कार्य दिवस में स्कूल कार्यालय में बेस लाइन चेक के लिए आ सकते हैं। इसके साथ ही स्कूल कार्यालय व उजाला कॉम्प्लेक्स झुमरीतिलैया स्थित मुख्य कार्यालय से रजिस्ट्रेशन फॉर्म को प्राप्त कर नामांकन की प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। छात्रों (बालक एवं बालिकाओं) के लिए नेशनल ओलंपियाड जैसे प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता है तथा बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर भी ले जाया जाता है ताकि बच्चों के प्रतिभा को निखारा जा सके और वे व्यवहारिक ज्ञान भी सीखें। मौके पर सकिंदर कुमार, अनीता कुमारी, अर्चना चंदन, पूजा झा आदि मौजूद थे।

### लूना व मोटरसाइकिल की टक्कर में दो गंभीर



**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भोंडो चौक के समीप बुधवार सुबह करीब दस बजे लूना और मोटरसाइकिल की टक्कर में लूना पर सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय विंध्याचल पंडित पिता भरत पंडित व 34 वर्षीय सरोज कुमार पिता हृदयानंद सिंह ग्राम अकोढा, थाना दिनारा, जिला सासाराम रोहतास, बिहार लूना पर सवार होकर चंदवारा से चौपारन की ओर जा रहा था। इसी क्रम में भोंडो चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी, जिसमें उक्त दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को किया गया खाद्य पदार्थ वितरित



**कोडरमा।** रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक युवा के द्वारा महात्मा गांाी के पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कोडरमा रेलवे स्टेशन और सदर अस्पताल में जरूरतमंदों को खाद्य पैकेट का वितरण किया गया। वहीं रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम बर्णवाल ने बताया कि हर एक सदस्यों के सहयोग से 300 व्यक्तियों को भोजन उपलब करवाया गया। साथ ही कहा की रक्तवीर सेवा संघ 20 अगस्त 2020 से भारत में कहीं भी बिना रुके जरूरतमंदों को रक्त उपलब करवा रही है। वहीं संस्था के प्रमुख गंगााार राणा ने बताया कि हमारे टीम सदस्य मनीष कुमार, विकास पासवान, लच्छू बिद्दू, अभिजीत राणा, मिथलेश मोदी, सलीम अहमद, शिव कुमार बर्णवाल, मुकेश गोस्वामी, अनंत राणा, प्रवीण मोदी, जुबेर खान, अभिमन्यु प्रसाद, शैलेंद्र सिंह, पंकज यादव, परमोद सिंह, अभिषेक मंडल, देवू राणा, आकाश दीप, विनीत मोदी, शिवम सिंह, ठाकुर सुनील, मनीष मोदी, डॉक्टर प्रवीण, गौतम बर्णवाल, शुभम सिंहा, अजय मोदी, शंकर साव जरूरत मंद लोगों रक्त और अन्य सहयोग करते आ रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एएसपी प्रवीन पुष्कर, डॉ.रंजीत कुमार, डॉ.अभिषेक कुमार, जफर इकबाल, अरमान खान, अजीत बर्णवाल, इंस्पेक्टर रामनारायण ठाकुर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# एक दिवसीय तंबाकू नियंत्रण एवं टीबी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** चन्दवारा बीडीओ कनक की अध्यक्षता में एक दिवसीय राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति एवं प्रखंड स्तरीय छापामार दस्त साथ में पंचायती राज संस्थान के सभी सदस्यों का बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं टीबी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिला परिषद चंदवारा, प्रखंड प्रमुख चंदवारा, प्रखंड उप प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि चंदवारा प्रखंड ने भाग लिया। वहीं बीडीओ द्वारा बताया गया कि कि तंबाकू ज़हर है और इसे जागरूक करके ही समाप्त किया जा सकता है, उन्होंने कहा कि युवा समाज के धरोहर हैं और उन्हें तंबाकू से दूर रहने की जरूरत है। साथ ही उनके द्वारा टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर सभी के सहयोग की बात कही गई। उनके द्वारा बताया गया कि केन्द्र एवं राज्य के निर्देशानुसार राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिसका लक्ष्य प्रधानमंत्री के द्वारा वैश्विक लक्ष्य 2030 से पांच वर्ष पूर्व ही सन् 2025 रखा गया है। लक्ष्य के प्राप्ति हेतु लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने तथा संभावित टीबी मरीजों की खोज में तेजी लाया जाना है। यक्ष्मा के प्रति अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने में सहयोग करने एवं गांव व समाज में वैसे व्यक्ति जिनमें दो हफ्तो से आकि की खांसी, वजन कम होना, धीमा बुखार, बलगम में खुन आना से संबंधित समस्या हो उनको नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जांच के लिए जरूर भेजा जाए, साथ ही संक्रमण को ध्यान में रखते हुए वैसे व्यक्तियों को मास्क का प्रयोग करना चाहिए। वहीं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी दीपेश कुमार द्वारा बताया गया कि पंचायत को तंबाकू मुक्त कैसे किया जाना है, साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालयों में नौवीं कक्षा से 12 तक के बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है विश्व में तंबाकू सेवन से लगभग 54 लाख लोग और देश में 12 लाख लोग प्रतिवर्ष मौत के शिकार हो रहे हैं उन्होंने कोटपा के तहत विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी दी। वहीं जिला कार्यक्रम समन्वयक (यक्ष्मा) अखिलेश कुमार द्वारा टीबी रोग के लक्षण एवं ईलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, प्रखंड स्तर पर सभी प्रखंडों के पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं सभी पीआरआई सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु आग्रह किया गया एवं टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए शपथ लिया गया। वहीं प्रमुख मंजू देवी ने कहा कि बच्चे नशे से दूर रहें इसके लिए अभिभावकों को यान देने की जरूरत है। मौके पर खुशबू देवी, कोयल देवी, कल्याणी देवी, रामदेव यादव, आकांक्षा कुमारी, प्रिया प्रियंका समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### सेवानिवृत शिक्षक सहदेव साहू को दी गयी भावभीनी विदाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** प्रखण्ड के आदर्श मध्य विद्यालय बगरा में सेवानिवृत सहदेव साहू को भाव भिंनी विदाई दी गयी। यह विदाई एक समारोह आयोजित कर किया गया। जहां शिक्षकों ने अंगवस्त्र एवं जरूरी सामान देकर उन्हें विदाई दी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बगरा मुखिया चंदा देवी मौजूद थी।

बच्चों ने शिक्षक सहदेव साहू के कार्यकाल समाप्ति पर एक संगीत समारोह आयोजित कर सम्मान गीत प्रस्तुत किया। बता दें कि सेवानिवृत सहदेव साहू का कार्यकाल 17 अक्टूबर 1994 से 31 जनवरी 2024 तक रहा। इनका स्वभाव बहुत अच्छा रहा। बच्चों के प्रति इनका पढ़ाने का तरीका अच्छा रहा। जिससे इनके द्वारा पढ़ाई गए कितने बच्चे आज पुलिस से लेकर अन्य सेवा में अभी योगदान दे रहें हैं। बच्चों के प्रति स्नेह काफी रहा है। शिक्षक पद पर प्रथम योगदान पुंडरा स्कूल में रहा था और कार्यकाल समाप्ति आदर्श मध्य विद्यालय बगरा से हुआ। हालांकि विदाई समारोह में शिक्षक सहदेव के परिजन भी उक्त कार्यक्रम में शिरकत किए हुए थे। मौके पर विपिन कुमार सिंह अजप्ता चतरा पूर्व अध्यक्ष,प्रभारी प्रधानध्यापक अरुण कुमार सिंह, वरीय शिक्षक जयचंद साहू, सहायक शिक्षक रामचरण राम, शशिभूषण यादव, नागेंद्र गोस्वामी, रोशनियां कुजूर, विमला कुमारी,सुमन देवी, नागेंद्र कुमार, मो इलियास, समाजसेवी इंद्रदेव पासवान, सेवानिवृत शिक्षक के पत्नी रीता देवी, पुत्र हरेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार, विकास रंजन, पुतोहु, रेखा देवी, रेहा रानी, अर्चना रानी, पोती दिव्या प्रियदर्शनी, ऋषभ कुमार, अवनी प्रिया के अलावे स्कूली छात्र और छात्रा शामिल थे।

# ग्रिजली विद्यालय में फार्मेसी व ऑप्टोमेट्री पर करियर काउन्सलिंग सत्र का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में छात्रों के लिए स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा फार्मेसी और ऑप्टोमेट्री के क्षेत्रों पर केंद्रित एक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य अपने छात्रों को सूचित करियर निर्णयों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। विद्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आरका जैन विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के प्रतिष्ठित प्रोफेसर शौविक मंडल उपस्थित थे।

फार्मेसी के क्षेत्र में गहन ज्ञान रखने वाले एक निपुण शिक्षाविद् शौविक मंडल ने छात्रों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा की। उनकी आकर्षक प्रस्तुति और ज्ञानवर्धक चर्चाओं का उद्देश्य छात्रों को फार्मेसी और ऑप्टोमेट्री के क्षेत्र में रोमांचक संभावनाओं के बारे में प्रेरित करना और सूचित करना था। वहीं मुख्य वक्ता ने फार्मेसी और ऑप्टोमेट्री के क्षेत्र का व्यापक अवलोकन प्रदान किया, जिससे छात्रों को इन क्षेत्रों में उपलब्ध विविध कैरियर अवसरों की एक झलक मिली। सत्र में फार्मेसी और ऑप्टोमेट्री में करियर बनाने के लिए आवश्यक प्रासंगिक पाठ्यक्रमों, विशेषज्ञताओं और शैक्षिक आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए शैक्षणिक मार्गों पर चर्चा की गई। छात्रों ने वर्तमान उद्योग के रुझानों, उभरती प्रौद्योगिकियों और संभावित कैरियर के अवसरों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की, जिससे उन्हें इन गतिशील क्षेत्रों में अपनी भविष्य की भूमिकाओं की कल्पना करने में मदद मिली। सत्र के दौरान विद्यालय के छात्र हिमांशु कुमार, कुमारी खुशी, स्वाति रॉय, धोनी कुमार, सौरभ कुमार एवं अन्य छात्र सक्रिय रूप से एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में शामिल हुए और मुख्य वक्ता शौविक मंडल से मार्गदर्शन प्राप्त किया, जिन्होंने उदारतापूर्वक अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा की। इच्छुक छात्रों को प्रवेश परीक्षाओं, प्रवेश प्रक्रियाओं और छात्रवृत्ति के अवसरों के बारे में व्यावहारिक सलाह मिली, जिससे उन्हें उनकी शैक्षिक यात्राओं के लिए एक रोडमैप प्रदान किया गया। वहीं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा की ग्रिजली विद्यालय छात्रों को केवल किताबी बातों की जानकारी प्रदान नहीं करता परन्तु व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करता है। यह विद्यालय समग्र विकास को बढ़ावा देता है। मौके पर विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, शिक्षक संजीव कुमार जयसवाल, संजय कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, शहबाजूल इस्लाम, अर्चना मैती, शीतल केशरी, सलोनी भदानी, सुधांशु कुमार आदि मौजूद थे।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**चतरा।** गिद्धौर प्रखंड सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत व स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन प्रमुख अनीता यादव व प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के दौरान एनटीसीपी के जिला नोडल पदाधिकारी डा. आशुतोष कुमार ने तंबाकू से होने वाले कई गंभीर बीमारी की जानकारी दिया।साथ ही साथ तंबाकू व मादक पदार्थ की सेवन से होने वाली हानि की भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आज के युवा पीढ़ी में तंबाकू की सेवन के साथ-साथ मादक पदार्थ की सेवा की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।जिस समय रहते इसे रोकने की जरूरत है। अन्यथा आने वाले दिन में इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तंबाकू व मादक पदार्थ की सेवन रोकने को लेकर गांव-गांव स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की अपील किया।उन्होंने जनप्रतिनिधियों से इस पुनीत कार्य में सहयोग की अपील किया। कार्यक्रम के पश्चात तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। कहा गया कि जिंदगी चुने, तंबाकू नहीं। हमें भजन चाहिए, तंबाकू नहीं के उद्देश्यों को पूरा करने की भी कसम दिलाया गया। मौके पर डा. अमृता अनुप्रिया, डा. अंजली भगत, डा. प्रभात कुमार सुमन, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार पासवान, टीटीसीपी के सलाहकार रश्मि दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने शॉल ओढ़ाकर दी विदाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के चार पुअनि.एवं माननीय न्यायालय कोडरमा के एक लोक अभियोजक 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत हुए। वहीं एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा कार्यालय सभागार में सभी सेवानिवृत पुलिस पदााकिारी, पुअनि. अखिलेश्वर सिंह, पुअनि. विनय कुमार, पुअनि. शशि खेखर शर्मा, पुअनि. कैलाश यादव एवं प्रदीप कुमार मंडल, लोक अभियोजक को पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गई एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में एएसपी प्रवीण पुष्कर, नवप्रोन्नत उपााीक्षक सावना खड़िया, सभी पुनि. दोनों संघ के पदााकिारी एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल हुए।

### अवैध कोयला लदा पिकअप वाहन के साथ चालक गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में चार अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट लगाया गया है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार 24/7 विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिवाकर कुमार पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) कोडरमा सह-थाना प्रभारी सतगावां के नेतृत्व में 30 जनवरी की रात्रि सतगावां थाना अंतर्गत नासरगंज चेकपोस्ट के पास से अवैा कोयला लदा एक पिकअप वाहन जेएच02 एबीएफ/4426 को परिवहन करते चालक श्यामु सराव उर्फ श्याम साव, पिता खुबलाल साव ग्राम धुरपहाडी थाना जमुआ जिला गिरीडीह को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में सतगांवा थाना अंतर्गत विधि संम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में पुअनि. मनोज कुमार चीतम्या सतगावां थाना व सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# जनजाति सुरक्षा मंच ने दिया समाहरणालय के समक्ष धरना

## डीसी को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में बुधवार को समाहरणालय परिसर के समक्ष धर्मान्तरित जनजातियों को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाकर उन्हें दिये जाने वाले आरक्षण समाप्त करने का संकल्प प्रस्ताव विधानसभा में पारित कर केन्द्र सरकार को भेजने के लिए धरना दिया गया।

इस धरना के माध्यम से धर्मान्तरित जनजातियों को अनुसूचित जनजाति सूचि से हटाने की मांग बुलंद की गई। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख चंद्रेश्वर मुंडा, कार्यक्रम संयोजक मुंडा लिटटा मुंडा, जिलाध्यक्ष विजय बर्णवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं चंद्रेश्वर मुंडा ने कहा कि धर्मान्तरित जनजातियों को आरक्षण सुविधायें दिये जाने के विरूद्ध तत्कालीन बिहार (वर्तमान झारखण्ड) के जनजाति नेता एवं लोकसभा सदस्य/केन्द्रीय मंत्री स्व. कार्तिक उरांव द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1970 में एक आवेदन दिया गया था।

इस बात को 54 वर्ष पूरे हो चुके हैं। जनजाति समाज की अवस्था को देखकर उन्हें जो पीड़ा हुई उसे व्यक्त करने हेतु उनके द्वारा 20 वर्ष की काली रात नामक पुस्तिका भी लिखी गयी थी। मगर आज तक आदिवासियों को उचित न्याय नहीं मिल पाया है। इसको ध्यानाकृष्ट कराने को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया।

धरना के उपरांत उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया और इसे विधानसभा में पारित कर लोकसभा भेजने का आग्रह किया गया।

मौके पर भरत मुंडा, बिरसा मुंडा, डोडो मुंडा, मानसिंह मुंडा, सुखराम मुंडा, बुटा मुंडा, तिलक मुंडा, दयाल सिंह मुंडा, जीतु मुडा, चमरू मुंडा, नारायण मुंडा, लुसी मुडारायीन, एतरी मुंडा, सुनीता मुंडा, गौरी मुंडा, विनीता मुंडा, गोगो मुंडा, नंदिना टुडी, मंगता पाहन सहित गंझडी, मेघातरी, खुंटीटांड, घाटपोखर, खैराटांड के जनजाति मौजूद थे।

# एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा शक्ति प्रदर्शनः केंद्रीय अध्यक्ष

## अभी संख्या प्रदर्शन झांकी है शक्ति प्रदर्शन बाकी है : केंद्रीय उपाध्यक्ष

### भोगता समाज ने शांति पूर्ण तरीके से किया संख्या प्रदर्शन, गिरफ्तारी की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** प्रखण्ड मुख्यालय के कर्बला मैदान में भोगता समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बलात्कार के आरोपी संजय पांडेय को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग किया है। यह प्रदर्शन हजारीबाग रोड़ स्थित सिंघम होटल से शांति पूर्ण तरीके से सिमरिया चौक होते हुए सैकड़ों की संख्या में आयोजित कार्यक्रम स्थल कर्बला मैदान में पहुंचा। संख्या प्रदर्शन में करीब दो हजार की संख्या में महिला पुरुष से लेकर भोगता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष तक शामिल हुए। महिलाओं के हाथों में कई तरह का गिरफ्तारी से सम्बंधित तख्ती लिए हुए थे। और गिरफ्तारी से लेकर फांसी की सजा की मांग कर रहे थे। सभा स्थल में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू,केंद्रीय प्रवक्ता देवनरायन गंझू,प्रदेश अध्यक्ष अमृत भोगता शामिल हुए। जहां मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को सिमरिया थाना में मामला दर्ज किया गया है। किन्तु अभी तक आरोपी एवं बल्तकारी संजय पांडेय को गिरफ्तार नहीं किया गया। हमारे समाज को हमेशा शोषण किया जाता है। यदि हम ऐसे बलात्कार के आरोपी संजय पांडेय को गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित होंगे तो लोग हमें उग्रवादी कहेंगे। हमें पुलिस द्वारा परेशान किया जाएगा। जबकि हम गरीब पिछड़ी दलित आदिवासियों एवं गंझू समाज के लोगों के साथ ऐसे उच्चस्तरीय समाज के लोगों ने हमेशा अत्याचार करते आया है। अब हम लोग जाग चुके हैं शिक्षित हो चुके है कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम लोग हद से पार हो गए तो उन्हें सबक सिखाना में समय नहीं लगेगा। हम लोग सविंधान के तहत जीने और चलने वाले हैं अभी सविंधान के तहत गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। इससे भी बात नहीं बनी तो भोगता समाज उग्र होकर उसका जबाब शक्ति के साथ देगा। अभी हम लोग पुलिस प्रशासन से मात्र एक सप्ताह का समय दे रहें हैं। यदि एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया तो हम लोग अगले सप्ताह पूरे प्रदेश स्तर का शक्ति पूर्ण आंदोलन इसी सिमरिया के धरती पर किया जाएगा। जिसका जिमेवार खुद पुलिस प्रशासन होगी। मौके पर लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेम गंझू, चतरा जिल्क अध्यक्ष जगदीश सिंह भोगता, सचिव विजय कुमार भोगता, उपाध्यक्ष कामेश्वर भोगता, कोषाअध्यक्ष रणजीत भोगता, सदर प्रखंड अध्यक्ष मोहन गंझू, सिमरिया प्रखण्ड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता, सचिव नामधारी गंझू, छठु सिंह भोगता, उपेंद्र भोगता, जगदीश भोगता, सत्यनरायन भोगता, बहादुर गंझू, योगेंद्र भोगता, सुरेंद्र भोगता, चंदू गंझू के अलावे बड़ी संख्या में भोगता समाज शामिल थे।

### झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण जच्चा बच्चा की मौत, ग्रामीणों ने जमकर किया हंगामा

**चतरा।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारियातु गांव निवासी सुनील कुमार राम की गर्भवती पत्नी अंजू देवी व बच्चा की मौत झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण हो गई। जच्चा बच्चा की मौत के पश्चात उग्र ग्रामीणों ने गंगापुर मुख्य चौक पर झोलाछाप डॉक्टर की संचालित क्लीनिक पर बुधवार को जमकर हंगामा किया। परंतु महिला की मौत की खबर सुनते ही चिकित्सक क्लीनिक में ताला जड़ कर फरार हो गया था। बताते चलें कि 4 जनवरी को बारियातु में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम के दौरान अंजू देवी की गोद भराई का रस्म सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा किया गया था।

स्पीड न्यूज

## बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बने आशुतोष

**बालूमाथ।** बालूमाथ के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम को बनाया गया है। पिछले दो महीने से बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का पद प्रभार में चल रहा था। इससे पूर्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रहे अजीत कुमार का प्रमोशन हो गया था वे धनबाद सिटी एसपी बनाए गए थे। तब से यह पद खाली हो गया था। जिसके प्रभार में फिलहाल बरवाडीह डीएसपी दिलु लोहरा थे।

## कोयला ले जा रहे ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक घायल



ट्रक पलटा।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बरछिया पुल का डिवाईडर तोड़ते हुए कोयला लदे 12 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे चालक घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक 12 चक्का ट्रक जेएच 19 ए 6778 रांची चतरा मुख्य मार्ग से कोयला लेकर चतरा की ओर जा रहा रहा था। उसी बीच ट्रक अनियंत्रित होकर बरछिया पुल का डिवाइडर तोड़ते हुए पलट गई। वाहन पुल में अटक कर रह गया जिससे बड़ी अनहोनी टल गया। बताया जाता है की चालक घायल हुआ है जो खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही बारियातू थाना प्रभारी के पहल पर पलटे हुए गाड़ी को उठवाकर थाना ले जाया गया।

## पंकज सिंह को अध्यक्ष बनाये जाने पर किया गया विरोध



विरोध करते ओबीसी मोर्चा के लोग।

**लातेहार।** श्रीराम वाटिका में बुधवार को ओबीसी मोर्चा का बैठक हुआ। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। इन्होंने लातेहार से भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह को बनाए जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि पंकज सिंह 2019 में भाजपा में ज्वाइन किए हैं। आज जिला अध्यक्ष बना देना, हमलोग के साथ अन्याय है। लोगो का कहना है कि किसी ओबीसी समुदाय को जिला अध्यक्ष बनना चाहिए। क्योंकि लातेहार जिले में 55% लोग ओबीसी है, और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता है। परंतु ऐसा नहीं करके भाजपा समर्थकों में निराशा है। इसलिए लोगों ने विरोध किया है। इस मीटिंग का अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने किया। मौके पर पवन कुमार, रामप्यारे, निक्कू कुमार, गोविंद प्रसाद, राजीव रंजन प्रसाद, समेत कई लोग उपस्थित थे। बैठक में चार फरवरी को मीटिंग कर आगे की रणनीति बना कर विरोध किया जाएगा।

### चंदवा प्रखंड कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# बीडीओ को दी गयी भावभीनी विदाई



मौके पर उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

➲ बालूमाथ बीडीओ को मिला चंदवा का प्रभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को विदाई समारोह आयोजित कर बीडीओ विजय कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर प्रखंड व अंचल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्थानांतरित हुए बीडीओ विजय कुमार को पुष्प गुच्छ प्रदान कर व माला पहनाकर सम्मानित किया साथ ही उपहार भी भेंट किये। सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि बीडीओ विजय कुमार अपने कुशल नेतृत्व के बल पर कठिन परिस्थितियों में दायित्यों का बखूबी निर्वाहन किया व चंदवा में विकास योजनाओं को धरातल में उतारने में अहम योगदान दिया। विदा हो रहे बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि चंदवा प्रखंड में बिताया गया समय मेरे जीवन के बहुमूल्य समय रहा है। चंदवा से जो स्नेह व प्यार मिला है, उसे सदैव याद रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन जनसेवक लव पासवान ने किया।

**पंचायत प्रतिनिधियों ने भी किया सम्मानित**

इधर स्थानांतरित हुए बीडीओ को पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सम्मानित कर विदा किया। मौके पर चंदवा पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, प्रमुख पति राजू उरांव समेत कई पंचायत प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ प्रदान करने के उपरांत शॉल प्रदान कर सम्मानित किया व चंदवा में विकास में दिए योगदान के लिए आभार भी जताया।

**मौके पर ये रहे मौजूद**

मौके पर सीआई ऋषि देव कमल, आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, बीपीओ रतन शाहदेव, जीपीएस बालेश्वर उरांव, प्रखण्ड कर्मी रितेश कुमार, रोहित मेहता, कुश ध्वज कुमार, कुश कुमार, अमित कुमार, प्रिंस कुमार, जेएसएलपीएस के सुरेंद्र कुमार, मुजबुल आरफीन, रामयश पाठक, असगर खान, विजय शंकर सिंह, मनीष कुमार, सीडीपीओ कार्यालय कर्मी ज्योति बाला, मीरु झा, पूजा विनायक समेत काफी संख्या में कर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

## गांव चले अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने की बैठक

➲ गांव-गांव जाकर कार्यकर्ता केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा करें: अमित कुमार



बैठक के दौरान मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** गांव चले अभियान कार्यक्रम को लेकर बुधवार को भाजपा मंडल कमेटी की बैठक स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंदवा अमित कुमार ने की।सर्व प्रथम श्रधेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर बैठक की शुरूआत की गई। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की केंद्र सरकार की योजनाओं से गांव के लाभार्थियो को अवगत कराएं, आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव के सभी घरों में जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियो से ग्रामीणों को अवगत कराने का काम करें। वहीं मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष सीतामणी तिर्की ने कहा कि कार्यकताओं को गांव में जाने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ने की जरूरत है।संगठन द्वारा दिये गये कार्य को पूरा करना हम सभी कार्यकताओं का दायित्व है।गांव चले अभियान के मंडल संयोजक सह जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने गांव चले अभियान में 16 बिंदुओं कार्य करना हैं, कैसे कार्यकर्ता गांव में जाकर ग्रामीणों समक्ष अपनी बातों को रखना है इसके बारे में विस्तृत रूप से सभी को बतलाया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद व समाप्ति की घोषणा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा ने की। मौके पर जिला एवं मंडल के सभी संयोजक, जिप सदस्य सरोज देवी, कुलामन साहु, देवमोहन सिंह, शंकर साहु, मंजू सिंह, शिवकेश्वर यादव, मनीष गुप्ता, हीरामणि देवी, रवि राज, चंद्रभूषण केसरी, सूर्यनारायण साहु, वीरेंद्र प्रसाद, साजिद खान, यमुना चौधरी, अमित कुमार, संतन साहु, रविन्द्र साहू,राजू भुइयां, राजेंद्र यादव, रमेश यादव, प्रेम उरांव, सकीन्दर मुंडा, एहसान खान, पूर्णिमा कुमारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में गांव चलो अभियान को लेकर बैठक संपन्न



पार्टी में आने पर स्वागत करते पुर्व विधायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में गांव चलो अभियान की बैठक मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में की गई। जहां मुख्य अतिथि सह कार्यक्रम के प्रभारी लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम शामिल रहे। साथ ही चंदवा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक भी शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रभारी प्रकाश राम गांव चलो अभियान में क्या करना है कैसे करना है, जिससे कार्यक्रम सफल हो, इस पर चर्चा की, साथ ही मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने इस कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक बिंदुओं पर चर्चा की। साथ में कुछ नए युवा साथी शामिल हुए जिसमें प्रकाश यादव, पंकज यादव, सोनू यादव को पूर्व विधायक प्रकाश राम ने पार्टी का पट्टा पहनाकर भाजपा पार्टी का सदस्यता दिलाया। मौके पर कन्हाई साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल, विजय गुप्ता, पूर्व भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर, जसमतियां कुंवर, मंडल कोषाध्यक्ष मनोज यादव, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, भाजयुमो अध्यक्ष अवधेश यादव, अनिल उरांव, महिला मोर्चा अध्यक्ष चिंतामणि देवी, युवा उपाध्यक्ष जीतेश यादव, सुरेंद्र यादव, प्रमोद सिंह, भोला जायसवाल, बिहारी प्रसाद, कामेश पासवान, बिगन कुमार, अजय सिंह, रामेश्वर राम, दीपक सिंह, राकेश यादव, निर्मल गंझू, तुलेश गंझू, सोनू यादव, राजेंद्र भुईया, रामेश्वर सिंह, कमलेश पासवान, सुरेश यादव, मुकेश गंझू, अखिलेश यादव, नागेश्वर गंझू, पंकज यादव, प्रकाश यादव, लालमोहन यादव, दशरथ गांझू, मिठू गंझू, सुरेश उरांव, महेश तुरी, आर्यन साव, उमेश राम, करीम अंसारी, विजय यादव, रामदेव भुईयां, संजय भुईयां, जितेंद्र यादव, पिंटू यादव के साथ साथ शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक एवं बूथ के अध्यक्ष एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भाजपा का गांव चले अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन



कार्यशाला में मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल देव इन में बुधवार को गांव चले अभियान कार्यशाला का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू पूर्व सांसद एवं कार्यक्रम मंडल प्रभारी बृजमोहन राम, विशिष्ट अतिथि पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी,भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजतन साहू, गार्जियन गिरधारी यादव, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव, एसटी मोर्चा जिला प्रभारी सुरेश उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का संचालन रघुनंदन सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव चले अभियान पर चर्चा की गए एवं पंचायत स्तर तक संयोजक एवं सह संयोजक का गठन किया गया। कार्यक्रम में रामजी सिंह, विजय यादव, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सह संयोजक रघुनंदन सोनी, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भानु सिन्हा, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, किसान मोर्चा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र साव, प्रवेश सोनी नरेंद्र रजक, श्रवण यादव, विजय प्रसाद, मंजू देवी, अंजू देवी, अमित गुप्ता महेंद्र यादव, मोहन पांडे, विजय राम, तुलसी प्रसाद, अनूप गुप्ता, रामप्रवेश राम, दिलमणि यादव, विजय ठाकुर, मिंटू भुईया, बाबूलाल भगत, रवींद्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजीव गुप्ता, विजेंद्र महतो, विजेंद्र यादव, जितेंद्र साव, पवन यादव, विनोद यादव,अनूप वर्मा, प्रमोद साव, अशोक यादव, कैलाश साव, सतेंद्र भगत, सचु यादव, उमेश प्रजापति, गजेंद्र, हिमांशु, अर्जुन सिंह बासुदेव उरांव, संतोष, संजय समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

**एक नजर में**

## चंदवा पूर्वी जिप सदस्य के प्रयास से मनातू में डेढ़ वर्ष बाद लगा ट्रांसफार्मर, खुशी



**चंदवा।** चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी के सार्थक प्रयास से चंदवा पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत मनातू गांव में डेढ़ वर्षो से जले विद्युत ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसे बुधवार को जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव की मौजूदगी में ट्रांसफार्मर लगाकर गांव में विद्युत व्यवस्था सुचारू की गई। डेढ़ वर्षों के लंबे अवधि के बाद गांव में बिजली बहाल होने के बाद ग्रामीणों के चेहरे में खुशी देखी गयी व ग्रामीणों ने प्रतिमा देवी व रोहित यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रोहित यादव ने कहा कि जिला परिषद के प्रयास से ऐसे जो भी समस्याएं है जिनका निदान संभव हो, उनके निदान के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। आगे कहा कि कई ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिप सदस्य के द्वारा जिला प्रशासन को पत्राचार किया गया है, जिसके आधार पर काम भी हो रहा है। मौके पर रोहित यादव के साथ प्रखंड प्रमुख पति राजू उरांव, पंचायत समिति सदस्य बुधन गंझू, प्रमोद यादव, ग्राम प्रधान रामविलास उरांव, मोनिका सोरेन, आनंदमसी कुजूर, सारदा देवी, राजेश तुरी, धनी लकड़ा, नमिता उरांव, संगीता देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विकसित भारत अभियान के तहत पतराटोली आंगनबाड़ी केंद्र में कुष्ट उन्मूलन को लेकर ग्रामीणों को दिलाई शपथ



**चंदवा।** केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को उपायुक्त के निर्देश पर कामता पंचायत के पतराटोली आंगनबाड़ी केंद्र में कुष्ट उन्मूलन को कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंसस अयुब खान ने ग्रामीणों के बीच पढ़कर सुनाया और उन्हें शपथ दिलाई। जिसमें शपथ लिया गया कि कुष्ठ रोग के शुरूआती लक्षण वाले व्यक्ति जिनके शरीर के किसी भाग पर दाग, धब्बे हों तथा जिनमें दर्द एवं खुजली नहीं होती हो और जो जन्म से नहीं है उसे कुष्ठ रोगी का लक्षण बताते हुए उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाने की सलाह देने को कहा गया। मौके पर सहिया नशेबुन बीवी, सहायिका आशा देवी, निखत बीवी, सबीना बीवी, सफीक खान, शहबाज खान, हुस्नआरा बीबी, जौशन बीबी, रौशन देवी, मीना देवी, गीता देवी, तेवरी देवी, शुकरी देवी, जमनी देवी, हलीमा बीवी, मदीना बीवी, शिफा प्रवीन, बेबी देवी, नुरमोहम्मद खान, रवि गंझु, सुलताना बीवी, सुहाना प्रवीन, आयान खान, सुफीया खान, तबस्सुम बीवी, शिमंती देवी, सम्मी खान, रविन्द्र गंझु, अफसरी बीवी, सरीता कुमारी, झामो देवी समेत कई लोग मौजदू थे।

## अबुआ आवास ग्राम सभा के माध्यम से लाभूकों को देने को लेकर मुखिया अध्यक्ष लातेहार ने डीसी से की मुलाकात



डीसी को आवेदन देते संघ के अध्यक्ष।

**लातेहार।** जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सुभाष सिंह ने बुधवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें इन्होंने कहा है कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हर पंचायत में किया गया था। इस बीच जिले के सभी पंचायतों से हजारों आवेदन पंचायत हुए थे। अबुआ आवास योजना अंतर्गत लाभूकों को आवास आवंटन क्रमांक सुची के अनुसार करने की सूचना प्राप्त हुई है जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। तथा जरूरतमंद आवास विहीन परिवार को ससमय आवास उपलब्ध नहीं हो पाएगी, क्योंकि जिला द्वारा जारी की गई सुची में काफी अनियमितता है जिससे मुखियागणों को काफी परेशानी हो रही है सूची के अनुसार सभी जनप्रतिनिधिगण कार्य करने में इन्होंने उपायुक्त से मांग करते हुए अबुआ आवास योजना ग्राम सभा के माध्यम से लाभुकों को आवास आवंटित करने की मांग की है। जिससे जरूरतमंदो को ससमय आवास उपलब्ध हो सकें।

## गांव चलो अभियान को लेकर भाजपाइयों ने किया बैठक

खबर मन्त्र संवददाता



बैठक में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय परिसर में बुधवार को गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रखंड संयोजक राजधानी प्रसाद यादव, सहसंयोजक सह जिला परिषद सदस्या प्रियंका देवी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुभारंभ सर्वप्रथम पंडित दिनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पाअर्पित कर वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक यादव ने कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकताओं द्वारा संगठन की मजबूती एवं बूथ को सशक्त करने पर चर्चा किया गया। साथ ही समाज में रहने वाले लोगों से संपर्क कर केन्द्र सरकार के उपलब्धियों को बताते हुए अबकी बार फिर से मोदी सरकार का दिवार लेखन किये जाने की बात कही। कार्यक्रम 4 फरवरी से 11 फरवरी तक चलाया जायेगा। वहीं सह संयोजक देवी ने केन्द्र सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बार होने वाले चुनाव को लेकर हम सभी भाजपा कार्यकर्ता एक जुट होकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने एवं अपने उम्मीदवार को प्रचंड जीत दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। वहीं कार्यकताओं को गांव चलो अभियान को सफल बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। ठीक इसके पूर्व आये सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजु देवी, जिप सदस्य रमेश राम, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, मंडल मंत्री निरजंन राम, युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप केशरी, कामेश्वर प्रजापति, किशोर साव, शिवमंगल सिंह, सकेन्द्र राम, मुकेश यादव, कामख्या यादव, रिंकू याद, कुन्दन कुमार, दुलारचंद पासवान,अजय गंझु सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बारियातू पुलिस ने 12 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती को किया नष्ट



पोस्ता की खेती नष्ट करती पुलिस।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सुदरवर्ती पंचायत बालूभांग पंचायत के बुढ़ी सखुआ जंगल किनारे लगे बारह एकड़ में अवैध पोस्ता खेती को बारियातू थाना पुलिस ने नष्ट किया। बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर मंगलवार को बालूभांग पंचायत के बुढ़ी सखुआ जंगल किनारे 12 एकड़ मे लगे पोस्ते की खेती को लगे होने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर टीम गठित कर ट्रेक्टर के माध्यम से पोस्ता खेती को नस्ट किया गया। पोस्ते की खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है पुलिस अग्रेतर कार्रवाई करते हुए दोषियों पर जल्द एफआईआर करेगी। मौके पर एएसआइ बिन्देश्वर महतो सहित काफी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

## बारियातू कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का 76 वें पुण्यतिथि मनाया



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वें पुण्य तिथि मनाया। पुण्य तिथि के मौके पर अध्यक्षता कर रहे कुमार व उपस्थित कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कुमार ने कहा कि आज के दिन इतिहास में देश को सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए आजादी दिलाने वाले प्रमुख, स्वतंत्रता सेनानी मोहनदास क्रम चंद्र गांधी की पुण्यतिथि के तौर पर हमेशा के लिए दर्ज है साल 1948 में आज के दिन ही यानि 30 जनवरी के दिन ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तब से प्रत्येक 30 जनवरी को शहीद दिवस के तौर पर मनाते है।महात्मा गांधी ने ही सत्याग्रह व अहिंसा के माध्यम से ब्रिटिश शासन खत्म करने का कार्य किया। साथ ही अफ्रीका देश मे बीस वर्षों तक नस्लीय भेदभाव व अन्याय के खिलाफ भी संघर्ष करते रहे। इसी पद्धति के कारण महात्मा गांधी को देश विदेश में उन्हें बापू कहकर पुकारते थे। मौके पर कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज, साल्वे मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजिव भगत, एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप राम, मो. हदीस, मो. रशीद, मुन्ना उरांव, लाल आशिस नाथ शहादेव, जगदीश उरांव, मो. जफरूद्दीन, मुकेश राम, निरंजन यादव, मो. तबारक सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### दुर्भाग्य : बच्चों की सुरक्षा को दांव पर रखकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहें है निजी विद्यालय

# विद्यालय प्रबंधन की इस मनमानी के बावजूद सरकारी तंत्र बना हुआ है मूकदर्शक

➲ मनमानी स्कूल फीस और वाहनों पर भी वसूला जाता है मनमाना चार्ज

➲ नया सत्र प्रारंभ होते ही ड्रेस, जूता, मोजा, टाई, बेल्ट के साथ ही किताबें और पाठ्यक्रम के नाम पर भी होता है कमीशनखोरी का खेल

दीपक राज

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में संचालित कई निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। बता दें कि यहां स्कूली बसों की जगह आधे दर्जन से अधिक तीन पहिया और चार पहिया वाहन, वैन, कमांडर इत्यादि में स्कूली बच्चों को भेड़ बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर ले जाने का काम किया जाता है। निजी विद्यालयों की इस मनमानी के बावजूद सरकारी तंत्र मूकदर्शक बना हुआ है। ऐसे में स्कूली बच्चे इन खटारा वाहनों में अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। वहीं बच्चों के अभिभावक भी बेबस है। जबकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत स्कूली वाहन का कलर पीला होने साथ कैमरे, जीपीएस सिस्टम, मेडिकल किट इत्यादि लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। पर यहां तो पता ही नहीं चलता कि यह स्कूल वेन हैं या सवारी गाड़ियां। इस मामले को यातायात विभाग और जिला प्रशासन को गंभीरता से लेने की जरूरत है।



टेंपू में भेड़ बकरियों की तरह ठूसे गए संत थॉमस के बच्चे।

**एक्शन लेने की बजाय मुंह बंद रखें है अधिकारी**

इन स्कूल संचालकों पर जिला प्रशासन का किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है। निजी स्कूलों में अच्छी शिक्षा और व्यवस्था का लालीपॉप देकर अभिभावकों को ठगा जा रहा है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस के नाम पर किए जाने वाली मनमानी के खिलाफ शिक्षा विभाग कुछ बोलने के बजाय मुंह बंद कर रखा है। प्राइवेट स्कूल संचालकों से कोई यह पूछने वाला नहीं है कि आखिर एडमीशन के नाम पर इतनी भारी भरकम वसूली किस आधार पर की जा रही है।

**मनमानी फीस पर नकेल कसने में कमजोर साबित हो रहा विभाग**

दूसरी ओर निजी स्कूल संचालकों के द्वारा विद्यार्थियों की बढ़ाई गई मनमानी फीस पर प्रशासन किसी भी तरह की नकेल कस पाने में बेहद कमजोर साबित हो रहा है। मनमाने ढंग से फीस निर्धारित करने वाले निजी स्कूल संचालकों द्वारा नया सत्र प्रारंभ होते ही ड्रेस, जूता, मोजा, टाई, बेल्ट के साथ ही किताबें और पाठ्यक्रम के नाम पर कमीशनखोरी का खेल जारी है। बेहतर शिक्षा के नाम पर अभिभावकों को जमकर लूटा जा रहा है। स्कूल संचालकों ने कहीं कापी-किताबों और ड्रेस के लिए दुकानों से सेटिंग कर रखी है, तो कहीं खुद स्कूल बेच रहे हैं। फीस बढ़ाकर तो जेब भरी ही जा रही है, कापी- किताब और ड्रेस से भी मोटी कमाई की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी पंचायत स्थित धुरकी-बिलासपुर मुख्य मार्ग स्थित कदवा गांव के कविशवा टोले में मंगलवार की मध्य रात्रि एक खाली ट्रैक्टर असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे ट्रैक्टर चालक शुरू गांव निवासी विनोद कोरवा के 19 वर्षीय पुत्र अजीत कोरवा की मौत हो गई। घटना के संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि अजीत घघरी गांव निवासी लव जायसवाल का खाली ट्रैक्टर लेकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान कविशावा मुख्य पथ पर तीव्र गति होने के कारण ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया। जिससे अजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके पश्चात पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीसीएल ढोरी से 13 कामगार हुए सेवानिवृत, दिया गया सम्मान

**बेरमो/करगली।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम ऑफिस के सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का अयोजन कर जनवरी माह में सेवानिवृत हुए 13 कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। यहाँ एएडीओसीएम असिस्टेस फोरमैन भागीरथी, ओएस ग्रेड वन मिथलेश कुमार सिंह, मजदूर गोविंद दीगार, एसडीओसीएम से मुंशी राजेंद्र नोनिया, जनरल मजदूर नकुल कमार, ड्राइवर सह मैकेनिक सुरेश राम, क्रेन ऑपरेटर नारायण तिवारी, ईपी फिटर घनश्याम महतो, तारमी ओसीपी से ईपी फिटर केवल महतो, ढोरी से ब्लास्टिंग हरी महतो, ओवरमेन हरिलाल महतो, जीएम यूनिट ट्रैमिंग पर्सनल सरोधा मांझी तथा गोंडो दीगार को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया गया। उन्हें सेवाकाल प्रमाण-पत्र सौंपा गया। जबकि एसडीओसीएम से ड्रिल ऑपरेटर राजेंद्र नोनिया का पूर्व में निधन हो चुका है। इस अवसर पर चार लोगों को गृहचुट्टी का चेक जीएम के द्वारा दिया गया। मुख्य रुप से मौजूद जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि विदाई एक प्रक्रिया है जिससे हर किसी को गुजरना है, सेवानिवृत कर्मचारी भी सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग है। उन्होने सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की। कहा कि नौकरी से बेदाग सेवानिवृत होना एक सच्चे और ईमानदार कर्मी का परिचय है। उन्होंने सेवानिवृत के बाद मिलने वाले पैसे को सहेजने तथा अपने शौक पूरा करने की सलाह दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने-अपने विचार रखें तथा कार्य के दौरान अपने अनुभवों से सभी को अवगत कराया। संचालन सुरक्षा अलमा अधिकारी प्रतुल कुमार ने किया।

### बीएसएल में आजादी के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**बोकारो।** बीएसएल के प्रशासनिक भवन ईडी वर्क्स कार्यालय संयंत्र के विभिन्न विभाग नगर सेवा भवन एच आरडी सहित झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस की विभिन्न इकाइयो में महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान ईडी वर्क्स बीके तिवारी ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद सहित सीजीएम अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### डीपीएस चास ने अंतर विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीते 11 पदक

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में आयोजित डॉ राधाकृष्णन सहोदया अंतर विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 10 स्कूलों से करीब 100 खिलाड़ियों के बीच अलग अलग वर्गों में 5 रजत व 6 कांस्य पदक हासिल किया है। आर्यन राज बास्के विवेक महतो अनमोल कुमार सृष्टी शुक्ला व जया महतो ने विभिन्न आयु व भार वर्ग में रजत पदक जीते। शुभम राय सुयश मोदी जय हांसदा शिवांश प्रज्ञान प्रजापति श्रेयांशी श्री ने विभिन्न आयु व भार वर्ग में कांस्य पदक जीते। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने सभी विजेता विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की सीख मिलती है। विद्यालय के पीवीसी एन मुरलीधरन डायरेक्टर डॉ नवीन शर्मा कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे एकेडमिक डीन जोंस थॉमस डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल सहित पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

शारदा महेष प्रताप देव ने कारसेवा की यादें साझा की कहा 32 साल पुरानी यादें पुनः जीवंत हो गई है

# सुरक्षा में लगे लोहे की छड़ ही बनी थी बाबरी मस्जिद ढाहने का हथियार

खबर मन्त्र संवाददाता



शारदा महेष प्रताप देव।

**गढ़वा।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद देष के कोने-कोने में सनातनियों के बीच असीम खुशी की लहर दौड़ रही है। इनमें खास कर छह दिसंबर 1992 को जिन्होंने कारसेवा में भाग लिया था। आज उन्हें अनंत सुख एवं खुशी की प्राप्ति हो रही है। 32 साल पुरानी यादें पुनः जीवंत हो गई हैं। गढ़वा जिला अंतर्गत श्री बंषीधर नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी टीडीएम इंटर कॉलेज के सचिव शारदा महेष प्रताप देव ने कारसेवा की यादें साझा की है।

श्री देव ने बताया कि दुष्ट, बर्बर आक्रांता बाबर ने 06 जून 1528 ई. को अपने सेनापति मीरबांकी द्वारा देश के प्राचीनतम धार्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र अयोध्या के श्रीराम मंदिर तोड़वाकर उस पर अपने नाम का बाबरी मस्जिद बनवा दिया था। भारत की सनातन संस्कृति पर लगा यह सदियों का कलंक दो लाख हिन्दू के बलिदान के बाद भी धोया नहीं जा सका था। 30 अक्टूबर 1990 में मुलायम सिंह यादव की बर्बर सरकार की गोलियों के शिकार हुए सैकड़ों राम भक्तों द्वारा प्राणों की आहुति दिये जाने के बाद भी वह कलंक प्रत्यक्ष रूप से हिन्दू जनमानस को उद्वेलित करता रहा। शायद अराध्य श्रीराम की इच्छा से ही 6 दिसम्बर 1992 का वह शुभ दिन निर्धारित था। जिस दिन सदियों का वह कलंक राम भक्त कार सेवकों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। इसी दिन 6 दिसम्बर 1992 को कई हिन्दू संगठनों के आह्वान पर अयोध्या की पावन धरती पर देश भर से आए करीब सात-आठ लाख राम भक्तों की बाबरी मस्जिद के ठीक बाजू में विशाल सभा आयोजित हुई। मेरे साथ इसी सभा में 72 राम भक्तों की एक टोली भी शामिल थी। 05 दिसम्बर 1992 को दो-ढाई बजे दिन में हमलोग अयोध्या पहुंच गये थे। एक अखाड़े में हम सबों को ठहरने की जगह मिल गई थी। उस पहली रात तो जो रास्ते का भोजन सत्तू लेकर गये थे हम सभी वही खाये। लेकिन दूसरे दिन 06 दिसम्बर से जलपान, भोजन मिलने लगा था। भोजन के बाद करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रस्तावित सभा-स्थल की ओर जाती हुई भीड़ के साथ हमलोग भी चल दिये और वहां पहुंच गये जहां टिड्डी दल की तरह एकत्र भारत की विभिन्न भाषा और पोशाक में जन -सैलाब दिखा। आने वालों का तांता लगा हुआ था। देखते-देखते मैदान से लेकर वहां आसपास के टीलों पर भी आदमी के सर ही सर नजर आने लगे। लगभग सात-आठ लाख के उस जन-समुद्र को एक छोटे से घर के छत से हिन्दू जनभावना के पारखी भारतीय जनता पार्टी के सर्वधिक लोकप्रिय नेता लालकृष्ण आडवानी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, विश्व हिन्दू परिषद के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अशोक सिंघल, विनय कटियार आदि जैसे नेताओं का भाषण चल रहा था। उधर धीरे-धीरे कुछ युवक बाबरी मस्जिद की तरफ बढ़ रहे थे। जैसे ही माननीया उमा भारती का भाषण समाप्त हुआ उधर सैकड़ों युवक मस्जिद के तीनों गुंबद पर चींटी की तरह लिपटे दिखे। थोड़ी ही देर में पूरा जन-सैलाब बाबरी मस्जिद को घेर लिया और वहां मुलायम की सरकार के समय उसकी सुरक्षा के लिए लगाये गये चतुर्दिक लोहे की छड़ों को तोड़कर, काटकर मस्जिद ढाहने का हथियार बना लिया गया। हम सब भी टुकड़े किये गये लोहे की छडों से तीसरे गुंबद के नीचे का हिस्सा एक तरफ से तोड दिये। करीब डेढ़ घंटे में बारी -बारी से तीनों गुंबद ध्वस्त हो गया। चारों ओर से अयोध्या जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। अब 22 जनवरी 2024 शुभ दिन सोमवार को 12:29 बजे श्रीराम लला अपने विश्वविख्यात स्वर्णजड़ित भव्य मंदिर में यशस्वी हमारे देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा किये जाने के बाद विराजमान हो गये हैं। इस शुभ घड़ी से वास्तव में इस धर्म परायण भारत के पावन भूमि का आह्लादित जनमानस रामराज्य की अनुभूति करने लग गया है। मैं 54 वर्ष की आयु में यह टोली लेकर अयोध्या गया था और बाबरी ध्वंस का साक्षी बना था। आज जब हमारे अराध्य श्रीराम लला लाखों बलिदानियों और मेरे जैसे करोड़ों कार सेवक भक्तों के सदियों की मुराद पूरी हो गई है। तब मैं 87 वर्ष की आयु का हूं। इस पल मैं कितना आहलादित हूं व्यक्त नहीं कर सकता। मेरे लिए तथा मेरे साथ गये साथियों के लिए यह क्षण स्वर्ग के सुख जैसा है। हमारे देश को यह अवश्य विश्वास करना चाहिए कि अयोध्या मंदिर में श्रीराम लला का विराजमान होना तभी संभव हो सका जब हम सब ने अपनी सरकार केन्द्र में बनाकर देश का प्रधानमंत्री हिन्दू जनभावना का आदर करने वाले नरेंद्र भाई मोदी को बैठाया।

### जयदेव राय के जिलाध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं ने दी बधाई



**बोकारो।** भाजपा के जिला महामंत्री जयदेव राय के बोकारो जिलाध्यक्ष के मनोनयन पर पार्टी कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि श्री राय के नेतृत्व में पार्टी बोकारो जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक बूथ स्तर पर मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी और 2024 में नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने में लोकसभा चुनाव सहित भावी झारखंड विधानसभा चुनाव में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त करेगी। श्री राय को बधाई देने वालों में भाजपा चास नगर के पूर्व अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना अशोक जगनानी सुबोध कुमार अतिश कुमार सिंह गौरीशंकर सिंह शिवकुमार श्रीवास्तव रामभजन सिंह सुबोध सिंह रामकिंकर माहथा पद्मलोचन वाउरी लालमुनी देवी दयाल बाउरी नरोत्तम झा विनोद चौधरी राजीव रंजन सिन्हा सुनील सिंह श्रीकृष्णा पांडेय दिलीप अग्रवाल अरविंदर सिंह भाटिया रामकुमार सिंह अमरजीत सिंह भाटिया राहुल कुमार बिंदा देवी सुमन गुप्ता अशोक सिंह कैलाश जायसवाल राजू पाण्डेय आदि के नाम शामिल हैं।

## सीसीएल बीएंडके में 26 कामगारों को सेवानिवृत होने पर दिया गया सम्मान पूर्वक विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/करगली।** सीसीएल बीएण्डके क्षेत्र में जनवरी महीने में 26 सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित कर दी गई। इसकी अध्यक्षता बीएण्डके क्षेत्र के जीएम के रामाकृष्ण ने की। संचालन कार्मिक प्रबंधक प्रेक्षा मिश्रा ने की। सभी सेवानिवृत कर्मियों को जीएम सहित तमाम अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधि ने श्रीफल, उपहार, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत होने वालों में क्षेत्रीय अस्पताल करगली से सीनियर फार्मासिस्ट जयप्रकाश सिन्हा, कारो ओसीपी से ऑफिस सुप्रीडेंट देवी प्रसाद भट्टाचार्य, डोजर ऑपरेटर हरेराम साव, सीनियर पीए पीआई आभास चंद्र गांगुली, लाइन मिस्ट्री रामजी, चेनमैन निर्मल महतो, करगली ओसी से सोवल ऑपरेटर रंजन राम, ग्रेडर ऑपरेटर गणेश गोस्वामी, ड्राइवर सह मैकेनिक दामोदर, कैट वन जयप्रकाश मल्लाह, ईपी फीटर शशिभूषण तिवारी, जीएम यूनिट से ऑफिस सुपारिडेंट दशरथ नायक, केडी यादव तथा दयाराम, ट्रिपमैन सहादत हुसैन, असिस्टेंट स्टोर कीपर देवेंद्र कुमार, कैट वन रेशम लाल, बोकारो कोलियरी से ऑफिस सुपारिडेंट श्यामल कुमार मुखर्जी, सीनियर ओवरमैन विजय कुमार सिंह, ड्रिल ऑपरेटर बैकुंठ नायक, एकेकेओसीपी से ईपी सीनियर मैकेनिक सेवाचंद केवट, कैट वन लालू मांझी तथा कर्म मांझी, फोरमैन महेंद्र राम, ओएस ग्रेड ए अर्जुन लाल तथा गौतम भटाचार्यजी है। इस अवसर पर सभी यूनियन प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार रखे।

मौके पर एसओपी राजीव कुमार, सीएमओ संजय कुमार सिन्हा, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह, एसडी रत्नाकर, यूनियन प्रतिनिधि गजेंद्र प्रसाद सिंह, पंकज कुमार महतो, गणेश महतो, विजय भोई, आभास चंद्र गांगुली, शक्ति मंडल, राम निहोरा सिंह, दिनेश प्रसाद महतो, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### बीएंडके क्षेत्र के करगली फिल्टर प्लांट में सम्मान समारोह का आयोजन



**बेरमो/फुसरो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली फिल्टर प्लांट में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर एमटीके पद में कार्यरत सेवानीवृत्त मो शहादत हुसैन कर्मी को विदाई दी गयी। यहाँ मुख्य रूप से मौजूद मैनेजर अमरेश कुमार ने सेवानिवृत कर्मी को बुके व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विजय नायक ने किया। इस दौरान मैनेजर श्री कुमार ने कहा कि कोल इंडिया में जॉइनिंग के समय ही विदाई के दिन तय हो जाता है। हर कर्मचारियों को एक दिन अपने सेवा से मुक्त होना पड़ता है। कहा कि मो शहादत हुसैन की कृति हमेशा यहां के कामगार साथियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। सेवानिवृत्त मो शहादत हुसैन अपने जीवन को बेदाग रखकर सेवानिवृत्त हो रहे है। कहा कि सेवानिवृत्त कामगारों ने अपने जीवन के कीमती समय देकर सीसीएल के उत्पादन में अहम भूमिका निभायी। शेष जिन्दगी हंसी खुशी के साथ अपने परिवार के बीच बिताएं। अपनी जिंदगी की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित रखें। सेवानिवृत्त मो शहादत हुसैन ने कहा कि व्यक्ति काम और व्यवहार की बदौलत ही बुलंदियों तक पहुंचता है। कहा कि लगभग 23 वर्षो तक बीएंडके में नौकरी करते हुए कटेगरी 3 से सफर करते हुए एमटीके के पद पर रहते हुए सेवानिवृत हो रहे हैं। इसके पूर्व गोबिंदपूर में ग्रेड 3 में कार्य करते थे। मौके पर फोरमेन मो हसनेन अहमद, एसके सिंहा, बिनोद कुमार, एसके चक्रवर्ती, एमटीके सुनील सिंह सहित सेलवेन राज, यूनियन के पुनीत महतो, राजेश प्रसाद नायक, सुब्रतो गांगुली, धीरन प्रसाद नायक, अशोक प्रसाद, महेंद्र नायक, मुन्नीलाल हजाम, दूधेश्वर नोनिया, गोपाल, सुरेंद्र महतो, संजय सिंह, बानेश्वर मंडल, राजेंद्र नायक आदि लोग मौजूद थे।

### रोटरी द्वारा दिव्यांगों के स्वावलम्बन का सराहनीय प्रयास



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स द्वारा गरीबों और दिव्यांगों के लिए चलाये जा रहे सिलाई सेंटर और कंप्यूटर सेंटर में एक विकलांग लड़की जो सुन और बोल नहीं सकती सिलाई मशीन के सहारे स्वावलम्बी बन चुकी है। रोटरी मिडटाउन कपल्स की अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि हमने शिक्षा के सर्वांगीण अधिकार को प्रोत्साहित किया और इस युवती को उसके सपनों की पूर्ति में मदद करने का एक और संकल्प लिया है। सेंटर में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश और रंजना बागड़िया द्वारा सिलाई और कंप्यूटर डिप्लोमा पूरा करने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए जिन्होंने सेंटर से अपनी शिक्षा पूरी की है। मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव बागड़िया रंजना बागड़िया अनूप शिव अग्रवाल दिव्य पुनीत जौहर कविता विकास जैन राजा उमेश जैन रंजन गुप्ता अमित जौहर अनूप त्रिपाठी अनुपम गर्ग मनीष केजरीवाल संजीव त्रेहन आदि मौजूद रहे।

## जिपस रजनी की मांग पर सूर्य नारायण वन को मिला पर्यटक स्थल का दर्जा

खबर मन्त्र संवाददाता



मंत्री को मांग पत्र सौंपती रंजनी शर्मा (फाइल फोटो)।

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने गढ़वा जिले के तीन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित किया है इन स्थलों को ग्रेड डी पर्यटन स्थल का दर्जा दिया गया है। इन स्थलों में भवनाथपुर प्रखंड के मुकुंदपुर गांव स्थित सूर्य नारायण वन, सिलीदाग स्थित चांदराज पहाड़ी तथा जिरुआ बांध का नाम शामिल है।

इस संबंध में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने बताई कि उन्होंने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंपकर भवनाथपुर प्रखंड के मुकुंदपुर गांव स्थित प्रसिद्ध सूर्य नारायण वन स्थित सूर्य मंदिर परिसर एवं खेल के मैदान को वन पट्टा उपलब्ध कराने एवं इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की थी। उनकी मांगों पर कार्रवाई करते हुए मंत्री श्री ठाकुर एवं डीसी श्री जमुआर ने इसे झारखंड सरकार को अग्रसारित किया था। इनकी अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए झारखंड सरकार की पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए जिपस श्रीमती शर्मा ने मंत्री श्री ठाकुर तथा डीसी श्री जमुआर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दी है।

### सिटी पार्क में झारखंड +2 शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



**बोकारो।** स्थानीय सिटी पार्क में झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो की बैठक में कार्यकारिणी के विस्तार के क्रम में सर्वसम्मति से रामबिलास +2 उच्च विद्यालय बेरमो के पीजीटी डॉ शशिकांत पांडेय को उपाध्यक्ष पद के लिए एवं +2 उच्च विद्यालय दुगधा की पीजीटी श्वेता कुमारी उपाध्याय को उप संगठन मंत्री पद के लिए चयनित किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह ने की। बैठक में कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में सचिव डॉ अवनीश झा संरक्षक डॉ अजय पाठक उपाध्यक्ष कौशल मुखर्जी कोषाध्यक्ष राजदेव साहू प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी गौरव कुमार दुबे उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव तकनीकी सचिव धर्मेंद्र कुमार व +2 उच्च विद्यालय हरनाद के प्राचार्य मनोज कुमार दत्ता उपस्थित रहे।

पेज 1 का शेष

### वित्त मंत्री आज...

**नया रिकार्ड सीतारमन के नाम :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार छठा बजट पेश करेंगी। इसके साथ ही उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज होंगे। वह लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश कर पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के क्लब में शामिल हो जायेंगी। सीतारमण पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं, जो जुलाई 2019 से अब तक पांच पूर्ण बजट पेश कर चुकी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने सर्वाधिक 10 बार बजट पेश किये थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को अपना पहला अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले साल 2019 में वित्त मंत्री अरुण जेटली की अस्वस्थता के कारण उस समय वित्त मंत्री के प्रभार में रहे पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था। **किसानों को सौगात देने की तैयारी :** आगामी लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सत्ता में वापसी की उम्मीद पाले मोदी सरकार अंतरिम बजट में किसानों के वोटबैंक को साधने की तैयारी में है। किसानों को बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद है। इस बात के आसार हैं कि पीएम किसान निधि के तहत 16वीं और 17वीं किस्त की राशि एक साथ बढ़ाकर जारी किसानों को दिया जा सकता है। इसके 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान जो अंतरिम बजट पेश किया था उसमें पीएम किसान सम्मान निधि योजना को लॉन्च करने की घोषणा की गयी थी। मौजूदा वित्त मंत्री सालाना तीन किस्तों में दिये जाने वाले 6000 रुपये के रकम को बढ़ाकर 9,000 रुपये किया जा सकता है। महिला लाभार्थियों के लिए इस रकम को 6000 रुपये से बढ़ाकर सालाना 12000 रुपये किया जा सकता है। **एक साथ मिलेगी 16वीं और 17वीं किस्त संभव :** 2019 में लोकसभा चुनावों से पहले भी ऐसा हुआ था। 24 फरवरी, 2019 को पीएम मोदी ने पीएम किसान योजना की पहली और दूसरी किस्त की 4,000 रुपये की राशि को एक साथ किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर किया था। 2019 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को इसका बड़ा चुनावी लाभ भी मिला और 2014 के मुकाबले 2019 में बड़ी बहुमत मोदी सरकार सत्ता में आयी। 2024 में भी इसी फॉमूर्ला को दोहराये जाने की उम्मीद है। 2019 में इस योजना की शुरूआत से अबतक 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के बैंक खाते में 2.80 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किया जा चुका है। पीएम किसान सम्मान योजना दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर स्कीम की ख्याति हासिल कर चुकी है।

# केबी कॉलेज बेरमो परिवार द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम

- अनेको महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ साथ कथारा जीएम भी कार्यक्रम में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता






**बेरमो/कथारा/जारंगडीह।** बुधवार 31 जनवरी, 2024 को प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा के सेवानिवृत्ति के मौके पर के बी कॉलेज बेरमो परिवार ने विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जंतु शास्त्र सभागार में दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया कि बी कॉलेज बेरमो परिवार ने उत्कृष्ट योगदान व कुशल नेतृत्व के लिए उन्हें कॉलेज परिवार के शिक्षकों, कर्मियों की ओर से पुष्प गुच्छ, अंगव्रस्त्र, माला पहना एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि तेनुघाट के प्राचार्य प्रो सुदामा तिवारी, सी सी एल कथारा के महाप्रबंधक डी के गुप्ता, संध्याकालीन कॉलेज के प्राचार्य प्रो गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, सी सी एल कथारा के सी एस आर पदाधिकारी चंदन कुमार, चास कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ ओ पी सिन्हा, प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की धर्मपत्नी व परिवार गण आदि उपस्थित थे। जिन्होंने डा के पी सिन्हा के उत्कृष्ट व ईमानदारी सेवा व दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति भावपूर्ण उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचार्य डा के पी सिन्हा का कुशल नेतृत्व एवं सेवा के प्रति समर्पित कार्यक्षमता के प्रति आभार प्रकट किया।

महाप्रबंधक सी सी एल कथारा दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा डा के पी सिन्हा एक कर्मठ एवम अपने दायित्वों के प्रति ईमानदारी से अपनी सेवा का निर्वहन किया है। ड्रेस कोड की बात हो, कॉलेज मे सेमिनार या कौशल प्रशिक्षण या कैरियर काउंसलिंग एवम कोचिंग सेंटर, हमेशा विधार्थी की हित के कार्य मे उनकी अग्रणी भूमिका रही है। डा प्रभाकर कुमार ने कहा कि हमलोगो के लिए डा सिन्हा अभिभावक तुल्य रहे हैं। प्राचार्य के रुप मे हमलोग इनसे उत्कृष्ट शिक्षण शैली व प्रशासनिक दायित्वों के कई गुर सीखे हैं। सेवानिवृत प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कहा प्राचार्य पद पर आसीन होने से लेकर आज सेवानिवृत होने तक छात्र छात्राओं का समग्र व चतुर्धिक विकास मेरे सेवाकाल का प्रमुख लक्ष्य रहा है। कार्यक्रम संचालन डॉ नीला पूणीर्मा तिर्की किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय ने किया। स्वागत भाषण प्रो गोपाल प्रजापति ने किया।

प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा के लिए डा प्रभाकर कुमार, बड़ा बाबू रविंद्र कुमार दास, प्रो सुदामा तिवारी, प्रो गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, डा ओ पी सिन्हा, सी सी एल कथारा के महाप्रबंधक डी के गुप्ता, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा वासुदेव प्रजापति, सदन राम, शिव चन्द्र झा, दुर्गा पासवान आदि ने वक्तव्य रखा। कॉलेज परिवार के शिक्षकों व कर्मियो ने डा के पी सिन्हा को सेवानिवृति होने के बाद सुखमय जीवन के लिए शुभ कामनाएं दीं।

कई मीडिया बंधुओं ने भी उनके किए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंशा किए और सफल दीघार्यु जीवन की कामना किए।

छात्र छात्राओं ने भी डा के पी सिन्हा के प्रति आभार प्रकट किए। प्राचार्य के मृदु भाषिता व किसी समस्या का अविलंब समाधान करने हेतु उन्हें दिल से साधुवाद किया। कहा कि आप चिरकाल तक याद किए जायेंगे।

मौके पर तेनुघाट कॉलेज के प्राचार्य प्रो सुदामा तिवारी, सी सी एल कथारा के महाप्रबंधक डी के गुप्ता, सी सी आर पदाधिकारी चंदन कुमार, चास कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ ओ पी सिन्हा, संध्याकालीन कॉलेज के प्राचार्य प्रो गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय, प्रो गोपाल प्रजापति, डा आर पी पी सिंह, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा प्रभाकर कुमार, डा साजन भारती, डा अलिशा वन्दना लकड़ा, डा नीला पूणीर्मा तिर्की, डा मधुरा केरकेट्टा, डा बासुदेव प्रजापति, डा मधुरा केरकेट्टा, प्रो मनोहर मांझी, प्रो अमीत कुमार रवि, डा व्यास कुमार, प्रो नितीन चेतन तिग्गा, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि कुमार यादबिंदु, मो साजिद, दीपक कुमार, बालेश्वर यादव, नंदलाल राम, हरीश नाग, एस कुजूर, शिव चन्द्र झा, विमल कुमार, भगन घासी, सुदर्शन सिंह, पुरषोत्तम चौधरी, संतोष राम, राजेश्वर सिंह, काजल, करिश्मा, संजय आदि कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों के साथ साथ सभी मीडिया बंधुओ बेरमो की उपस्थिति रही।

# राम मंदिर निर्माण सदियों की आकांक्षा हुयी सच

## राष्ट्रपति ने नये संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की जतायी उम्मीद

**बजट सत्र का आगाज**

**140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा करने की गारंटी के साथ आगे बढ़ रही है सरकार : मुर्मू**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नए संसद भवन में दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राममंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा अब सच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तेज गति से तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह पुरानी चुनौतियों को परास्त करते हुए अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए। राष्ट्रपति ने बजट सत्र से पहले दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि नए संसद भवन का निर्माण अमृत काल की शुरूआत के दौरान किया गया है और इसमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सार है। नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद जताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार, 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा करने की गारंटी के साथ आगे बढ़ रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह नया संसद भवन भारत की ध्येय-यात्रा को निरंतर ऊर्जा देता रहेगा, नई और स्वस्थ परंपराएं बनाएगा। वर्ष 2047 को देखने के लिए अनेक साथी तब इस सदन में नहीं होंगे। लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि तब की पीढ़ी हमें याद करे।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने, तीन तलाक के विरुद्ध कड़ा कानून, पड़ोसी देशों से आए पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने वाला सीएए कानून बनाने और पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति भी हुई है। राष्ट्रपति ने इस दौरान भारत की चंद्रमा पर लैंडिंग और एशियाई खेलों में प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ह्लबीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। इस दौरान भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। भारत, चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को सशक्त किया। भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक मेडल जीते। भारत, दुनिया में सबसे तेजी से 5जी रोलआउट करने वाला देश बना। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने राष्ट्र-हित में ऐसे अनेक कार्यों को पूरा होते देखा है जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राममंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी। आज यह सच हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। भारत के इतिहास में भी ऐसे अनेक पड़ाव आए हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। यह करोड़ों देशवासियों की इच्छा और आस्था का प्रश्न था, जिसका उत्तर देश ने पूरे सद्भाव के साथ खोजा है। राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने को लेकर शंकाएं थीं। आज वे इतिहास हो चुकी हैं। उन्होंने तीन दशक बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पारित होने के लिए संसद सदस्यों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हुई है। यह वीमेन लेड डवलपमेंट के सरकार के संकल्प को मजबूत करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार मजबूत स्तंभों - युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब- पर खड़ी होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि संक्रमण काल में एक मजबूत सरकार होने का क्या मतलब होता है, ये हमने देखा है। बीते 3 वर्षों से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में दरारें पड़ गई हैं। इस कठिन दौर में, मेरी सरकार ने भारत को विश्व-मित्र के रूप में स्थापित किया है। विश्व-मित्र की भूमिका के कारण ही आज हम ग्लोबल साउथ की आवाज बन पाए हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार, भारत की युवाशक्ति की शिक्षा और कौशल विकास के लिए निरंतर नए कदम उठा रही है। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई और उसे तेजी से लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा पर बल दिया गया है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून जैसे विषयों की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में प्रारंभ कर दी गई है।

### एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार, मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। यह प्रत्येक गरीब में नया विश्वास जगाने वाली बात है। जब 25 करोड़ लोगों की गरीबी दूर हो सकती है तो उसकी भी गरीबी दूर हो सकती है।

# इमरान खान और बुशरा बीबी को 14 वर्ष की सजा

**तोशाखाना मामला**

**अदालत ने दोनों को 78-78 करोड़ का जुर्माना भी लगाया कोई भी सरकारी पद ग्रहण करने पर लगाया प्रतिबंध**

एजेंसी



इस्लामाबाद। मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के लिए साल का पहला महीना भारी पड़ा। साइफर केस में फैसला आने के 24 घंटे बाद तोशाखाना मामले में भी उन्हें तगड़ा कानूनी झटका लगा। मुल्क की एक जवाबदेही अदालत ने बुधवार को उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इमरान और बुशरा पर 78-78 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और बुशरा बीबी पर 10 साल तक के लिए कोई भी सरकारी पद ग्रहण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले 30 जनवरी को इमरान और उनकी पार्टी के नेता एवं पूर्व विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी को साइफर केस में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। रावलपिंडी के स्पेशल कोर्ट के जज अबुल हसनत जुल्करनैन ने अदियाला जेल में फैसले का ऐलान किया था।

विभिन्न आरोपों का सामना कर रहे इमरान खान इस समय रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और उनकी पार्टी आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। जवाबदेही अदालत के जज मोहम्मद बशीर अदियाला जेल पहुंचे और इमरान खान के पेश होने के बाद फैसला सुनाया। बुशरा बीबी फैसले के वक्त पेश नहीं हुईं। पिछले महीने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने सऊदी क्राउन प्रिंस से प्राप्त एक आभूषण सेट को कम मूल्यांकन के बावजूद अपने पास रखने पर एक नया मामला दायर किया था। ब्यूरो ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान इमरान और उनकी पत्नी को विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी गण्यमान्य व्यक्तियों से कुल 108 उपहार मिले । इनमें से करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहारों को इमरान ने तोशाखाना से सस्ते दाम पर खरीदा। फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया।

# हुड़दंग करने वाले सांसद करें आत्मनिरीक्षण : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-नारी शक्ति के साक्षात्कार का पर्व है अंतरिम बजट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा संसद के सत्र के दौरान सदनों में हुड़दंग कर लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले सांसदों को अपने व्यवहार को लेकर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

श्री मोदी ने बजट सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि इस नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था, उसके आखिर में इस संसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था, और वो फैसला था- नारी शक्ति वंदन अधिनियम। और उसके बाद 26 जनवरी को भी हमने देखा, किस प्रकार से देश ने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के सामर्थ्य को, नारी शक्ति के शौर्य को, नारी शक्ति के संकल्प की शक्ति को अनुभव किया। आज बजट सत्र का आरंभ हो रहा है, तब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन और गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा अंतरिम बजट एक प्रकार से ये नारी शक्ति के साक्षात्कार का पर्व है।

श्री मोदी ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि गत 10 वर्ष में जिसको जो रास्ता सूझा, उस प्रकार से संसद में सबने अपना-अपना कार्य किया। लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि जिनका आदतन हुड़दंग करने का स्वभाव बन गया है, जो आदतन लोकतांत्रिक मूल्यों को चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी माननीय सांसद जब आखिरी सत्र में मिल रहे हैं, तब जरूर आत्मनिरीक्षण करेंगे कि 10 साल में उन्होंने जो किया, अपने संसदीय क्षेत्र में भी 100 लोगों को पूछ लें, किसी को याद नहीं होगा, किसी को नाम भी पता नहीं होगा, जिन्होंने इतना हुड़दंग हो-हल्ला किया होगा। लेकिन विरोध का स्वर तीखा क्यों ना हो, आलोचना तीखी से तीखी क्यों ना हो, लेकिन जिसने सदन में उत्तम विचारों से सदन को लाभान्वित किया होगा, उनको बहुत बड़ा वर्ग आज भी याद करता होगा।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी जब सदन की चर्चाएं कोई देखेगा तो उनका एक-एक शब्द इतिहास बनकर के उजागर होगा। इसलिए जिन्होंने भले ही विरोध किया होगा, लेकिन बुद्धि प्रतिभा का दर्शन कराया होगा, देश के सामान्य मानव के हितों के प्रति चिंता दिखायी होगी, हमारे खिलाफ तीखी से तीखी प्रतिक्रिया की होगी, उसके बावजूद भी मैं अवश्य मानता हूं कि देश का एक बहुत बड़ा वर्ग, लोकतंत्र प्रेमी इस व्यवहार की सराहना करते होंगे। लेकिन जिन्होंने सिर्फ और सिर्फ नकारात्मकता, हुड़दंग, शरारतपूर्ण व्यवहार किया होगा, उनको शायद ही कोई याद करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि लेकिन अब ये बजट सत्र का अवसर है, पाश्चाताप का भी अवसर है, कुछ अच्छी निशानियां छोड़ने का भी अवसर है, तो मैं ऐसे सभी माननीय सांसदों से आग्रह करूंगा कि आप इस अवसर को जाने मत दीजिए, उत्तम से उत्तम प्रदर्शन कीजिए, देशहित में उत्तम से उत्तम अपने विचारों का लाभ सदन को दें और देश को भी उत्साह और उमंग से भर दें। मुझे विश्वास है, आप तो जानते ही है कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद आपके समक्ष लेकर के आएंगे।

श्री मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि देश नित्य प्रगति की नई-नई ऊचाइयों को पार करता हुआ आगे बढ़ रहा है, सर्वस्पर्शी विकास हो रहा है, सर्वांगीण विकास हो रहा है, सर्वसमावेशक विकास हो रहा है, ये यात्रा जनता जनार्दन के आशीर्वाद से निरंतर बनी रहेगी। इसी विश्वास के साथ फिर आप सभी को मेरा राम-राम।

## उच्च न्यायालयों के सात अतिरिक्त न्यायाधीश पदोन्नत

**झारखंड हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रदीप श्रीवास्तव बने पंजाब के जज**

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कलकत्ता उच्च न्यायालय समेत चार उच्च न्यायालयों के सात अतिरिक्त न्यायाधीशों को पदोन्नत कर उन्हें स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कर उन न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित घोषणा की है। न्याय विभाग की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचनाओं के अनुसार, कलकत्ता उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति शंपा दत्त (पॉल) और न्यायमूर्ति राय चट्टोपाध्याय के अलावा इसी उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी और न्यायमूर्ति अनन्या बंद्योपाध्याय को इसी उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार केरल उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति शोबा ए. ईपेन, झारखंड उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति लापिटा बनर्जी को पदोन्नत कर स्थाई उन उच्च न्यायालयों का स्थाई न्यायाधीश बनाया गया है।

## बिहार में 12वीं की परीक्षा आज से

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा गुरुवार से शुरू होगी।परीक्षा में 13.04 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए प्रदेश में 1523 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर के मुताबिक, इस साल होने वाली 12वीं की परीक्षा में 6.77 लाख छात्र और 6.26 लाख छात्राएं शामिल होंगी।

## राज्यसभा के 11 सदस्यों का निलंबन रद्द

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र शुरू होने के साथ ही सदन में 11 सदस्यों के निलंबन को लेकर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट बुधवार को पेश की गयी जिनमें इनको दोषी बताया गया है, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए इसके निलंबन को रद्द कर दिया। सभापति ने समिति की सिफारिश के बाद नियम 202 और 266 के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए 11 सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिया और उन्हें सदन की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दे दी। सभापति ने जेबी मथेर हिशम, डॉ. एल हनुमंथैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जीसी चंद्रशेखर, विनय विश्वम, संदोष कुमार पी, मोहम्मद अब्दुल्ला, जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम का निलंबन रद्द किया है।

# बिहार में हो रहे विकास कार्यों को प्रचारित करें: नीतीश

- **10 को सदन में बहुमत सिद्ध किया जायेगा : मुख्यमंत्री**
- **हेमंत सोरेन पर चार्जेज तो बहुत पहले से है, जांच स्वाभाविक**
- **गठबंधन में मेरे कहने पर नहीं हो रहा था कोई काम**

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सरदार पटेल भवन में आधुनिकृत राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि बिहार में हो रहे काम को प्रचारित करें।

पत्रकारों बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग पूरे बिहार के विकास के लिए रात-दिन काम कर रहे हैं। आप लोगों से आग्रह है कि बिहार में हो रहे विकास कार्यों को प्रचारित-प्रसारित करिए। बिहार में सरकार में आने के बाद वर्ष 2007 से ही हम आपदा प्रबंधन को लेकर काम कर रहे हैं। पहले आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कुछ नहीं होता था। नीतीश ने कहा कि अटल जी के समय में जब हम केंद्र में कृषि मंत्री थे तब इसका अलग विभाग बना। मेरे कहने पर ही सरदार पटेल भवन में आपदा के कार्यों के लिए अलग से सबकुछ बनाया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दोनों का काम यहां से होता है। दोनों का काम देखने के लिए हम यहां आए हैं। नीतीश ने कहा कि 10 फरवरी को सदन में राज्यपाल का अभिभाषण होगा और उसी दिन बहुमत सिद्ध किया जाएगा। फिर 12 फरवरी से बजट सत्र चलेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ईडी का शिकंजा कसने के पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनपर चार्जेज तो बहुत दिन पहले से है, इसपर जांच स्वाभाविक है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कहने पर जाति आधारित गणना करवाई, इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब फालतू की बात है। हमने 9 पार्टियों की सामूहिक बैठक में यह निर्णय लिया था। वर्ष 2019 और वर्ष 2020 में हमने बिहार विधानसभा और बिहार विधान परिषद् में भी जाति आधारित गणना की बात कही थी। इसके बाद वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने गए थे। बाद में अपने स्तर पर हमने इसे करवाया। यह सबकुछ मेरा किया हुआ है, बेकार में इसका क्रेडिट कोई ले रहा है। हमने बहाली का काम भी किया है। यह सब सात निश्चय 2 में हुआ है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव कह रहे हैं कि हमारे 17 महीने की सरकार उनके 17 साल की सरकार पर भारी है, इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब बेकार की बातें हैं। पहले कितने लोगों को रोजगार मिलता था ? पहले पढ़ाई का स्तर क्या था ? वर्ष 2005 से पहले के हालात को आप लोग भूल गए। इन लोगों का राज जब था तो क्या होता था। शाम के वक्त घर से कोई निकलता था ? पहले यहां कोई विकास कार्य नहीं होता था जब हम आए तभी अच्छे और बड़े भवनों का निर्माण कार्य शुरू करवाया। लोगों को इलाज के लिए सारी व्यवस्थाएं की गईं। अच्छी सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कार्य शुरू हुआ। जब हम सांसद थे और केंद्र में मंत्री थे तब 12-12 घंटे अपने इलाके में घूमते थे लेकिन सड़कें खराब रहने के कारण पैदल चलना पड़ता था लेकिन अब यह स्थिति नहीं है। अब लोग गाड़ियों पर बैठकर सुविधापूर्वक आवागमन कर रहे हैं। हमलोगों ने गांवों में पक्की गली और नाली का निर्माण करवाया। सब काम मेरा करवाया हुआ है। कुछ लोगों को केवल पब्लिसिटी चाहिए। पहले कहीं कोई बहाली होती थी। आईएनडीआई गठबंधन से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर कहा कि हम तो नाम भी कुछ दूसरा कह रहे थे लेकिन मेरी बात नहीं मानी गई। वे लोग अपने मन से नाम रख दिए। गठबंधन में मेरे कहने पर कोई काम नहीं हो रहा था। सीएम ने कहा कि आप लोगों को उसकी हालत पता ही है। आज तक उस गठबंधन में सीटों को लेकर फैसला नहीं हो पाया। कौन कहां से चुनाव लड़ेगा इन सब पर कोई चर्चा नहीं।

## उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव होंगी राधा रतूड़ी



**देहरादून।** उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव राधा रतूड़ी होंगी। धामी सरकार ने उन्हें मुख्य सचिव बनाकर मातृ शक्ति को बड़ा सम्मान दिया है। सचिव शैलेश बगोली ने नए मुख्य सचिव को लेकर आदेश जारी किया है। मौजूदा मुख्य सचिव एसएस संधू की सेवाएं बुधवार को समाप्त हुई। धामी सरकार ने 1988 बैच की आईएएस अधिकारी और वर्तमान में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाने पर मुहर लगाई है। राज्य के सर्वोच्च प्रशासनिक पद पर अलग राज्य बनने के बाद आसीन होने वाली पहली महिला आईएएस अधिकारी होंगी।

## एक नजर में

### मेक्सिको में दो वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग, 20 लोगों की मौत और 16 घायल



**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सिनालोआ राज्य के राजमार्ग 15डी पर मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे डबल डेकर बस और ट्रैक्टर ट्रेलर की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 16 अन्य घायल हो गए। मेक्सिको न्यूज डेली के अनुसार, यह हादसा राजमार्ग 15डी पर माजातलान और कुलियाकैन के मध्य एलोटा नगर पालिका क्षेत्र के बोस्कोसो के पास हुआ। डबल डेकर बस नॉर्टे डी सिनालोआ कंपनी की है। बस ग्वाडलाजारा के जलिस्को से लॉस मोचिस (सिनालोआ) जा रही थी। दोनों वाहन देखते ही देखते जलकर राख हो गए। मरने वालों में सर्वाधिक लोग समुद्र तटीय शहर लॉस मोचिस के बताए गए हैं। बस में 37 यात्री सवार थे। दोपहर तक मृतकों के नाम जारी नहीं किए गए। नेशनल गार्ड और अन्य सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। राज्य अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। सिनालोआ के गवर्नर रूबेन रोचा मोया ने एक्स हैंडल पर दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### पाक : पीटीआई की रैली में विस्फोट, चार की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के सिबी में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की चुनाव रैली के दौरान हुए बम विस्फोट में चार लोग मारे गए जबकि छह घायल हो गए। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। प्रमुख समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह बम विस्फोट मंगलवार को हुआ। सिबी में जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बाबर ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। यह घटना आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से ठीक नौ दिन पहले हुई। सिबी के एसएचओ जकाउल्लाह गुज्जर के अनुसार, घायलों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। अधिकतर की हालत गंभीर है। इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। पीटीआई ने कहा है कि बम विस्फोट पार्टी समर्थित उम्मीदवार सद्दाम तरीन की चुनावी रैली में हुआ। तरीन एनए-253 (जियारत) निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार हैं। मृतकों में तीन कार्यकर्ता शामिल हैं।

### उडी में खाई में गिरा वाहन, सात की मौत

**बारामूला।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उडी इलाके में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से सात यात्रियों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर बुजथलन ततमुल्ला उडी में एक वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर होने के बाद सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बर्फबारी के कारण सड़क फिसलन भरी हो गई है। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए जीएमसी बारामूला ले जाया गया है।

### भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन 01 से 03 फरवरी तक सिद्धार्थनगर के सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर में किया गया है। इस महोत्सव से लगभग 1000 कलाकारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके आयोजन के लिए संस्कृति विभाग ने 01 करोड़ 59 लाख 96 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृति की है। मंत्री जयवीर सिंह ने एक बयान में कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2023 प्रदेश के भारत-नेपाल सीमावर्ती जिलों में आयोजित किया जाएगा। सीमावर्ती 08 जिलों में महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए संस्कृति विभाग की ओर से तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। जिला प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं से विचार-विमर्श के बाद कार्यक्रम की तिथियों में परिवर्तन की अनुमति दी जा सकती है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार 05-06 फरवरी को जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज महराजगंज, 08 फरवरी को बुद्ध पीजी महाविद्यालय कुशीनगर तथा 10-11 फरवरी को राजकीय एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने रेस्टोरेंट खोला है। सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री के बिजनेस में कदम रखा है। सनी लियोनी ने अपना खुद का रेस्टोरेंट शुरू किया है, जिसकी ओपनिंग राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में की गयी है। इसको लेकर सनी लियोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो और फोटोज भी शेयर की हैं। सनी लियोनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। सनी लियोनी ने बताया कि वह एक्टिंग और फिल्मों के साथ बिजनेस में कदम बढ़ा रही हैं। रेस्टोरेंट के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।


VERMA PRESS वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# मेडटेक मित्र: भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे

**विनोद के पॉल**




केंद्र सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना हैक

नए मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिदेर्शों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है।

इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है; और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है।

ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है।

केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की।

आईसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आईसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल चालू किया गया है। इसपर एक आवेदक इनोवेटर/स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आईसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है।

प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जाएगी।

भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं।

इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दशार्ता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं।

मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है।

भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80% आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा।

सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गई है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गई। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआईपी) भी हाल ही में शुरू की गई है ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके।

मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे।

मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

**लेखक नीति आयोग के सदस्य हैं।**

## भारत ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल फोन के पार्ट्स पर आयात शुल्क में कटौती की



**मोबाइल** फोन कंपोनेंट पर शुल्क में कटौती संसद में अंतरिम बजट 2024 की घोषणा से ठीक पहले की गई है।

वित्त मंत्रालय ने निर्यात बढ़ाने के लिए मोबाइल फोन के पार्ट्स पर आयात शुल्क 15% से घटाकर 10% का फैसला किया है।

कम किया गया आयात शुल्क विभिन्न मोबाइल फोन कंपोनेंट जैसे बैटरी कवर, मुख्य लेंस, ऋरट एंटेना, सिम सॉकेट, स्क्रू, बैक कवर और अन्य प्लास्टिक और मेटल पार्ट पर लागू होता है।

मोबाइल फोन कंपोनेंट पर शुल्क में कटौती संसद में अंतरिम बजट 2024 की घोषणा से ठीक पहले की गई है। कई कंपनियों ने भारत में मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग लागत कम करने, इसे चीन और वियतनाम जैसे देशों के साथ अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए इन कटौती का अनुरोध किया था।

जैसा कि इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने कहा है, भारत में कैमरा मॉड्यूल और चार्जर जैसे मोबाइल फोन कंपोनेंट पर आयात शुल्क 2.5% से 20% तक है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (कउ-एअ) के अनुसार, चीन, वियतनाम, मैक्सिको और थाईलैंड जैसे छह समान मैन्युफैक्चरिंग देशों की तुलना में, भारत सबसे अधिक कर लगाता है। यदि ये कर कम नहीं किए गए तो इससे भारत से मोबाइल फोन निर्यात की वृद्धि में बाधा आ सकती है।

भारत का मोबाइल फोन निर्यात लगातार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में ये पिछले साल से दोगुना होकर 11.1 अरब डॉलर हो गया। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट बताती है कि उद्योग को 2023-24 में निर्यात 15 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, अगस्त तक निर्यात पहले ही 5.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

भारत में मोबाइल फोन निर्यातकों में एप्पल के साथ दक्षिण कोरिया का सैमसंग और चीन का ॅङ्के शामिल हैं। अस्त्रस्त्रह्ली वर्तमान में भारत में ॅढँङ्कल्ली२ असेंबल करता है और जल्द ही चीन से हटकर ॅढीं और अ१ढङ्क्वि२ को शामिल करने के लिए उत्पादन का विस्तार कर सकता है।

साइबरमीडिया रिसर्च में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम, मोबाइल फोन पार्ट्स पर भारत सरकार के टैरिफ कटौती को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखते हैं जो घरेलू उत्पादन बढ़ा सकता है और भारत के निर्यात में सुधार कर सकता है।

## आर्थिक सुधार की चुनौतियां

**आर्थिक सुधारों से मजबूत हुई अर्थव्यवस्था, लेकिन चुनौतियां भी**

**कई लोगों का मानना है कि आगामी वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी।**

आर्थिक मामलों के विभाग ने सोमवार को बीते एक दशक में देश के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की। यह हर वर्ष आने वाली आर्थिक समीक्षा नहीं है। उसे तो लोक सभा चुनाव के बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट के पहले प्रस्तुत किया जाएगा। अर्थव्यवस्था की समीक्षा में उन सुधारों को प्रमुखता से पेश किया गया है जो मोदी सरकार ने क्रियान्वित किए हैं।

समीक्षा में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। कई लोगों का मानना है कि आगामी वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह सही है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अपेक्षा से बेहतर रही है।

अपेक्षाकृत प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत का इस दर से वृद्धि हासिल करना सराहनीय है। सरकार ने बीते एक दशक में कई सुधारों को अंजाम दिया है और महामारी से उबरने की प्रक्रिया में भी देश का प्रदर्शन अनुमान से बेहतर रहा है। बहरहाल, अभी भी ऐसी चुनौतियां हैं जो मध्यम से दीर्घ अवधि में संभावित वृद्धि पर असर डाल सकती हैं।

सर्वाधिक उल्लेखनीय सुधारों की बात करें तो सरकार ने ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता, 2016 पारित की। सरकारी बैंकों के विलय और उनके पुनर्पूंजीकरण के अलावा उसने दोहरी बैलेंस शीट की समस्या हल करने में भी मदद की। इसके परिणामस्वरूप देश का बैंकिंग क्षेत्र इस समय एक दशक में सबसे अधिक अनुकूल परिस्थितियों में है।

बेहतर कॉर्पोरेट और बैंक बैलेंस शीट की मदद से न केवल वृहद आर्थिक जोखिम कम हुए हैं बल्कि निजी निवेश को भी मदद मिलेगी। बीते एक दशक में आकार दिया गया एक अन्य उल्लेखनीय सुधार है वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)। वर्षों तक अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करने के बाद कर व्यवस्था में स्थिरता के संकेत नजर आ रहे हैं और राजस्व में इजाफा हो रहा है।

अब सरकार को दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाने पर ध्यान देना चाहिए ताकि प्रदर्शन में और सुधार हो सके। सरकार ने कई अन्य पहल भी की, मसलन अचल संपत्ति (नियमन एवं विकास) अधिनियम, छोटे मोटे आर्थिक अपराधों की आपराधिकता समाप्त करना, विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रक्रिया को उदार बनाना और मुद्रास्फीति के लचीले लक्ष्य अपनाना आदि।

इनमें से कुछ सुधार मध्यम से लंबी अवधि में वृद्धि को समर्थन देंगे। बहरहाल कम से कम दो ऐसे मुद्दे हैं जिन पर तत्काल नीतिगत ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार ने महामारी के बाद वृद्धि को सहायता देने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाने का विकल्प चुना जिससे राजकोषीय समेकन की प्रक्रिया धीमी हुई। अनुमान के मुताबिक इसके परिणामस्वरूप ही इस वर्ष देश का सार्वजनिक ऋण बढ़ सकता है।

आंशिक तौर पर इसके लिए कम नॉमिनल वृद्धि भी वजह होगी। सकल घरेलू उत्पाद के 80 फीसदी से अधिक का सार्वजनिक ऋण भारत जैसे देश में हमेशा वृहद आर्थिक स्थिति को मुश्किल में डाल सकता है। उच्च ऋण और ब्याज भुगतान सरकारी व्यय को भी प्रभावित कर रहे हैं। इस समाचार पत्र के एक विश्लेषण के मुताबिक हाल के वर्षों में ब्याज भुगतान में इजाफे के साथ स्वास्थ्य और शिक्षा पर व्यय अपेक्षाकृत कम हुआ है। ऐसे में सरकार को राजकोषीय घाटा तेजी से कम करने की जरूरत है ताकि सार्वजनिक ऋण को कम किया जा सके।

# जीडीपी में डायरेक्ट टैक्स की हिस्सेदारी बनाएगी नया रिकॉर्ड



**इक्रा** ने अनुमान लगाया है कि तेज प्रत्यक्ष कर संग्रह और जीएसटी प्राप्तियों से केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी और सीमा शुल्क संग्रह की सुस्ती की भरपाई हो जाएगी।

प्रत्यक्ष कर और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात चालू वित्त वर्ष के दौरान इस सदी के उच्च स्तर पर रह सकता है। इसके साथ वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में तेज वृद्धि के कारण जीडीपी के अनुपात में केंद्रीय करों से प्राप्तियां सर्वोच्च स्तर पर या 2008-09 के उच्च स्तर के नजदीक पहुंच सकती हैं, भले ही उत्पाद और सीमा शुल्क से प्राप्तियां कम रही हैं।

यह 1 फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 24 के संशोधित अनुमान में नजर आएगा।

टैक्स कलेक्शन अधिक रहने और 2023-24 के पहले अग्रिम अनुमान में अनुमानित कम नॉमिनल ऋऊढ के कारण ऐसा होने की संभावना है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने अनुमान लगाया है कि प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान (बीई) से 1 लाख करोड़ रुपये अधिक हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो संशोधित अनुमान में प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.23 लाख करोड़ रुपये होगा। पहले अग्रिम अनुमान में नॉमिनल ऋऊढ 296.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है। ऐसे में वित्त वर्ष 24 के संशोधित अनुमान में प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात बढ़कर 6.48 प्रतिशत होगा। यह 2000-01 से अब तक का शीर्ष स्तर होगा। बजट अनुमान में अनुपात 6.04 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

प्रत्यक्ष कर में तेजी बढ़कर 1.99 रहने की संभावना है, जो वित्त वर्ष 24 के बजट अनुमान 1.3 और 2022-23 के वास्तविक 1.18 की तुलना में ज्यादा है। बहरहाल प्रत्यक्ष कर में तेजी 2021-22 में 2.52 के उच्च स्तर पर थी। इसके अलावा प्रत्यक्ष कर में तेजी 2000-01 में 3.32, 2002-03 में 2.59, अगले साल 2.19, 2006-07 में 2.42 और 2007-08 में 2.27 थी।

कर में तेजी का मापन जीडीपी के विस्तार के परिणामस्वरूप कर वृद्धि में बदलाव के हिसाब से किया जाता है। अगर तेजी 1 से ज्यादा होती है तो इसका मतलब है कि जीडीपी की वृद्धि दर के कारण प्राप्तियों में अधिक बढ़ोतरी हुई है।

मौजूदा मूल्य पर आधिकारिक रूप से जीडीपी में 8.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि बजट पेश किए जाते समय 10.5 प्रतिशत की वृद्धि की कल्पना की गई थी। पहले अग्रिम अनुमानों में नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 24 के बजट अनुमान 301.75 लाख करोड़ रुपये से 5.17 लाख करोड़ रुपये कम रहने का अनुमान लगाया गया है।

बहरहाल इससे तेज कर संग्रह पर लगाम लगने की संभावना नहीं है। इसके अलावा प्रत्यक्ष कर संग्रह, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से प्राप्तियां अप्रैल दिसंबर के दौरान 6.26 लाख करोड़ रुपये रही हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 8.13 लाख करोड़ रुपये का 77 प्रतिशत है। बहरहाल सीमा शुल्क में महज 0.26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह वित्त वर्ष 24 में नवंबर तक 1.42 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह बजट अनुमान की 9.25 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में काफी कम है।

वहीं दूसरी तरफ चालू वित्त वर्ष के पहले 8 महीनों में केंद्रीय उत्पाद शुल्क संग्रह 7.88 प्रतिशत गिरकर 1.76 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें वित्त वर्ष 24 के बजट में 6.26 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया था।

इक्रा ने अनुमान लगाया है कि तेज प्रत्यक्ष कर संग्रह और जीएसटी प्राप्तियों से केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी और सीमा शुल्क संग्रह की सुस्ती की भरपाई हो जाएगी। इक्रा की गणना के मुताबिक इन मदों से बजट अनुमान की तुलना में 60,000 करोड़ रुपये ज्यादा आएंगे। अगर ऐसा होता है तो कर प्राप्तियां संशोधित अनुमान के मुताबिक 34.21 लाख करोड़ रुपये रहेंगी, जो बजट अनुमान में 33.61 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना जताई गई थी।

इस साल कर जीडीपी अनुपात 11.53 प्रतिशत रहेगा। यह 2021-22 के 11.54 प्रतिशत के करीब है, जो कोविड-19 का दूसरा साल था। ज्यादा कर संग्रह से कर जीडीपी अनुपात 2023-24 में 2008-09 के बाद के शीर्ष स्तर पर होगा। वित्त वर्ष 24 के लिए बजट अनुमान में कर ऋऊढ अनुपात 11.15 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

## दीर्घकालिक वृद्धि पर असर और सुधार की बहस

**राष्ट्रीय** सांख्यिकी कार्यालय के पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है जबकि वर्ष 2022-23 में इसने 7.2 फीसदी की दर से वृद्धि हासिल की थी। अभी कुछ तिमाही पहले तक अर्थव्यवस्था अधिकांश विश्लेषकों के अनुमान से तेज गति से बढ़ रही थी।

बहरहाल, संभव है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में जो गति नजर आ रही है वह समाज के बड़े तबके को लाभ नहीं पहुंचा रही है। महामारी के बाद आर्थिक सुधार की प्रकृति को लेकर काफी बहस हुई है। एक नजरिया यह है कि इस सुधार ने आबादी के उस तबके की बेहतरी में अधिक योगदान किया है जो पहले से अच्छी स्थिति में है। आंशिक तौर पर ऐसा उसके औपचारिक स्वरूप के कारण हुआ। चाहे जो भी हो अगर महामारी के बाद सुधार की बहस को एक तरफ कर दिया जाए तो भी भारतीय श्रम बाजार का ढांचा और अधिक नीतिगत तवज्जो का अधिकारी है। आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा ग्रामीण इलाकों में रहता है और वहां रोजगार के हालात समग्र मांग पर बहुत बड़ा असर डाल सकते हैं।

वर्ष 2004-05 से 2008-09 के बीच कमजोर प्रदर्शन के बाद, 2009-10 और 2013-14 के बीच ग्रामीण इलाकों में वास्तविक कृषि एवं गैर कृषि मेहनताने में सालाना क्रमशः 8.6 फीसदी और 6.9 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हुई। अगले पांच वर्ष के दौरान वृद्धि दर में गिरावट आई और यह करीब तीन फीसदी रह गई।

बहरहाल, गत पांच वर्षों में यानी 2019-20 से 2023-24 की अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के वास्तविक मेहनताने में वार्षिक वृद्धि दर नकारात्मक रही है। ऐसा कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों में हुआ है। वास्तविक मेहनताने में कमी का असर आबादी के इस हिस्से की मांग पर भी पड़ेगा।

रुझान बताते हैं कि 2009-10 से 2013-14 के अलावा ग्रामीण मेहनताने में इजाफा काफी कमजोर रहा है। यह बात व्यापक ढांचागत दिक्कतों की ओर ध्यान दिलाती है। देश की बहुत बड़ी आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि कामगारों की तादाद में लगातार कमी आने का सिलसिला कोविड-19 महामारी के दौरान थम गया था। मामूली सुधार के बाद 2022-23 में 45.8 फीसदी श्रम शक्ति अभी भी कृषि कार्यों में लगी हुई है।

यह ध्यान देने वाली बात है कि चालू वर्ष में देश के सकल मूल्यवर्धन में कृषि क्षेत्र का योगदान 14 फीसदी से कुछ अधिक होने का अनुमान है।